www.navpradesh.com

दैनिक **नवप्रदेश**

आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | अभिव्यक्ति 4 | छत्तीसगढ़ 6 | आंचलिक 7 | देश-विदेश

RNI NO.CHHHIN/2012/41806 रायपुर, गुरुवार 30 जून 2022, शुक्ल पक्ष पूर्णिमा, विक्रम संवत-2078 वर्ष-11 अंक-128 पृष्ठ-08 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

//-- सुविचार --//

प्रार्थना ऐसे करो जैसे सब कुछ भगवान पर निर्भर करता है और प्रयास ऐसे करो जैसे सब कुछ आप पर निर्भर करता है।

आज बेबाक

झुकती है दुनिया झुकाने वाला चाहिए... यह संवाद अब बासी पड़ गया है। इसकी जगह पुष्पा का फिल्मी डायलॉग- मैं झुकेगा नहीं साला... का जादू लोगों के सिर पर चढ़कर बोल रहा है। राजनीतिज्ञों ने भी अब गैंगस्टर की जुबान बोलना शुरू कर दिया है। महाराष्ट्र में अल्पमत में आ चुकी महाअघाड़ी सरकार के मुखिया उद्धव ठाकरे अभी भी बागियों के सामने गिड़गिड़ा रहे है- मान जाइए, मान जाइए बात मेरे दिल की जान जाइए...। वहीं उनके पितह:सालार संजय राउत बागियों को धमकाते हुए यह डायलॉग मार रहे है- मैं झुकेगा नहीं। अच्छा है। मत झुको। फ्लोर पर फिसलो।

सूर्योदय

उदय : 5.26 प्रात:

अस्त : 7.24 संध्या

जनसंख्या

विश्व : 7,957,191,600

भारत: 1,407,539,618

बाजार

सेंसेक्स : 53026.97

निफ्टी: 15799.10

गोल्ड : 51,000 प्रति 10 ग्राम

चांदी : 59,400 प्रति किग्रा

अण्डा दर: 5.51 प्रति नग

प्रदेश का मौसम

स्थान	अधिकतम	न्यूनतम
रायपुर	36.0	27.0
बिलासपुर	35.2	28.0
जगदलपुर	30.8	23.3
अंबिकापुर	32.2	24.0

आज का दिवस

सोशल मीडिया डे

सोशल मीडिया डे हर साल 30 जून को मनाया जाता है। आज के समय में बहुत कम ऐसे लोग हैं जो सोशल मीडिया पर एक्टिव नहीं हैं। बता दें कि इस दिन की शुरुआत दुनियाभर में 30 जून 2010 को हुई थी। तब से इस दिन को विश्व सोशल मीडिया दिवस के रूप में मनाया जाने लगा। अब सवाल ये है कि इस दिन की शुरुआत क्यों की गई? बता दें कि उस समय सोशल मीडिया का प्रभाव लोगों पर ज्यादा नहीं था। ऐसे में पूरे विश्व में इसके प्रभाव और वैश्विक संचार में इसकी भूमिका को हाइलाइट करने के लिए विश्व में सोशल मीडिया दिवस मनाया जाने लगा। दुनियाभर में सबसे पहले पहला सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म सिक्सडिग्री लॉन्च किया गया था, जो कि 1997 में किया गया था। इस प्लेटफॉर्म की स्थापना एंड्रयू वेनरिच द्वारा की गई थी. वहीं साल 2001 में इसके दस लाख से अधिक यूजर्स थे उसके बावजूद भी इसे बंद कर दिया गया।

तोहफों का पिटारा : भरतपुर-सोनहत को दी 188 करोड़ के कार्यों की सौगात

■ **सीएम भूपेश ने 43 विकास कार्यों का किया लोकार्पण एवं शिलान्यास**

यशवंत राजवाड़े

बैकुंठपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा बुधवार को बैकुंठपुर रेस्ट हाउस में भरतपुर-सोनहत विधानसभा क्षेत्र के कुल 188 करोड़ 75 लाख रुपए की लागत के 43 कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया गया, जिनमें 29 करोड़ 28 लाख रुपए लागत के 10 कार्यों का भूमिपूजन तथा 159 करोड़ 47 लाख रुपए लागत के 33 कार्यों का लोकार्पण किया गया। इस दौरान प्रदेश के गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, कोरबा सांसद ज्योत्सना चरणदास महंत, संसदीय सचिव अम्बिका सिंहदेव एवं विधायक गुलाब कमरो उपस्थित थे। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

लोकार्पण के प्रमुख कार्य

इसी तरह लोकार्पण में मुख्य रूप से शामिल सिंचाई हेतु सौर सुजला योजनान्तर्गत 1297 नग सोलर पंप की स्थापना जिसकी लागत राशि 36 करोड़ 05 लाख रुपये है। जल जीवन मिशन योजनान्तर्गत पेजयल व्यवस्था हेतु 81 नग सोलर ड्यूल पंप की स्थापना 12 करोड़ 37 लाख रुपए लागत राशि, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना तहत भरतपुर से डोम्हरा 23.05 किमी सड़क निर्माण 17 करोड़ 34 लाख रुपए, पेन्ड्री से महाई से लोहारी 16.60 किमी का निर्माण 12 करोड़ 24 लाख रुपए लागत राशि से, पीएमजीएसवाई टी-03 7 किमी पिपरिया सड़क से नागपुर रेलवे स्टेशन व्हाया सिरियाखोह- चिरईपानी 18.30 किमी का निर्माण 14 करोड़ 08 लाख रुपए लागत राशि से तथा केल्हारी में नवीन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन का निर्माण कार्य 2 करोड़ 37 लाख रुपए लागत राशि से शामिल है।

उदयपुर हत्याकांड पर राजसमंद में तनाव

पुलिस और प्रदर्शनकारी भिड़े, पुलिसकर्मी गंभीर

उदयपुर (ए.)। उदयपुर में हुए हत्याकांड के बाद राजसमंद में हालात तनावपूर्ण हो गए हैं. यहां भीम कस्बे में पुलिस और प्रदर्शनकारी आपस में भिड़ गए. इस घटना में पुलिसकर्मी की हालत गंभीर है. उन्हें पहले ब्यावर और फिर ब्यावर से अजमेर रेफर किया गया है. कस्बे में भारी पुलिस बल की तैनाती की गई है.

पुलिसकर्मी को अजमेर के जेएलएन अस्पताल में भर्ती किया गया है. अस्पताल के बाहर भारी तादाद में पुलिस बल तैनात है. दरअसल, प्रदर्शनकारी उदयपुर में हुई कन्हैयालाल की हत्या के विरोध में प्रदर्शन कर रहे थे. इस दौरान ही पुलिस ने की प्रदर्शनकारियों को रोकने की कोशिश की ■ शेष पृष्ठ 6 पर

उदयपुर घटना की जांच अब एनआईए करेगी-गहलोत

जयपुर (वार्ता)। राजस्थान के उदयपुर में कन्हैयालाल हत्याकांड की जांच अब राष्ट्रीय अनुसंधान एजेंसी (एनआईए) करेगी। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा आज यहां उदयपुर की घटना पर ली गई उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में यह फैसला किया गया।

श्री गहलोत ने इस बारे में सोशल मीडिया पर बताया कि उदयपुर की घटना पर आज उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि प्रारम्भिक जांच में सामने ■ शेष पृष्ठ 6 पर

कट्टरपंथियों की क्रूरता झेल कन्हैया विदा गम और गुस्से के बीच अंतिम संस्कार

उदयपुर। उदयपुर में कट्टरपंथियों की क्रूरता झेल दुनिया छोड़ चुके कन्हैयालाल का शरीर भी पंचतत्व में विलीन हो गया है। गम और गुस्से जाहिर करते हुए उमड़े लोगों ने नम आंखों के साथ कन्हैयालाल को अंतिम विदाई दी। अशोक नगर स्थित श्मशान घाट पर कन्हैया का अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरा लोग कन्हैया अमर रहें, हत्यारों को फांसी दो जैसे नारे लगाते रहे। कन्हैया के बड़े बेटे ने पिता को मुखाग्नि दी। उदयपुर के सात थाना क्षेत्रों में कर्फ्यू के बावजूद कन्हैया की अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में लोग उमड़े। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

उपराष्ट्रपति चुनाव का भी बजा बिगुल

6 अगस्त को होगा मतदान चुनाव आयोग का ऐलान

नई दिल्ली (ए.)। राष्ट्रपति चुनाव के बाद अब उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए भी बिगुल बज चुका है। चुनाव आयोग ने बुधवार को उपराष्ट्रपति चुवाव के लिए तारीखों का ऐलान कर दिया है। उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए 6 अगस्त 2022 को वोट डाले जाएंगे और उसी दिन परिणाम भी आ जाएंगे। मौजूदा उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू का कार्यकाल 11 अगस्त को खत्म हो रहा है।

उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए 5 जुलाई को नोटिफिकेशन जारी किया जाएगा। वहीं, नॉमिनेशन की आखिरी तारीख 19 जुलाई 2022 होगी। इसके बाद 20 जुलाई को उम्मीदवारों की स्क्रूटनी की जाएगी। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

कैसे होता है उपराष्ट्रपति का चुनाव?

राष्ट्रपति चुनाव में संसद के दोनों सदनों के सदस्य हिस्सा लेते हैं। इस चुनाव मनोनीत सांसद भी अपना वोट डाल सकते हैं। इस तरह से देखें तो इस चुनाव में राज्यसभा के चुने हुए 233 सदस्य और 12 मनोनीत सदस्यों के अलावा लोकसभा के 543 चुने हुए सदस्य और दो मनोनीत सदस्य वोट करते हैं। हालांकि, राष्ट्रपति चुनाव में ऐसा नहीं होता है। उसमें दोनों सदन के सदस्य के साथ-साथ विधायक भी वोट करते हैं।

पीएम मोदी बेंगलुरु में बॉश इंडिया के सबसे बड़े परिसर का करेंगे उद्घाटन

बेंगलुरु (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को अदुगोडी में यूरोप के बाहर बॉश इंडिया के दूसरे सबसे बड़े वैश्विक स्मार्ट परिसर का औपचारिक रूप से उद्घाटन करेंगे। भारत में यह जर्मन कंपनी 1922 में कोलकाता में शुरू हुई थी, जिसने 100 साल पूरा कर लिया है।

इस सप्ताह जर्मनी से लौटे प्रधानमंत्री इस परिसर का वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से उद्घाटन

करेंगे। सूत्रों ने कहा कि इस दौरान कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई कंपनी के प्रबंध निदेशक सौमित्र भट्टाचार्य और कंपनी के बोर्ड प्रबंधन के सदस्य फिलिज अल्ब्रेक्ट के साथ कार्यक्रम स्थल पर पहुंच सकते हैं।

बॉश इंडिया का अदुगोडी परिसर यूरोप के बाहर 75 एकड़ की जमीन पर सबसे बड़ा परिसर है, जहां कंपनी ने दुनिया में सबसे स्मार्ट परिसर बनाने के लिए करीब 800 करोड़ रुपये का निवेश किया है। कंपनी ने भारत में अपने 100 वर्षों के ■ शेष पृष्ठ 6 पर

बीजापुर में नक्सलियों ने की सरपंच की हत्या

बीजापुर, (वार्ता)। छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में नक्सलियों ने पुलिस मुखबिरी के आरोप में एक सरपंच की हत्या कर दी।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि माओवादियों ने तोयनार थाना क्षेत्र के मोरमेड गांव के सरपंच पतिराम कुडियम की कल हत्या कर दी है। धारदार हथियार से गला रेत कर सरपंच को मारा गया है। शव को गांव के पास ही फेंक दिया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मामले की तस्दीक कर रही है।

मुकेश अंबानी का सुरक्षा विवाद: सुप्रीम कोर्ट ने लगाई त्रिपुरा हाईकोर्ट के फैसले पर रोक

नयी दिल्ली (वार्ता)। उच्चतम न्यायालय ने रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) के अध्यक्ष मुकेश अंबानी और उनके परिवार को केंद्र सरकार की ओर से दी जा रही सुरक्षा से संबंधित विवरण मांगने के मामले में त्रिपुरा उच्च न्यायालय के फैसले को अगले आदेश तक बुधवार को रोक लगा दी।

न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति जे. बी. पारदीवाला की

अवकाशकालीन पीठ ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद रोक संबंधी यह आदेश पारित किया।पीठ ने सोमवार को सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता के 'विशेष उल्लेख' पर उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली केंद्र की याचिका पर शीघ्र सुनवाई के लिए सहमति व्यक्त की थी।शीर्ष अदालत ने श्री अंबानी की सुरक्षा पर सवाल उठाने वाली एक जनहित याचिका पर त्रिपुरा उच्च न्यायालय की ओर से जारी एक आदेश के खिलाफ शीघ्र सुनवाई करने की गुहार स्वीकार की थी।

अग्निवीर बीजेपी के लोग, उन्हें मैं क्यों नौकरी दूं

केंद्र की चिट्ठी पर ममता का जवाब

कोलकाता (ए.)। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने एक बार फिर अग्निपथ योजना पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने अग्निवीरों को भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता बताया है। साथ ही उन्हें नौकरी में प्राथमिकता देने से इनकार किया है। उन्होंने केंद्र की तरफसे मिले एक पत्र के जवाब में यह प्रतिक्रिया दी है। इससे पहले भी सीएम बनर्जी भाजपा पर अग्निपथ योजना के जरिए सशस्त्र कैडर तैयार करने के आरोप लगा चुकी हैं।

मंगलवार को एक कार्यक्रम

के दौरान सीएम बनर्जी ने कहा, 'मुझे एक पत्र मिला है (केंद्र की तरफ से) जिसमें उन्होंने राज्य सरकार से अग्निवीरों को 4 साल के बाद नौकरी देने की अपील की है। वे चाहते हैं कि मैं भाजपा कार्यकर्ताओं को नौकरी दूं... हमें ऐसा क्यों करना चाहिए?... पहली प्राथमिकता प्रदेश के युवाओं को दी जाएगी।'

अग्निपथ योजना को बताया था कचरे का डिब्बा: पहले भी सीएम बनर्जी ने अग्निपथ योजना को लेकर भाजपा पर निशाना साधा था। केंद्र के पत्र को लेकर उन्होंने कहा था, 'सशस्त्र बलों के एक कर्नल ने हाल ही में ■ शेष पृष्ठ 6 पर

अंबिकापुर के एनएच-130 पर कार व ट्रक में भिड़ंत

भिलाई निवासी कारोबारी 2 भाइयों की मौत, 3 की हालत गंभीर

अंबिकापुर/भिलाई। नेशनल हाईवे-130 में बुधवार सुबह एक भीषण सड़क हादसे में 2 लोगों की मौत हो गई। हादसा अंबिकापुर-बिलासपुर मुख्य मार्ग पर तारा बेरियर के पास हुआ है। तेज स्वीफ्ट कार सामने से आ रहे ट्रक से जा टकराई। दो युवकों की मौके पर मौत हो गई। वहीं 3 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को अंबिकापुर जीवन ज्योति अस्पताल में दाखिल कराया गया है। हादसे में कार के परखच्चे उड़ गए। मृतक दुर्ग जिले के भिलाई निवासी हैं।

मिली जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश के गोरखपुर से स्वीफ्ट कार क्रमांक सीजी 07 सीडी 4282 में सवार होकर 5 युवक मंगलवार की शाम भिलाई के लिए रवाना हुए थे। सुबह करीब 5.45 बजे तेज रफ्तार कार बिलासपुर की ओर से आ रही ट्रक क्रमांक यूपी 62 बीजी 0007 से सीधे जा टकराई। हादसा राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित तारा बेरियर से 200 मीटर पहले हुआ। हादसे में कार सवार हरेंद्र यादव और सभापति यादव की मौके पर मौत हो गई। वहीं कार में सवार बिरेंद यादव, राकेश यादव और राजेंद्र यादव गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों मृतक भिलाई के एक बार के संचालक बताए जा रहे हैं।

सभी घायल अंबिकापुर के अस्पताल में भर्ती : घटना की सूचना मिलने पर तारा चौकी से पुलिस टीम मौके पर पहुंची और कार में फंसे ■ शेष पृष्ठ 6 पर

यूपी-बिहार में आकाशीय बिजली गिरने से 27 लोगों की मौत

■ **16 राज्यों में बारिश का अलर्ट**

नई दिल्ली। भीषण गर्मी और उमस के बाद बीते दिन से कुछ राज्यों में बारिश होने से लोगों को राहत मिली है। उत्तर प्रदेश और बिहार में बारिश के साथ वज्रपात से दर्जनों लोगों की मौत हो गई है और कई लोग घालय हो गए। दोनों राज्यों में अलग अलग घटनाओं में 27 लोगों की जान चली गई। मौसम विभाग ने बिहार और यूपी सहित आसपास के इलाकों में आंधी गरज, वज्रपात के साथ भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। इसके अलावा अगले 24 घंटों के लिए देश की राजधानी दिल्ली, राजस्थान, गुजरात, मध्यप्रदेश, चंडीगढ़ सहित 16 राज्यों में बारिश का अलर्ट जारी किया है।

बिहार में वज्रपात से 16 की मौत: बिहार में मौसम कहर से करीब डेढ दर्जन लोगों की मौत हो गई। राज्य के सात जिलों में वज्रपात की वजह 16 लोगों की जान चली ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरम

उद्धव ठाकरे ने किया इस्तीफे का ऐलान, विधान परिषद भी छोड़ी, बोले- फ्लोर टेस्ट से मतलब नहीं

मुंबई। सुप्रीम कोर्ट से फ्लोर टेस्ट का रास्ता साफ होने के बाद महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने फेसबुक लाइव करके कुर्सी छोड़ने का ऐलान कर दिया। उन्होंने विधान परिषद से भी इस्तीफा देने की घोषणा कर दी। वह कल विधानसभा में होने वाले फ्लोर टेस्ट में नहीं जाएंगे। उन्होंने कहा कि मैं नहीं चाहता कि कल शिवसैनिकों का खून बहे और वे सड़क पर उतरें। इसलिए मैं कुर्सी छोड़ रहा हूं।

उद्धव ने बागियों को दिया भावुक संदेश: उन्होंने इस फेसबुक लाइव में अपनी उपलब्धियों के साथ बगावत पर दुख व्यक्त किया। उद्धव ठाकरे ने कहा कि अच्छे कामों को नजर जल्दी लगती है। उद्धव ठाकरे ने सोनिया गांधी और शरद पवार को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि जिनको उन्होंने बहुत कुछ दिया वे नाराज हैं और जिन्हें कुछ नहीं दिया वे आज भी साथ हैं। मुझे इन लोगों से धोखे की आशंका नहीं थी। सीएम उद्धव ने कहा कि हमने लोगों के फायदे के लिए काम किया। सबका आशीर्वाद हमारे साथ है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने भी फ्लोर टेस्ट की इजाजत दे दी है। राज्यपाल जी का भी धन्यवाद। राज्यपाल ने एक खत पर ऐक्शन लिया और फ्लोर टेस्ट के लिए कहा।

रामलला के दर्शन करने अयोध्या आने वाले भक्तों को मिलेगी तिरुपति बालाजी मंदिर जैसी सुविधा

अयोध्या (ए.)। अयोध्या में बनने वाले राम मंदिर के दर्शनों के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को तिरुपति बालाजी जैसी सुविधा मिलेगी। राम मंदिर में आने वाले भक्तों के लिए तिरुपति जैसी व्यवस्था विकसित की जा रही है। इसके लिए श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की तरफ से एक प्रतिनिधिमंडल तिरुपति भेजा गया है ताकि वो वहां जाकर पूरी व्यवस्था का अध्ययन कर सकें। गौरतलब है कि रामलला के पक्ष में आए कोर्ट के फैसले के बाद से अयोध्या राम मंदिर में दर्शनों के लिए आने वाले तीर्थ यात्रियों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है।

सामान्य दिनों में हर रोज 20 से 25 हजार लोग रामलला के दर्शनों के लिए आ रहे हैं। वहीं किसी खास मौके पर ये संख्या बढ़कर एक लाख से ज्यादा हो जा रही है। माना जा रहा है कि मंदिर बनने के बाद हर दिन 75 हजार से 1 लाख लोग हर रोज रामलला के दर्शन के लिए आएंगे वहीं विशेष मौकों पर ये भीड़ 2 से 3 लाख तक भी पहुंच जाएगी। ऐसे में मंदिर प्रशासन ये सुनिश्चित करना चाहता है कि भारी भीड़ के बावजूद लोगों को दर्शन में कोई तकलीफ ना हो।

ओवैसी के चार विधायक आरजेडी में हुए शामिल

■ **बीजेपी फिर दूसरे नंबर पर पहुंची**

पटना (ए.)। बिहार विधानसभा में आरजेडी फिर सबसे बड़ी पार्टी बन गई है। असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी AIMIM के चार विधायकों के शामिल होने के बाद आरजेडी के कुल एमएलए की संख्या 80 हो गई है। तेजस्वी यादव की मौजूदगी में AIMIM के चार विधायकों ने बुधवार को आरजेडी की सदस्यता ली। वहीं, बीजेपी फिर से दूसरे नंबर पर पहुंच गई है। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

संपादकीय

कटघरे में राजस्थान सरकार

उदयपुर में दिन दहाड़े एक टेलर कन्हैया की दो लोगों ने जिस बेरहमी से हत्या की है उसे लेकर राजस्थान में बवाल खड़ा हो गया है। कन्हैया का गुनाह बस इतना था कि उसने नुपूर शर्मा के पक्ष में फेसबुक पर एक पोस्ट डाला था। इससे नाराज होकर मोहम्मद रियाज और मोहम्मद गौश नामक दो लोगों ने उसे जान से मारने की धमकी दी थी। कन्हैया ने पुलिस में इसकी शिकायत की थी और अपनी सुरक्षा की मांग की थी लेकिन पुलिस ने उसकी शिकायत को गंभीरता से नहीं लिया और दोनो पक्षों के बीच समझौता करा दिया। उसके बाद भी कन्हैया एक सप्ताह तक डर की वजह से अपनी टेलरिंग शॉप नहीं खोल रहा था लेकिन जैसे ही उसने अपनी शॉप खोली तो दोनों आरोपियों ने दुकान में घुस कर उसकी गला रेत कर हत्या कर दी। आरोपियों ने बाकायदा इस पूरी घटना का विडियो बनवाया और उसे वायरल भी किया। उन दोनों आरोपियों ने विडियो जारी कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भी धमकी देने का दुःसाहस किया है। बहरहाल गुजरात पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और इस मामले की जांच के लिए एसआईटी का गठन भी कर दिया है। इस घटना को गंभीरता से लेते हुए केन्द्र सरकार ने एनआईए की टीम को जांच के लिए राजस्थान रवाना किया है। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इस घटना की निंदा जरूर की है और अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही का आश्वासन भी दिया है लेकिन इसके साथ ही उन्होने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर भी निशाना साधा है और यह कहा है कि पीएम मोदी देश में सांप्रदायिक माहौल बेहतर बनाने के लिए कोई अपील क्यों नहीं करते है। इसके पूर्व भी राजस्थान में लगातार इस तरह की घटनाएं होती रही है और माहौल बिगड़ता रहा है। उस दौरान भी मुख्यमंत्री अशोक गहलोत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से ही शांति की अपील करने की बात करते रहे है। यदि सब कुछ प्रधानमंत्री को ही करना है तो मुख्यमंत्री अशोक गहलोत किस मर्ज की दवा है। राजस्थान में अपराधियों के हौसले बुलंद है तो इसके लिए वहां के मुख्यमंत्री जिम्मेदार है। इस मामले में भी यदि पुलिस ने मृतक कन्हैया की शिकायत को गंभीरता से लिया होता तो वह आज जीवित होता। चूंकि हत्यारों ने इस घटना के बाद पीएम मोदी को भी धमकी दी है इसलिए अब एनआईए इस पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच कर रही है। एनआईए को राजस्थान पुलिस की भूमिका की भी जांच करनी चाहिए और संबंधित पुलिस अधिकारियों के खिलाफ भी कड़ी कार्यवाही करनी चाहिए। बहरहाल उदयपुर में स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है और वहां के सात थाना क्षेत्रों में कर्फ्यू लगा दिया गया है और पूरे राजस्थान में धारा 144 लागू कर दी गई है। इस घटना को लेकर अप्रीय स्थिति पैदा न हो इसके लिए राज्य सरकार को एहतियाती कदम उठाने चाहिए।

कविता

अमेरिका में गर्भपात पर हंगामा

अमेरिका में इधर दो बड़े फैसलों ने हड़कंप मचा रखा है। एक तो बंदूक रखने पर कुछ नई पाबंदियों के कारण और दूसरा गर्भपात पर प्रतिबंध के कारण। अमेरिका के सर्वोच्च न्यायालय के इन दोनों फैसलों को लेकर वहां कई प्रांतों में प्रदर्शन हो रहे हैं और उनका डटकर विरोध या समर्थन हो रहा है। बंदूक पर प्रतिबंधों का उतना विरोध नहीं हो रहा है, जितना गर्भपात पर प्रतिबंध का हो रहा है। 1973 में गर्भपात की अनुमति का जो फैसला अमेरिका सर्वोच्च न्यायालय ने दिया था, उसे सर्वोच्च न्यायालय ने उलट दिया है। 6 और 3 जजों की इस फैसले के पीछे पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा नियुक्त रूढ़िवादी जजों का बहुमत में होना है। अब अमेरिका में जो भी राज्य रूढ़िवादी या रिपब्लिकन या ट्रंप-समर्थक हैं, वे इस कानून को तुरंत लागू कर देंगे। इसका नतीजा यह होगा कि महिलाओं को अपने शरीर के बारे में ही कोई मौलिक अधिकार नहीं होगा। लगभग एक दर्जन राज्यों ने गर्भपात पर प्रतिबंध की घोषणा कर दी है। कोई भी महिला 15 हफ्तों से ज्यादा के गर्भ को नहीं गिरवा सकती है। अदालत के इस फैसले को राष्ट्रपति जो बाइडन ने तो भयंकर बताया ही है, सारे अमेरिका में इसके विरुद्ध विक्षोभ फैल गया है। यूरोपीय राष्ट्रों के प्रमुख नेताओं ने इस फैसले की कड़ी निंदा की है। अमेरिका की नामी-गिरामी कंपनियों ने उनके यहां कार्यरत महिलाओं से कहा है कि वे गर्भपात के लिए जब भी किसी अन्य अमेरिकी राज्य में जाना चाहें, उन्हें उसकी पूर्ण सुविधाएं दी जाएंगी। अमेरिका के 13 राज्यों में गर्भपात की अनुमति आज भी है। अमेरिका में संघीय व्यवस्था है। इसीलिए उसके राज्य केंद्रीय कानून को मानने या न मानने के लिए स्वतंत्र हैं। लेकिन अमेरिका के केथोलिक संप्रदाय के पादरी इस गर्भपात पर प्रतिबंध का स्वागत कर रहे हैं। वैसे भी आजकल यूरोप और अमेरिका में स्त्री-पुरुषों के बीच अवैध शारीरिक संबंधों का चलन इतना बढ़ गया है कि गर्भपात की सुविधा के बिना उनका जीना दूभर हो सकता है। इसके अलावा गर्भपात की सुविधा की मांग इसलिए भी बढ़ गई है कि चोरी-छिपे गर्भपात करवाने पर गर्भवती महिलाओं की मौत हो जाती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के एक आंकड़े के अनुसार हर साल 2.5 करोड़ असुरक्षित गर्भपात होते हैं, जिनमें 37000 महिलाओं को अपनी जान से हाथ धोना पड़ता है। अब गर्भपात पर प्रतिबंध लगने से इस संख्या में वृद्धि ही होगी। यूरोप के कई देश गर्भपात के अधिकार को कानूनी रूप देने के लिए तत्पर हो रहे हैं। भारत में 24 हफ्ते या उसके भी बाद के गर्भ को गिराने की कानूनी अनुमति है बशर्ते कि गर्भवती के स्वास्थ्य के लिए वह जरुरी हो। भारतीय कानून अधिक व्यावहारिक है।

आजमगढ़ और रामपुर के जनादेश का निहितार्थ

डॉ. श्रीनाथ सहाय

विधानसभा चुनाव में मिली हार के झटके से अखिलेश अभी तक उबर नहीं पाए हैं। यदि यही हाल रहा तो 2024 का लोकसभा चुनाव आते-आते तक सपा भी शिवसेना जैसी हालत में आ जाए तो आश्चर्य नहीं होगा क्योंकि मुलायम सिंह यादव के हाशिये पर चले जाने के बाद अखिलेश का जो रवैया है उसकी वजह से पार्टी का एकजुट बने रहना संभव नहीं लगता। यादवों के साथ मुसलमानों को जोड़कर बनाया गया एम. वाय समीकरण काठ की हांडी साबित हो चुका है। 2014 और 2019 के लोकसभा के अलावा 2017 तथा 2022 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने उ.प्र में जिस तरह अपने प्रभाव क्षेत्र में वृद्धि की वह साधारण बात नहीं है। भाजपा जहां अपने मौलिक एजेंडे पर चलते हुए 80 लोकसभा सीटों वाले इस प्रदेश में अपनी पकड़ मजबूत करती जा रही है वहीं सपा आत्ममुग्धता की शिकार होकर अपने मजबूत किले गंवाती जा रही है। इन नतीजों के लिए सपा के नए सहयोगी ओमप्रकाश राजभर ने अखिलेश को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि वे अपने वातानुकूलित कमरे से ही बाहर नहीं निकले और नामांकन के अंतिम दिन प्रत्याशी घोषित किये।

इसमें कोई दो राय नहीं है कि देश की राजनीति में उत्तर प्रदेश का विशेष स्थान है। यहां होने वाले छोटे से छोटे चुनाव नतीजों को देश की राजनीति का मूड समझने का पैमाना मान लिया जाता है। ये कहा जाए कि यूपी चुनाव के नतीजे देश की भावी राजनीति की दिशा और दशा तय करते हैं तो कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी। पिछले दिनों उपचुनाव के नतीजे घोषित हुए। देशभर की नजरें यूपी के आजमगढ़ और रामपुर सीटों के नतीजों पर गढ़ी थी। आजमगढ़ सीट समाजवादी पार्टी के प्रमुख एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव और रामपुर सीट दिग्गज नेता आजम खां के इस्तीफे के बाद खाली हुई थी। आजमगढ़ और रामपुर लोकसभा सीटों पर मुस्लिम आबादी की बहुलता है। रामपुर में यह आबादी 50-55 फीसदी से ज्यादा है। आजमगढ़ में मुस्लिम और यादव 50 फीसदी से अधिक हैं। ये दोनों लोकसभा क्षेत्र समाजवादियों के मजबूत गढ़ रहे हैं। औसतन मुस्लिम वोट आज भी मोदी और भाजपा के खिलाफ हैं। ऐसे में भाजपा ने आजमगढ़ और रामपुर लोकसभा सीटें जीतकर सबको चैंका दिया है।

आजमगढ़ से भोजपुरी फिल्मी सितारे दिनेश लाल यादव निरहुआ और रामपुर से घनश्याम लोधी ने जीत हासिल की। आजमगढ़ में तो सपा की हार का कारण बसपा प्रत्याशी गुड्डू जमाली बने जिन्होंने तकरीबन दो लाख मत हासिल कर लिए। उन्हें बड़ी संख्या में मुस्लिम मत मिलने से सपा को भारी नुकसान हुआ। इस सीट पर अखिलेश ने अपने चचेरे भाई धर्मेन्द्र को उतारा था। लेकिन रामपुर में 55 फीसदी मुस्लिम मतदाता होने के बावजूद सपा के आसिम राजा का 42 हजार से हार जाना सपा की चिंता बढ़ाने वाली बात है। इन परिणामों ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के राजनीतिक कद को और ऊंचा कर दिया। सबसे अच्छी बात ये हुई कि उ.प्र में जाति आधारित राजनीति अपना असर खोती जा रही है वहीं मुस्लिम मतदाताओं की भाजपा विरोधी गोलबंदी भी कारगर साबित नहीं हो रही। कहा जा रहा है कि मुस्लिम समुदाय का कुछ हिस्सा भाजपा की तरफ झुक रहा है जिसकी वजह सपा की गिरती साख और धाक है। मुलायम सिंह यादव के अस्वस्थ होने के कारण अखिलेश के हाथ जबसे पार्टी की कमान आई है तबसे वह लगातार बिखराव और भटकाव का शिकार हो रही है। वास्तव में मुसलमानों के मन में ये बात घर करने लगी है कि सपा के भरोसे वे अपना राजनीतिक महत्व बरकरार नहीं रख पा रहे। कांग्रेस डूबती नाव है और बसपा अपने बनाये जाल में फंस चुकी है। इस कारण उ.प्र के मुसलमानों के मन भी

उथल-पुथल है। राम मंदिर का निर्माण तेजी से होने के साथ ही एक तरफ ज्ञानवापी मस्जिद का विवाद गरमाया और दूसरी तरफ मथुरा में कृष्ण जन्मभूमि के मामले को भी हवा मिलने लगी। इस सबके बीच सपा या अन्य गैर भाजपा पार्टियाँ जिस तरह असहाय बनी हुई हैं उससे मुसलमानों को लगने लगा है कि या तो उनका अपना नेतृत्व होना चाहिए अथवा भाजपा के अंधे विरोध से बचकर उन्हें उसके साथ समन्वय बनाकर चलना चाहिए। अनेक मुस्लिम धर्मगुरुओं ने भी ज्ञानवापी और हाल ही में उठे नूपुर शर्मा विवाद पर जिस तरह का समझौतावादी रुख अपनाया वह इस बात का संकेत है कि मुस्लिम समुदाय के बीच भाजपा को लेकर विमर्श शुरू हो गया है।

सवाल यह भी है कि क्या अब मुसलमान भी प्रधानमंत्री मोदी की राष्ट्रीय योजनाओं और गरीबोन्मुख कार्यक्रमों पर यकीन करने लगे हैं, क्योंकि हिस्सेदारी उन्हें भी मिल रही है? क्या मुसलमानों का एक तबका अब भाजपा को 'अछूत' नहीं मानेगा और इसी तरह जनादेश देकर भाजपा को भी मौका देगा? सारांश में आजमगढ़ और रामपुर के जनादेशों को क्या 2024 के आम चुनाव का कोई स्पष्ट संकेत माना जा सकता है? मुख्यमंत्री योगी ने 2024 में उप्र की सभी 80 लोकसभा सीटें जीतने का दावा किया है। बहरहाल आजमगढ़ से भाजपा उम्मीदवार, भोजपुरी फिल्मों के सुपर स्टार, दिनेश लाल यादव 'निरहुआ' ने 8679 मतों से सपा के धर्मेन्द्र यादव को हराया है। जनादेश का यह फासला बहुत चैड़ा नहीं है। यदि बसपा उम्मीदवार नहीं होता, तो नतीजा कुछ भी हो सकता था। यह सीट अखिलेश यादव के इस्तीफे से खाली हुई थी, क्योंकि अब वह विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष हैं। रामपुर क्षेत्र में पुराने सपा नेता आजम खान का ऐसा जलवा रहा है कि उन्होंने जेल में रहते हुए ही विधानसभा का चुनाव जीता है। सांसदी से उनके इस्तीफे के बाद ही यह सीट खाली हुई थी, लेकिन भाजपा के जिस प्रत्याशी घनश्याम लोधी ने 42,192 मतों से सपा नेता आसिम रजा को पराजित किया है, वह खुद सपा से भाजपा में आयातित हैं और 12 साल तक विधायक भी रहे हैं। साफ है कि भाजपा के पक्ष में कोई 'क्रांतिकारी धुव्रीकरण' नहीं हुआ है। फिर भी ये चुनावी जीत तो हैं। इनसे लोकसभा में सपा के मात्र 3 सांसद रह जाएंगे और भाजपा की संख्या फिर 303 हो जाएगी। भाजपा की तुलना में सपा, अखिलेश यादव के नेतृत्व में, 2014 का लोकसभा, 2017 का विधानसभा, 2019 का लोकसभा और अब 2022 का विधानसभा चुनाव लगातार हारी है। भाजपा की ठोस चुनावी रणनीति को समझा जा सकता है। बेशक उपचुनाव थे, लेकिन मुख्यमंत्री योगी ने सभाओं को संबोधित किया और मंत्रियों से लेकर आम काडर तक सभी अपने-अपने स्थान पर सक्रिय रहे। जनादेश सामने हैं। समाजवादियों के गढ़ ढहाए हैं और वहां अपनी सत्ता स्थापित की है। अब पार्टी का उन क्षेत्रों में भी विस्तार किया जाएगा।

विधानसभा चुनाव में मिली हार के झटके से अखिलेश अभी तक उबर नहीं पाए हैं। यदि यही हाल रहा तो 2024 का लोकसभा चुनाव आते-आते तक सपा भी शिवसेना जैसी हालत में आ जाए तो आश्चर्य नहीं होगा क्योंकि मुलायम सिंह यादव के हाशिये पर चले जाने के बाद अखिलेश का जो रवैया है उसकी वजह से पार्टी का एकजुट बने रहना संभव नहीं लगता। यादवों के साथ मुसलमानों को जोड़कर बनाया गया एम. वाय समीकरण काठ की हांडी साबित हो चुका है। 2014 और 2019 के लोकसभा के अलावा 2017 तथा 2022 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने उ.प्र में जिस तरह अपने प्रभाव क्षेत्र में वृद्धि की वह साधारण बात नहीं है। भाजपा जहां अपने मौलिक एजेंडे पर चलते हुए 80 लोकसभा सीटों वाले इस प्रदेश में अपनी पकड़ मजबूत करती जा रही है वहीं सपा आत्ममुग्धता की शिकार होकर अपने मजबूत किले गंवाती जा रही है। इन नतीजों के लिए सपा के नए सहयोगी ओमप्रकाश राजभर ने अखिलेश को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि वे अपने वातानुकूलित कमरे से ही बाहर नहीं निकले और नामांकन के अंतिम दिन प्रत्याशी घोषित किये। उन्होंने यहु तक कह दिया कि यदि वे स्वयं और उनके साथी आजमगढ़ में मोर्चा नहीं संभालते तो हार लाखों में होती। आजमगढ़ और रामपुर के उपचुनाव परिणाम अखिलेश यादव के लिए बहुत बड़ा झटका है। इससे अपनी पार्टी के भीतर भी उनकी वजनदारी में कमी आयेगी। और सबसे बड़ी बात ये है कि सपा संस्थापक मुलायम सिंह अब उस स्थिति में नहीं रह गये कि उनकी ढाल बन सकें।

चल संगी पढ़ने टाई में नाक पोंछने



विजय मिश्रा 'अमित'

अंग्रेजी स्कूल के चक्कर में पड़कर अनपढ़ मम्मी भी उटपटांग अंग्रेजी बोलने में अपनी शान समझती है। जिसे सुनकर न तो रोते बनता है, और न ही हंसते। इसके एक दो उदाहरण मुझे यहॉ याद आ रहे हैं। हमारे पड़ोस में एक पटेल जी का परिवार रहता है, जिनका नाती तथाकथित अंग्रेजी स्कूल में पढ़ता है। उसके साथ उठते बैठते चटर पटर करते पटेलिन बाई तोते की तरह दो-चार अंग्रेजी के शब्दों को रट डाली है। जिसका प्रयोग अपनी सुविधा के मुताबिक कर लेती है।एक बार हम सपरिवार पटेलिन बाई के घर मिलने गये। उसी समय अपनी बिटिया के विवाह का फोटो एलबम वह हमें दिखाने लगी।

बरसात का मौसम आते ही किसानों की भागदौड़ खेतों की तरफ होने लगती है। भागदौड़ की ऐसी ही स्थिति गॉव, शहर के छात्र-छात्राओं के पालकों की भी इस मौसम में स्कूल खुलने पर होने लगती है। वे अपना सब कुछ छोड़कर स्कूल की तरफ बदहवास भागने लगते हैं। हर साल की तरह यह नजारा इस बार भी इन दिनों दिखाई दे रहा है। जोरशोर से प्रचारित किया जा रहा है कि- ''स्कूल चलें हम''। छत्तीसगढ़ी में लिखा जा रहा है कि- ''चल संगी पढ़े बर, जिनगी ल गढ़े बर''। स्कूल खुलने का महीना नये पुराने स्कूलों के लिये तो रेलमपेल का माहौल लाता ही है।गॉव गली मोहल्ले में दो-चार कमरों में अंग्रेजी मीडियम स्कूल खुलने का भी सुअवसर यही महीना दे जाता है। बारीश में बाढ़ और बरसाती मेढंक की तरह स्कूल के साथ ही साथ कापी किताब की दुकानें सर्वत्र दिखाई देने लगती है। शहर से दूर गॉव मजरा टोलों में जैसे टेलर की दुकान पर टंगे बोर्ड में बड़े बड़े अक्षरों में ''सूट स्पेशलिस्ट'' लिखा होता है, ठीक उसी तरह गॉव शहर के गली-मोहल्लों में पान ठेलों की तरह खुले स्कूल के बोर्ड पर ''अंग्रेजी मीडियम स्कूल'' हिन्दी भाषा में लिखा होता है। ऐसे स्कूलों की विशेषता यही होती है कि अंग्रेजी को भी यहॉ हिन्दी अंदाज में पढ़ाया जाता है। जितने मोहल्ले उतने स्कूल, फिर भी यथानुसार मोटी रकम की वसूली पालकों से स्कूल प्रबंधन करने में नहीं चूकता। रोते गाते सिसकते बच्चों को जबरन स्कूल ले जाते, उनकी बहती हुई नाक को पोंछते हुये पालकों की दशा देखकर कांजी हाऊस में जबरन गाय, बैल को कैद करने की याद हो आती है। ऐसे रंग ढंग को देखकर मन कहता है कि- देख तेरे स्कूल की क्या हालत हो गई भगवान- कितना बदल गया इंसान। स्कूल भवन की दुर्दशा तो ऐसी कि दुबले को दो आषाढ़ वाली कहावत स्वमेव उजागर होती है। स्कूल भवन के दरवाजे, खिड़की, खपरैल किसी बूढ़े बुजुर्ग के मुंह के दॉत की तरह गायब दिखाई देते हैं। यही वजह है कि स्कूल खुलने के समय में विद्यार्थी स्कूल के अंदर होते हैं और स्कूल की छुट्टी होने के बाद गाय,भैंस,

कुत्तों का एकछत्र राज स्कूल में हो जाता है। शराबियों के लिये भी पाठशाला, मधुशाला बनकर रह जाती है। पहले जमाने में एक स्लेट, बाल भारती और पहाड़ा की एक-एक किताब लेकर बच्चे स्कूल जाया करते थे। अब तो बच्चे के बस्ते का बोझ बच्चे से दिन ब दिन भारी होता दिखाई दे रहा है। यही वजह है कि बच्चे के साथ उसकी मॉ सज धज कर बस्ते को अपने कॅधे में लटकाकर बच्चे को स्कूल छोड़ने जाती है। खुद भले ही अंगूठा छाप हो, पर बच्चे के साथ ''ए'' फार एप्पल बोलना नहीं भूलती। मम्मी डैडी के सुबह का पूरा वक्त बच्चे के टिफिन, पानी की बोतल, जूता-मोजा-टाई और ड्रेस को सजाने संवारने में निकल जाता है। इसके बाद अलग से एक्सरसाईज करने की आवश्यकता उन्हें नहीं रह जाती। बच्चे के स्कूल जाते तक मम्मी डैडी के शरीर से गंगा की धार की तरह पसीना बहते हुये दिखाई देता है।

अंग्रेजी स्कूल के चक्कर में पड़कर अनपढ़ मम्मी भी उटपटांग अंग्रेजी बोलने में अपनी शान समझती है। जिसे सुनकर न तो रोते बनता है, और न ही हंसते। इसके एक दो उदाहरण मुझे यहॉ याद आ रहे हैं। हमारे पड़ोस में एक पटेल जी का परिवार रहता है, जिनका नाती तथाकथित अंग्रेजी स्कूल में पढ़ता है। उसके साथ उठते बैठते चटर पटर करते पटेलिन बाई तोते की तरह दो-चार अंग्रेजी के शब्दों को रट डाली है। जिसका प्रयोग अपनी सुविधा के मुताबिक कर लेती है।एक बार हम सपरिवार पटेलिन बाई के घर मिलने गये। उसी समय अपनी बिटिया के विवाह का फोटो एलबम वह हमें दिखाने लगी। एलबम के अधिकांश फोटो में पटेलिन बाई की बिटिया का मुंह लटका हुआ उदास-उदास दिख रहा था। इसे देखकर पटेलिन बाई झल्ला गई और बोली- क्यों रे फोटु खींचाते समय चेहरे पर थोड़ा बहुत ''इस्मेल'' नहीं ला सकती थी क्या? पटेलिन की बात सुनकर हम मुँह दबाकर हंस पड़े, पर उसकी बिटिया ऑखे तरेरते हुये बोली- कैसे अंडबंड अंग्रेजी बोलती है, मम्मी। अरे फोटो खींचाते समय मुंह में इस्मेल नहीं ईस्माइल होना चाहिये, ऐसा बोल। मम्मी कहीं फोटो खींचाते समय मुंह में इस्मेल (बदबू) ला दोगी तो फोटो खींचने वाला बिदक कर भाग जायेगा, समझी। अधकचरा अंग्रेजी ज्ञान बघारने वाले पटेल जी के घर में एक और मजेदार घटना घटित हुई थी। एक दिन उनका नाती भर दोपहरी में अपने पेट को दोनों हाथों से दबाते हुये स्कूल से भागते घर के दरवाजे पर पहुंचा और दरवाजे की संकली को खटखटाते हुये चिल्लाने लगा- ''दाई ओ दाई ओपन दी डोर''।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

गजब अब के बरस

गजब अब के बरस पानी गिरा है , न जाने क्यूं खुदा हमसे खफ़ा है । कमी पैसों कि अब होने लगी है , हमारा शौक बढते जा रहा है । किनारों से मुझे डर लगता है अब समंदर ,मेरी कश्ती का खुदा है। मुझे अब वस्ल की चाहत नहीं है, विरह का स्वाद जीव्हा में लगा है । मनेगी कैसी मेरी ईद दानी, तेरे दिल का क़मर तो बेहया है।

- डा संजय दानी

तेरे कांधे से सिर

तेरे कांधे से सिर टिकाया था क्या ज़माना वो खूब आया था चूम के तुमने मेरे माथे को बेहिचक गले से लगाया था दिल ने ख़ामोशियाँ सुनी थी बस कोई कुछ बोल कहाँ पाया था बेज़ुबां धडकनों ने समझा था तुमने जितना भी कुछ छुपाया था हाँ,मुझे इंतज़ार है अब भी तू मगर लगता अब पराया था।

- नीरू श्रीवास्तव

ख़ास पाती

सरपट दौड़ रही थी ट्रेन और

सरपट दौड़ रही थी ट्रेन और पीछे छुटता जा रहा था सब कुछ हम आगे जा रहे थे या पीछे जा रहे थे दरख़्त खेत जंगल पहाड़ या यूँ ही खाली पड़े मैदान ठीक उसी तरह जैसे भगती है जींदगी और पीछे छूटते रहते हैं जीवन के उतार - चढ़ाव सुख-दुःख हँसना रोना रूठना मनाना इन्ही नदी नालों पुल जंगल और पहाड़ों की तरह भिन्न-भिन्न और दौड़ती जाती है जिन्दगी मंजिल की ओर ट्रेन तो रूक जायेगी अपने गन्तब्य पर जाकर पर जीवन का गन्तव्य है किस ओर हे प्रभ अपनी कृपा दृष्टी बनाये रखना हम नित्य प्रतिदिन बढ़ रहें हैं तेरी ही ओर ड़ेज़ी बस थोड़ा और इंतजार..हम आ रहें हैं तुम्हारी ही ओर। **- डेजी जायसवाल**

सुख और दुःख दोनों केवल

सुख और दुःख दोनों केवल मन के भाव दशा हैं। स्थितियों से सुख और दुःख नहीं होते, एक व्यक्ति जिसने सब कुछ त्याग दिया और एक जिसका सब कुछ लूट लिया गया दोनों की स्थिति एक समान है। जिसका लुट गया वह रोता है..बिलखता है और जिसने त्याग दिया वह हँसता है,सुख की अनुभूति करता है। इसलिए स्थितियों में कुछ नहीं रखा है। अगर आप मन से परमात्मा के प्रत्येक विधि, विधान को खुशी खुशी आनंदपूर्वक स्वीकार करें तो कोई भी स्थिति, कोई भी अवस्था आपको विचलित नहीं कर सकती, दुःख पास आएगा ही नहीं। **- मोना सेन गुप्ता**

कइसे आँखी ल फरका के

कइसे आँखी ल फरका के निटोर दिये रे बादर मोर धनहा-डोली के आसा ल टोर दिये रे बादर अब्बड़ सोर परत रिहिसे तोर सनसनावत आये के फेर तैं कोन मेर लरघिया के धपोर दिये रे बादर।

- कवि सुशील भोले

कभी कभी इंसान सच में खुद

कभी कभी इंसान सच में खुद से हार जाता है, सफाई देते देते कदम पीछे हटाते हटाते रिश्ते निभाते निभाते झूठ से लड़ते लड़ते आखिर खामोश हो जाते हैं,और वजूद के आगे लगा देते हैं ? **- मीनू वौहरा**

रुक जाओ आज की रात कल

रुक जाओ आज की रात कल जाना। आज वादा कर लो,बाद में बदल जाना। बहुत कीमती है , कागज वो रंग बिरंगा। ताज्जुब नहीं है,फटे नोट का चल जाना। जब गिर पड़े थे,तब किसी ने देखा नहीं। नजर आया बस ,गिर कर संभल जाना। नयी तो नहीं है अब भाई भाई की लड़ाई। अजब तो नहीं है, गोलियों का चल जाना। एक कतरा अश्क, जो ठहरा था आंखों में। मिलते ही एक कांधा,उसका निकल जाना। **-शोभा किरन**

लोकतंत्र के अधिकार का इतना

लोकतंत्र के अधिकार का इतना दुरुपयोग ना करो कि सरकार को लोकतंत्र का भय खत्म हो जाए ???? तुमको? अग्नि वीर नहीं बनना है तो आईपीएस आईएएस सांसद विधायक बनो किनने रोका है। **- अंबर दानी**

चलो लिखें नव छंद

चलो लिखें नव छंद हंसगति अनुपम छंद महल अनुराग कथ्य लय सरगम कल संयोजन भाव छंद में अगणित माँ वाणी के शब्द अर्थ में परिणित छंद मनोरम भाव बीस ले आया ग्यारह नौ अधिभार हंसगति पाया कल संयोजन भार छंद मन भाया वर्णिक मात्रिक छंद शेष ने गाया दर्पण कल अनुहार हार शुचि प्रतिकल दोहा का सम भार त्रिकल दो चौकल चयनित उत्तम शब्द अर्थ सम्मोहन काव्य नदी की धार शब्द संयोजन।- **राजकिशोर मिश्र राज प्रतापगढ़ी**

QUIZ TIME

Ramaquiz

1) भारत किस देश की सरकार की तकनीकी सहायता से 12 राज्यों में 150 गांवों को 'उत्कृष्टता के गांवों' में परिवर्तित करेगा?
2) नागरिक उड्डयन मंत्रालय किस शहर में भारत का पहला हेली हब स्थापित करेगा?
3) नुसंतारा को किस देश की नई राजधानी के रूप में चुना गया है?
4) रेल यात्रियों को उनका खोया हुआ सामान वापस पाने में मदद करने के लिए भारतीय रेलवे द्वारा शुरू की गई नई पहल का नाम बताएं?
5) विश्व की सबसे बड़ी 500 मीटर लंबी और 70 मीटर चौड़ी नहर का ताला किस देश में अनावरण किया गया है?

उत्तर- (1) इजराइल (2) गुरुग्राम (3) इंडोनेशिया (4) मिशन अमानत (5) नीदरलैंड्स



आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1294- स्विट्जरलैंड के बर्ने प्रांत से यहूदियों को बाहर निकाला गया। 1868- क्रिस्टोफर शलेस ने टाइपराइटर के लिए पेटेंट अधिकार हासिल किया। 1870- अदा केपले अमेरिका में लॉ कॉलेज से ग्रेजुएट करने वाली पहली महिला बनीं। 1876- सर्बिया ने तुर्की के खिलाफ युद्ध की घोषणा की। 1888- फ्रेडरिक डगलस अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के लिए नामांकित होने वाले पहले अफ्रिकी-अमेरिकी बने। 1894- सोलबॉन पेरिस में अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति की स्थापना हुई। 1914- दक्षिण अफ्रीका में भारतीयों के अधिकारों के लिये आंदोलन करने के दौरान राष्ट्रपिता महात्मा गांधी पहली बार हुए गिरफ्तार। 1933- फासीवाद के खिलाफ एंटवर्प में 50 हजार लोगों ने प्रदर्शन किया। 1934- जर्मनी के तानाशाह एडोल्फ़हिटलर ने अपनी नेशनल सोशियालिस्ट पार्टी में विरोधियों का सफाया कर दिया। 1937- दुनिया का पहला इमरजेंसी नंबर 999 को लंदन में जारी किया गया। 1938- बच्चों का पसंदीदा कार्टून सुपरमैन पहली बार कॉमिक्स (डीसी कॉमिक्स एक्शन सीरीज भाग-1) में नजर आया। 1947- भारत के विभाजन की घोषणा के बाद बंगाल और पंजाब के विभाजन के लिए बाउंडरी कमीशन के सदस्यों की घोषणा की गई। 1948- ब्रिटिश सेना की अंतिम टुकड़ी इजरायल छोड़ स्वदेश को रवाना हुयी। 1960- अमेरिका ने क्यूबा से चीनी का आयात बंद करने का निर्णय लिया। 1962- रवांडा और बुरूंडी देश स्वतंत्र हुए। 1966- अमेरिका का पहला महिला संगठन नेशनल ऑर्गेनाइजेशन फॉर वुमेन का गठन किया गया।

नियमों का पालन नहीं कर रहे प्रदेश के कई प्राइवेट यूनिवर्सिटी

बिना सुविधा बांट रहे छात्रों को डिग्रियां, उच्च शिक्षा विभाग बना मूकदर्शक

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य के अधिकांश निजी विश्वविद्यालयों द्वारा यूजीसी की गाइडलाइन का पालन किए बिना छात्रों को पढ़ाया जा रहा है। उन्हें डिग्रियां दी जा रही हैं। न तो इनमें पर्याप्त इंफ्रास्ट्रक्चर हैं और न ही अन्य संसाधन। ऐसे निजी विश्वविद्यालयों की स्थिति पर उच्च शिक्षा विभाग भी चुप्पी साध रखी है। प्रदेश में संचालित इन विवि की एकमात्र मंशा विद्यार्थियों से पैसे लेकर केवल डिग्री बांटना है। ये बिना पढ़ाए डिग्रियां बांट रहे हैं, उन पर नियंत्रण किसी का नहीं है। बता दें कि प्रदेश के एक कांग्रेस विधायक को फर्जी डिग्री देने का कुछ दिन पहले मामला सामने आया था। बावजूद इसके प्रदेश के उच्च शिक्षा विभाग द्वारा ऐसे निजी विश्वविद्यालयों की खोज खबर नहीं ली जा रही है। जानकारी के मुताबिक, छत्तीसगढ़ में शासकीय व निजी समेत 27 विश्वविद्यालय संचालित हैं। राज्य में अब निजी विश्वविद्यालयों राज्य सरकार के कानून और कायदे से बाहर होते जा रहे हैं और उन पर स्वयं विश्वविद्यालयों के ही कानून लागू होने की स्थिति आ गई है। एक चौंकाने

वाली जानकारी के अनुसार प्रदेश में निजी विश्वविद्यालयों के लिए एक्ट तो सरकार विधानसभा में पारित करती है, लेकिन उस अधिनियम पर नियम और उप नियम बनाने का काम खुद निजी विश्वविद्यालय ही कर रहे हैं। ऐसा प्रदेश के कुछ निजी विश्वविद्यालयों में हो रहा है।

25 एकड़ भूमि जरूरी

निजी विश्वविद्यालयों के लिए राज्य सरकार ने 25 एकड़ भूमि अनिवार्य की है। यूजीसी 107639 में शैक्षणिक, 10763 वर्ग फीट में प्रशासनिक भवन, 25 फीसद छात्रों के लिए छात्रावास की व्यवस्था का प्रावधान है।

स्थायी शिक्षकों की नियुक्ति नहीं

यूसीजी के नियमों के तहत नेट क्वालीफाइड शिक्षकों की स्थायी नियुक्ति होनी चाहिए, लेकिन छत्तीसगढ़ के निजी विश्वविद्यालयों में स्थायी शिक्षकों की नियुक्ति नहीं होती, छात्र शिक्षक अनुपात गड़बड़ रहता है, फीस तय करने में मनमानापन चल रहा है, प्रवेश देने में कोई मापदंड नहीं। प्रवेश जनवरी तक भी चलते रहते हैं। शिक्षकों की काबिलियत का पालन नहीं हो पाता। यूजीसी ने शिक्षा की गुणवत्ता के लिए जो नियम बनाए हैं, वे नहीं माने जाते।

छत्तीसगढ़ में शासकीय व निजी समेत 27 विश्वविद्यालय संचालित शासकीय विश्वविद्यालय

1. इंदिरा कला एवं संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ (राजनांदगांव)
2. पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर
3. गुरु घसीदास केन्द्रीय विश्वविद्यालय कोनी बिलासपुर
4. मो. हिदायतुल्ला विधि विश्वविद्यालय रायपुर
5. पं. सुंदरलाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय बिलासपुर
6. कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय रायपुर
7. स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय भिलाई
8. बस्तर विश्वविद्यालय जगदलपुर
9. इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर
10. सरगुजा विश्वविद्यालय अम्बिकापुर
11. छग आयुष एवं स्वस्थ्य साइंस यूनिवर्सिटी रायपुर
12. अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर
13. उद्यानकी विश्वविद्यालय राजनांदगांव
14. कामधेनु विश्वविद्यालय अंजोरा (दुर्ग)
15. शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय रायगढ़
16. हेमचंद विश्वविद्यालय दुर्ग

निजी विश्वविद्यालय

17. महर्षि विश्वविद्यालय बिलासपुर
18. एएएफटी यूनिवर्सिटी खरोरा तिल्दा
19. मैट्स यूनिवर्सिटी आरंग रायपुर
20. कलिंगा यूनिवर्सिटी नया रायपुर
21. अमिटी यूनिवर्सिटी रायपुर
22. आईएमटी यूनिवर्सिटी रायपुर
23. आईसीएफएआई यूनिवर्सिटी रायपुर
24. आईएसबीएम यूनिवर्सिटी छुरा गरियाबंद
25. ओपी जिंदल यूनिवर्सिटी रायगढ़
26. श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी
27. रमन यूनिवर्सिटी कोटा बिलासपुर

न्यूज गैलरी

गोल्डन ट्रेड सेंटर के बिल्डर ने दुकानदारों को दिया धोखा

रायपुर/नवप्रदेश। नवकार एसोसिएट के बिल्डर संजय गोलछा एवं नवीन लालवानी ने आमलीडीह में गोल्डन ट्रेड सेंटर के तहत 422 दुकानों का निर्माण किया। दुकान बेचने से पूर्व बिल्डर ने ब्रोशर के माध्यम से अनेक सुविधाएं उपलब्ध कराने की बात कही थी किन्तु रजिस्ट्री होने के बाद 6 माह के भीतर उक्त सुविधाएं दुकानदारों को उपलब्ध नहीं कराई गई। यहां तक दुकानों में अलग से बिजली मीटर भी नहीं लगवाया गया। उक्त आरोप प्रेस क्लब रायपुर में आयोजित पत्रकारवार्ता में गोल्डन ट्रेड सेंटर शॉप ओनर एसोसिएशन के अध्यक्ष भोजराज साहू, कीर्ति पटेल, डॉ. चन्द्राकर, वी. के. श्रीवास्तव ने लगाया। पत्रकारवार्ता में भोजराज ने बताया कि 6-7 साल बीतने पर भी अब तक बिल्डर ने सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराई है।

चूल्हा चौका करने वाले हाथ अब घरों को रोशन करने में

रायपुर/नवप्रदेश। कभी घर की चारदीवारी में चूल्हा चौका करने वाले हाथ इन दिनों एलईडी बल्ब बना रहे हैं, जिनसे लोगों के घर रोशनी हो रही है। अपनी कार्यकुशलता से ये महिलाएं एलईडी बल्ब सहजता से असेम्बल कर रही है। महज 10 दिनों के प्रशिक्षण में इन्होंने एलईडी बल्ब असेंबल करना सीख गई हैं। शिवकुमारी और मीना कुमारी इसे बखूबी बना रही हैं। इन्होंने मुख्यमंत्री को अपने हाथों से असेम्बल की हुई बल्ब जलाकर दिखाई। मुख्यमंत्री ने कहा इसी तरह जीवन में उजाला भरते रहें।

सीता, शांति, जूही का मजदूर से उद्यमी बनने का सफर

रायपुर/नवप्रदेश। कभी दूसरों के यहां मजदूरी करने वाली ग्राम कटकोना की सीता, शांति और जूही अब उद्यमी है, उन्हें विश्वास ही नहीं हो रहा है कि वे आज एक सफल उद्यमी के रूप में अपने क्षेत्र में पहचानी जा रही हैं, और अपनी अलग पहचान बना रही हैं। मनरेगा में मजदूरी और खेती बाड़ी में लगे हाथ आज आलू चिप्स के प्रोसेसिंग यूनिट के कुशल कारीगर हैं। दरअसल में ग्राम कटकोना में मुख्यमंत्री ने जब कोरिया आलू चिप्स यूनिट का शुभारंभ किया तो इन महिला सदस्यों ने अपनी कहानी सुनाई। उन्होंने कहा कि सर अपने हमें कारोबारी बना दिया, अब हम गर्व से यह काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मजदूरी करते-करते लगने लगा था कि अब हमारी जिंदगी यहीं तक सिमट जाएगी। लेकिन आपकी गौठान योजना ने हमारी तकदीर बदल दी। गोठान में स्थापित इस यूनिट में प्रति दिन लगभग 8 हजार आलू चिप्स के पैकेट बनाए जा सकते हैं, इन्हें सी-मार्ट में बाजार उपलब्ध कराया गया है।

फीस विनियामक समिति का गठन, सेवानिवृत्त जिला न्यायाधीश शास्त्री बनाए गए अध्यक्ष

रायपुर/नवप्रदेश। कौशल विकास तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग द्वारा प्रवेश तथा फीस विनियामक समिति का गठन किया गया है। समिति के अध्यक्ष सेवानिवृत्त माननीय जिला न्यायाधीश प्रभात शास्त्री, तकनीकी शिक्षा संचालक अवनीश कुमार शरण को सदस्य (पदेन), चिकित्सा शिक्षा संचालक विष्णु दत्त को पदेन (सदस्य) और चार्टर्ड अकाउंटेंट योगेश वर्ल्यानी को सदस्य (वित्त) बनाया गया है। समिति की बैठक आज प्रवेश तथा फीस विनियामक सचिवालय शासकीय सह-शिक्षा पॉलीटेक्निक परिसर बैरन बाजार में आयोजित की गई। बैठक में निजी व्यावसायिक शिक्षण संस्थानों की फीस के निर्धारण एवं पुनरीक्षण के संबंध में चर्चा की गई। इसमें निर्णय लिया गया कि शीघ्र ही समस्त निजी व्यावसायिक शिक्षण संस्थानों की फीस का निर्धारण एवं पुनरीक्षण का कार्य किया जाना है। उन संस्थानों को पत्र भेजकर जानकारी प्राप्त करने एवं उसके पश्चात संस्थानों का निरीक्षण कर फीस का निर्धारण एवं पुनरीक्षण किया जाएगा।

नए गाइडलाइन को लेकर कलेक्टरों को पत्र जारी

रायपुर/नवप्रदेश। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा कोविड-19 के संक्रमण नियंत्रण के लिए भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार आवश्यक कार्रवाई हेतु समस्त विभागों के सचिवों, समस्त कमीश्नरों, कलेक्टरों और विभागाध्यक्षों को पत्र लिखा है। सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह ने भेजे गए पत्र में लिखा है कि भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा अवगत कराया गया है कि नोवेल कोरोना वायरस संक्रमण के आंकड़े तुलनात्मक रूप से कम हो रहे हैं, किन्तु आगामी कुछ माह में देश के विभिन्न भागों में आयोजित होने वाले उत्सवों और आयोजनों में लाखों व्यक्तियों के सम्मिलित होने के कारण कोरोना संक्रमण में त्वरित गति से वृद्धि हो सकती है। इसके मद्देनजर भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय से जारी निर्देशों के अनुसार आवश्यक कार्रवाई की जाए। भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने कोविड-19 संक्रमण के नियंत्रण के लिए टेस्ट, ट्रेक, ट्रीट, वैक्सीनेशन और कोविड-19 एप्रोप्रियेट विहेवियर की रणनीति को आवश्यक बताया है।

कृषि मंडियों में भार साधक समितियों की नियुक्ति के आदेश जारी

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की सभी 69 कृषि उपज मंडी समितियों में भार साधक अधिकारियों के स्थान पर भार साधक समितियों की नियुक्तियां कर दी गई हैं। प्रत्येक समिति में एक अध्यक्ष, एक उपाध्यक्ष तथा 5 सदस्यों समेत कुल 07 सदस्यों की नियुक्ति की गई है। संचालक, कृषि विपणन, रायपुर द्वारा इन भार साधक समितियों की नियुक्ति के आदेश जारी कर दिए गए हैं। भार साधक अधिकारियों के माध्यम से संचालित हो रहे कार्यों का संचालन अब समितियों के माध्यम से होगा।

छत्तीसगढ़ के नगरीय निकायों में अगस्त महीने में 'कृष्ण कुंज' का होगा लोकार्पण

मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुरूप सभी नगरीय निकायों में विकसित किए जा रहे 'कृष्ण कुंज'

'कृष्ण कुंज' में सांस्कृतिक महत्व के पौधों का होगा रोपण

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के नगरीय क्षेत्रों में वृक्षारोपण कर 'कृष्ण कुंज' विकसित करने के लिए आगामी अगस्त माह में निर्धारित तिथि को एक साथ 'कृष्ण कुंज' का लोकार्पण किया जाएगा। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल द्वारा राज्य के नगरीय क्षेत्रों में वृक्षारोपण कर 'कृष्ण कुंज' विकसित करने के संबंध में घोषणा की गई है।

इस तारतम्य में अपर मुख्य सचिव वन एवं जलवायु परिवर्तन सुब्रत साहू द्वारा राज्य के समस्त कलेक्टर तथा वनमंडलाधिकारी को पत्र भेजकर नगरीय निकायों में माह अगस्त में 'कृष्ण कुंज' के लोकार्पण के लिए सभी आवश्यक तैयारियों के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने निर्देशित किया है कि 'कृष्ण कुंज' की स्थापना हेतु स्वीकृति सहित आवश्यक कार्यवाही माह अगस्त के प्रथम सप्ताह तक हर हालत में पूर्ण कर ली जाए। पत्र में यह भी अवगत कराया गया है कि राज्य में एकरूपता प्रदर्शित करने हेतु 'कृष्ण कुंज' को विशिष्ट पहचान दिलाने के लिए प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वनबल प्रमुख कार्यालय द्वारा लोगों एवं गेट का डिजाइन पृथक से भेजा जाएगा। इनमें फैसिंग सहित बजट उपलब्धता के आधार पर स्थानीय संस्कृति को बाउंड्रीवाल प्रदर्शित करने के लिए भी आवश्यक

कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं।

मुख्यमंत्री श्री बघेल द्वारा 'कृष्ण कुंज' को विकसित करने के संबंध में घोषणा की गई है कि हमारे देश में विरासत का संरक्षण हम सबका परम कर्तव्य है। यह अत्यंत आवश्यक है कि मनुष्य के लिए जितने भी वृक्षों की पूजा करने की परंपरा अत्यंत प्राचीन है। मनुष्य के लिए वृक्षों की अत्यधिक उपयोगिता होने के कारण ही हमारी परंपराओं में इन्हें महत्वपूर्ण स्थान दिया गया है, परंतु विगत वर्षों में नगरीय क्षेत्रों का तीव्र विकास होने के कारण वृक्षों की हो रही अंधाधुंध कटाई से वृक्षों का अस्तित्व ही खतरे में पड़ गया है। अगर यही स्थिति जारी रही तो कदाचित भावी पीढ़ियों को इन वृक्षों के पारंपरगत महत्व के बारे में जानकारी तक नहीं हो सकेगी। इसलिए वृक्षों की अमूल्य विरासत का संरक्षण हम सबका परम कर्तव्य है। यह अत्यंत आवश्यक है कि मनुष्य के लिए जितने भी जीवनपयोगी वृक्ष हैं, उन्हें सभी नगरीय क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर लगाया एवं संरक्षित किया जाए।

छत्तीसगढ़ के समस्त नगरीय निकायों में न्यूनतम एक एकड़ की भूमि में सांस्कृतिक महत्व के जीवन उपयोगी वृक्षों का रोपण करते हुए 'कृष्ण कुंज' विकसित किया जाएगा। इनमें आम, इमली, गंगा इमली, जामुन, बेर, गंगा बेर, शहतूत, तेंदू, चार, अनार, गूलर कैथा, कदम्ब, पीपल, नीम, बरगद, बबूल, पलाश अमरूद, सीताफल, बेल तथा आंवला प्रजाति के पौधे को रोपण हेतु शामिल किया गया है। यह भी निर्देशित किया गया है कि 30 जून तक समस्त पौधे चयनित रोपण क्षेत्रों पर पहुंच जानी चाहिए और रोपण कार्य वर्षा के आधार पर शीघ्रातिशीघ्र पूर्ण कर लिया जाए।

द्रोपती मुर्मू को राष्ट्रपति उम्मीदवार बनाने पर धन्यवाद

रायपुर/नवप्रदेश। द्रोपती मुर्मू को 75 वर्ष के इतिहास में देश का पहला आदिवासी राष्ट्रपति बनाने पर एनडीए को धन्यवाद मुर्मू को उम्मीदवार बनाने से देश-विदेश में भारत का महत्व विश्व पटल पर बढ़ा है। उक्त खुशी बांटने के लिए मीडिया के साथ छत्तीसगढ़ जनजाति गौरव समाज के अध्यक्ष विकास मरकाम ने प्रेस क्लब पहुंचकर पत्रकारवार्ता के माध्यम से उक्त पहल को सराहनीय पहल बताया उन्होंने बताया कि संथाल जनजाति की महिला को राष्ट्रपति बनाने से निश्चय ही आदिवासी समाज का सम्मान बढ़ा है। भारत की गौरवशाली परम्परा एवं संस्कृति का यह जीता जागता प्रमाण है कि झारखण्ड के राज्यपाल के रूप में उन्होंने अनेक स्मरणीय कार्य किए हैं। द्रोपती मुर्मू जिस दिन देश की राष्ट्रपति बनेगी उस दिन सम्पूर्ण प्रदेश में आदिवासी समाज मिठाई बांटकर फटाखे फोड़कर कर खुशियां मनाएगा। देश के 12 करोड़ आदिवासी जनजाति समाज के लिए आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर एनडीए ने देश को बहुमूल्य उपहार दिया है।

रायपुर-दुर्ग में कोरोना के बढ़े मामले, नई गाइडलाइन हुआ जारी

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में कोरोना संक्रमण के मामले में तेजी से बढ़ने लगे है। बीते 24 घंटे में 125 नए केस प्रदेशभर में सामने आए हैं। कोरोना मरीजों की लगातार बढ़ रही संख्या को देखते हुए प्रदेश में कोविड की नई गाइडलाइन जारी कर दी गई है। अब नई गाइड लाइन के पालन करवाने के लिए प्रशासन को सख्त निर्देश दिए गए हैं। राज्य में पिछले पांच दिन में पांच सौ से ज्यादा कोरोना के नए केस सामने आए हैं। बताया जा रहा है कि दूसरे राज्य से आने वाले लोगों में संक्रमण ज्यादा है। आम लोग भी ढिलाई बरतने लगे हैं। इसके चक्कर में कोरोना के मामले बढ़ रहे हैं।



इसके बाद दूसरे नंबर पर राजधानी रायपुर है। यहां 26 नए केस सामने आए हैं। इसके अलावा बेमेतरा और सरगुजा में 9-9 और बिलासपुर में संक्रमण के 8 नए केस मिले हैं। इसमें से ज्यादा तर का होम आइसोलेशन में ही इलाज चल रहा है। राहत की बात ये है कि पिछले 24 घंटे में कोरोना से एक भी संक्रमित की मौत नहीं हुई है। प्रदेश में कोरोना के एक्टिव मरीजों की संख्या 757 है।

राज्य सरकार द्वारा 27 जून को जारी कोरोना बुलेटिन के मुताबिक छत्तीसगढ़ में पिछले 24 घंटे में संक्रमण के 125 नए मामले सामने आए हैं। इसमें सबसे ज्यादा केस दुर्ग में हैं। दुर्ग में एक दिन में 28 नए संक्रमित लोगों की पहचान की गई है।

कोरोना के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए छत्तीसगढ़ शासन द्वारा कोविड की नई गाइड लाइन जारी की गई है। इसके तहत हवाई अड्डे, रेलवे स्टेशन व सड़क मार्ग वाले राज्य की सीमा पर चेक पोस्ट लगाए जाएंगे। इन चेकपोस्ट पर दूसरे राज्य से आने वाले यात्रियों की कोविड की जांच की जाएगी। राज्य सरकार के समान्य प्रशासन ने इस संबंध में आदेश जारी किया है। कोविड के बढ़ते मामलों को लेकर स्वास्थ्य विभाग व प्रशासन को भी अलर्ट रहने कहा गया है। इसको लेकर समस्त स्वास्थ्य आयुक्त, जिला कलेक्टर व पुलिस अधीक्षकों को आदेश जारी किया गया है।

बारिश नहीं होने से पिछड़ा खेती किसानी का कार्य

रायपुर/नवप्रदेश। जून महीने में पर्याप्त वर्षा नहीं होने की वजह से रायपुर, जशपुर, सरगुजा तथा बलरामपुर में कमी का अंतर साठ प्रतिशत से अधिक हो चुका है जो चिंता का विषय है। बारिश नहीं होने की वजह इन जिलों में खेती-किसानी का काम पिछड़ने की आशंका है। दूसरी छत्तीसगढ़ में बने सिस्टम की वजह से अभी बारिश के आसार बने हुए हैं।अनुकूल स्थिति होने के बाद भी बारिश नहीं होने की वजह पर मौसम विशेषज्ञ चिंतन मनन में जुटे हुए है। जून माह बीतने को हैं मगर रायपुर में अधिकतम तापमान अभी सामान्य से तीन डिग्री अधिक है। विशेषज्ञों का मानना है कि अभी बारिश की संभावना बनी हुई है इसलिए मानसून ब्रेक की स्थिति नहीं माना जा

सकता है। वर्तमान में जो सिस्टम बना हुआ है इसके प्रभाव से अगले चौबीस घंटे में बस्तर में भारी बारिश होने का अनुमान है इसके बाद बारिश का विस्तार अन्य इलाकों में होने के आसार है। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक पिछले दो साल में जुलाई माह में मानसून ब्रेक की स्थिति बन गई थी मगर इस बार बने रहे सिस्टम से बारिश के कम ज्यादा स्थिति रहने के आसार बना हुआ है।

मोर महापौर मोर द्वार, बाल गंगाधर तिलक वार्ड के शिविर में 231 मामले निराकृत

रायपुर/नवप्रदेश। मोर महापौर मोर द्वार योजना के दूसरे चरण में आज महापौर एजाज ढेबर ने बाल गंगाधर तिलक वार्ड में जाकर जनता की समस्याओं और शिकायतों को सुना। इस दौरान 262 आवेदन प्राप्त हुए। जिनमें से 231 को तत्काल निराकृत कर लिया गया। शिविर के दौरान नागरिकों ने शिकायत की कि वार्ड में नाली बहने के रास्ते को बाउंड्रीवाल बनाकर रोक दिया है। जिस वजह से नाली का पानी आगे बह नहीं पा रहा है और मोहल्ले में जलभराव की समस्या आ रही है। जोन के अधिकारियों ने बताया कि सम्बंधित व्यक्ति को उस जमीन का मालिकाना हक का कागज प्रस्तुत करने के लिए पूर्व में ही कहा जा चुका है। इस पर जनशिकायत को देखते हुए महापौर ने दीवार को तत्काल तोड़ने के निर्देश दिए। शिविर में एक व्यक्ति नया नल कनेक्शन लगवाने का आवेदन लेकर आए थे। महापौर श्री ढेबर उनके घर में आज ही नल कनेक्शन लगाने के निर्देश दिए।शिविर में ज्यादातर लोग नया राशन कार्ड बनाने, डुप्लीकेट राशन कार्ड, नया आधार कार्ड, आधार कार्ड में त्रुटि सुधार, श्रमिक कार्ड आदि बनाने के लिए आए थे। आज 262 आवेदन प्राप्त हुए। जिनमें से 231 निराकृत कर लिए गया। वहीं शेष 29 को भी जल्द से जल्द सुधार लेने के निर्देश दिए गए हैं।

डॉ. रवि जायसवाल कैंसर विशेषज्ञ का राष्ट्रपति स्वर्णपदक से सम्मान

रायपुर/नवप्रदेश। नई दिल्ली में 20 जून 2022 को नेशनल बोर्ड ऑफएग्जामिनेशन का 21 वां दीक्षांत समारोह संपन्न हुआ। इसमें कैंसर चिकित्सा के क्षेत्र मे स्वर्णपदक, डॉ. रवि जायसवाल कैंसर विशेषज्ञ को, केन्द्रीय स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्री मान. मनसुख मंडाविया तथा राज्य के मान. स्वास्थ्य मंत्री डॉ. भारती प्रवीण पवार के द्वारा प्रदान किया गया।

डॉ. रवि जायसवाल मेडिकल आंकोलाजिस्ट तथा हिमेटोलाजिस्ट कसंलटेंट के रूप मे, वर्तमान मे रामकृष्ण केयर हास्पिटल, रायपुर मे कार्य कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रपति स्वर्णपदक चिकित्सा विज्ञान के क्षेत्र मे, शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिये प्रदान किया जाता है। डॉ. रवि जायसवाल, कैंसर को विशेषज्ञ के रूप में गोल्डमेडल से, मेडिकल आंकोलाजी में, श्री हरीश राव थन्नीरी

(मान. वित्त एवं स्वास्थ्य मंत्री, तेलंगाना सरकार) तथा श्री नंदमूरी बालकृष्ण (अध्यक्ष, अभिनेता तथा राजनेता) के हाथों सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सुब्रमणीयम राव (बी आई ए सी एच आर आई के मेडिकल डायरेक्टर) डॉ. सेंथिल राजप्पा BIACHRI के हैदराबाद मेडिकल्स आंकोलाजी के एचओडी तथा सीईओ प्रभाकर राव आदि उपस्थित थे। डॉ. रवि जायसवाल ने अपने सम्मान के लिये सभी का आभार व्यक्त किया। रामकृष्ण कैंसर हास्पिटल के मैनेजिंग व मेडिकल डायरेक्टर डॉ. संदीप दवे एवं हास्पिटल के सभी डाक्टर्स व स्टाफ ने, डॉ. रवि जायसवाल को इस उपलब्धि के लिये बधाई दी।

नागरिक सुविधाओं के लिए राशि की कमी नहीं : डॉ. डहरिया

नगरीय निकायों के कार्यों की दो दिवसीय समीक्षा बैठक सम्पन्न

रायपुर/नवप्रदेश। नगरीय प्रशासन, विकास तथा श्रम मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया ने कहा है कि नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं मुहैय्या कराने नगरीय निकायों के पास संसाधन की कमी नहीं है। प्रदेश के सभी नगरीय निकायों को पर्याप्त राशि आबंटित की गई है। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को पेयजल, साफ-सफाई, स्वास्थ, आवास, सड़क सहित अन्य कार्य कराने तत्परता, सजगता एवं संवेदनशीलता से कार्य करने के निर्देश दिए हैं। नगरीय प्रशासन मंत्री ने नगरीय निकायों के काम-काज की समीक्षा के दो दिवसीय कार्यक्रम के तहत आज यहां रायपुर स्थित सर्किट हाऊस में आज रायपुर, दुर्ग एवं सरगुजा संभाग के नगरीय निकायों के कार्यों की सघन समीक्षा की। इसके पहले कल 28 जून को प्रदेश के सभी नगर निगमों, बस्तर और बिलासपुर संभाग के अंतर्गत नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायत के कार्यों की समीक्षा की। दो दिवसीय इस बैठक में नगरीय

प्रशासन एवं विकास विभाग की सचिव अलरमेल मंगई डी. मौजूद थी। नगरीय प्रशासन मंत्री ने मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना की मोबाइल मेडिकल यूनिट का नियमित परीक्षण करने एवं दवाईयां तथा स्वास्थ्य परीक्षण उपकरण की उपलब्धता लगातार बनाये के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि स्लम स्वास्थ्य योजना से प्रदेश में अब तक 23 लाख से ज्यादा मरीजों का उपचार किया गया है। मोबाइल मेडिकल यूनिट स्लम बस्तियों की लोगों की जरूरत बन गई है इसलिए जरूरतमंद लोगों का संवेदनशीलता के साथ स्वास्थ्य परीक्षण एवं इलाज तथा निःशुल्क दवाए उपलब्ध कराएं।

इन कार्यों की हुई समीक्षा

समीक्षा बैठक में पौनी पसारी, स्वच्छ भारत मिशन, अमृत मिशन, प्रधानमंत्री आवास, भवन आरक्षण एवं शहरों की नाले एवं नालियों की साफसफाई के कार्यों की गहन समीक्षा की गई। नगरीय प्रशासन मंत्री ने सभी शहरों में डोर टू डोर कचरा कलेक्शन की लगातार मानीटरिंग करने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। बैठक में श्री धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर में लोगों को सस्ती दवाएं उपलब्ध कराने दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता बनाए रखने के निर्देश दिए हैं। समीक्षा के दौरान नगरीय निकायों की राजस्व आय में वृद्धि के उपाय राजस्व वसूली एवं निकायों की दुकान आबंटन की स्थिति की समीक्षा की गई।

जल भराव वाले क्षेत्रों को चिन्हित करने के निर्देश

इसी तरह से वर्षा ऋतु में नाले नाली की सफाई जल भराव वाले क्षेत्रों का चिन्हांकन एवं आवश्यक व्यवस्था करने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए। बैठक में रेन वाटर हार्वेस्टिंग, टेंकर मुक्त पेयजल आपूर्ति कृष्ण कुंज स्थल चयन एवं भूमि की उपलब्धता की विस्तार से जानकारी ली गई। इसी तरह से 14वें एवं 15वें वित्त आयोग के एवं मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुसार नगर पालिका अध्यक्ष एवं पार्षद निधि के प्रस्ताव पर की गई कार्यवाही की समीक्षा की गई। अधिकारियों को नगरीय निकाय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को समय पर वेतन भुगतान करने के निर्देश दिए गए।

न्यूज गैलरी

जवाहरलाल नेहरू अस्पताल के डॉ कौशलेंद्र ठाकुर होंगे सम्मानित

भिलाई (नव प्रदेश)। भारत में राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस हर साल 1 जुलाई को भारत के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ बिधान चंद्र रॉय की जयंती और पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। आईएमए पूरे देश में इस दिन अपनी लगभग 1765 से अधिक स्थानीय शाखाओं में स्वास्थ्य गतिविधियों का संचालन करके राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस मनाता है। इस वर्ष राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस पर आईएमए हाउस, नई दिल्ली में आयोजित होने वाले एक विशेष समारोह में भिलाई इस्पात संयंत्र के मुख्य चिकित्सालय जवाहरलाल नेहरू अस्पताल एवं अनुसंधान केन्द्र के संयुक्त निदेशक डॉ कौशलेंद्र ठाकुर को आईएमए चिकित्सक दिवस पुरस्कार-2022 से सम्मानित किया जायेगा। पुरस्कार समारोह का आयोजन 1 जुलाई, 2022 (शुक्रवार) को दोपहर 2.00 बजे से शाम 5.00 बजे तक किया गया है। इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में माननीय केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री श्री मनसुख मंडाविया जी उपस्थित होंगे। मानवता के लिए अपनी समर्पित सेवा के माध्यम से हमें प्रेरित करने वाले डॉक्टरों को सम्मानित करने के लिए राष्ट्रीय डॉक्टर दिवस पर आईएमए एक पुरस्कार समारोह 2022 का आयोजन कर रहा है। पिछले कुछ वर्षों से, आईएमए राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर चिकित्सा के क्षेत्र में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने वाले लीडरों और उनके सदस्यों को भी सम्मानित कर रहा है। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी उन्हें सम्मानित किया जायेगा।

दुर्ग निगम के अधिकारी और कर्मचारियों ने ली एक दिन की सामूहिक अवकाश

दुर्ग (नव प्रदेश)। नगर पालिक निगम दुर्ग के समस्त अधिकारी और कर्मचारी आज कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के आव्हान पर केंद्र शासन के समान महंगाई भत्ता की मांग लेकर आज काम बंद हड़ताल किए । उन्होंने सामूहिक अवकाश लेकर पूरा निगम कार्यालय में काम बंद रखा । इस अवसर पर छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के मंच पर पहुंच कर उन्होंने केंद्र शासन के समान महंगाई भत्ता की मांग का समर्थन किया । उल्लेखनीय है कि नगर पालिक निगम दुर्ग के अधिकारियों कर्मचारियों को 22त्न महंगाई भत्ता की जा रही है जबकि केंद्र शासन के द्वारा समस्त अधिकारी कर्मचारियों को 34त्न महंगाई भत्ता प्रदान किया जा रहा है राज्य शासन के द्वारा 2 माह पूर्व 5त्न महंगाई भत्ता प्रदान किया गया है परंतु बढ़ती महंगाई को ध्यान में रखते हुए केंद्र शासन की घोषणा और निर्देश को जायज मानते हुए राज्य शासन को राज्य के समस्त कर्मचारी अधिकारियों को 34त्न महंगाई भत्ता देना चाहिएं ।

सेक्टर 4 में होगा एलईडी लाइट सह स्ट्रोटर्फ युक्त बैडमिंटन कोर्ट का निर्माण

भिलाई (नव प्रदेश)। सेक्टर 4 वार्ड 57 के वार्डवासियों को भिलाईनगर विधायक देवेंद्र यादव ने एक और बेहतरीन सौगात देने वाले है। अपने विधायक निधि से सेक्टर 4 में एस्ट्रोट्रफसह एलईडी लाइट सह स्ट्रोटर्फयुक्त बैडमिंटन कोर्ट का निर्माण किया जाएगा। जिसका ड्राइंग डिजाइन तैयार करने के साथ ही प्रशासनिक स्वीकृति होने के साथ अब जल्द ही इसका भूमिपूजन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। सेक्टर 4 के सम्मानित नागरिकों की मांग पर भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने पहल करते हुए सेक्टर 4 एलइडी लाइट सह स्ट्रोटर्फयुक्त बैडमिंटन कोर्ट बनाने की पहल की है। करीब 10 लाख की लागत इसका निर्माण किया जाएगा। विधायक श्री यादव ने सम्मानित नागरिकों की मांग पर प्रशासनिक स्वीकृति लेकर निर्माण कार्य शुरू करने के लिए कोई योजना तैयार करने का निर्देश दिया था जिसके तहत निगम के अधिकारियों ने निर्माण कार्य के लिए सभी जरूरी प्रक्रिया पूरी कर ली है और जल्द ही अब भूमि पूजन किया जाएगा भूमि पूजन के बाद जल्द ही निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा। इससे वार्ड सहित आसपास के खिलाड़ियों को भी लाभ मिलेगा। विधायक देवेंद्र यादव ने कहा कि एलईडी लाइट सह स्ट्रोटर्फयुक्त बैडमिंटन कोर्ट की मांग जनता द्वारा की गई थी। जनता की मांग और जरूरतों को ध्यान में रख कर हम लगातार काम कर रहे हैं। प्रदेश के याशस्वी मुख्यमंत्री हमारे मुखिया जनता के हित और विकास के लिए बजट भी स्वीकृत कर रहे हैं। जिससे भिलाई का तेजी से विकास हो रहा है। सेक्टर 4 में बनने वाले इस खेल मैदान का निर्माण होने से अभी क्षेत्र के बच्चे और युवाओं को लाभ होगा सिर्फ शब्दों से ही नहीं एवं आसपास के खिलाड़ी भी यहां आकर अपने किसी का अभ्यास कर सकेंगे इसी उद्देश्य से उसका निर्माण कार्य जल्द ही शुरू किया जाएगा इसके लिए निगम प्रशासन ने विधायक देवेंद्र यादव के निर्देश पर सभी प्रक्रियाओं को पूरा कर लिया है।

कोविड टीकाकरण के विस्तार के लिए पुन: चलाया जाएगा अभियान

दुर्ग (नव प्रदेश)। 01 जुलाई से 05 जुलाई तक कोविड टीकाकरण के विस्तार करने हेतु जिले में पुनः अभियान चलाया जाएगा। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने जिले के समस्त खण्ड चिकित्सा अधिकारी को निर्देशि किया है कि टीकाकरण अभियान के इस मुहिम को व्यापक स्तर पर सफ्ल बनाने के लिए युद्ध स्तर पर कार्य किया जाए। इस अवसर पर निजी क्लीनिक व नर्सिग होम, महिला बाल विकास के अन्तर्गत समस्त कर्मचारियों, एफ्एलडब्ल्यू वर्ग के रजिस्टर्ड समस्त मितानिनों, मितानिन समन्वयको एचसीडब्ल्यू वर्ग के छुटे हुए हितग्राहियों को प्रीकाशन डोज भी लगाया जाएगा। बच्चों का टीकाकरण विकासखण्ड, शहरी एवं ग्रामीण स्तर पर समस्त स्कूलों के प्राचार्य से संपर्क कर 12 से 14 वर्ष एवं 15 से 17 आयु वर्ग के बच्चों को शत् प्रतिशत टीकाकृत करने कहा गया। चिरायु दल द्वारा स्कूल में भ्रमण कर बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण के साथ साथ छुटे हेतु बच्चो को भी टीकाकृत किया जाएगा। टीकाकरण महाअभियान 01 जुलाई से गुरूद्वारा व चर्च में दिन रविवार को प्रातः 08:00 बजे से 02:00 बजे तक तथा साई बाबा के मंदिरों में दिन गुरूवार को शाम 3:00 बजे से रात्रि 08:00 बजे तक टीकाकरण किया जायेगा। विभिन्न स्थलों पर टीकाकरण के तय किये गये लक्ष्य-प्रत्येक शहरी एवं ग्रामीण विकासखंड में उपलब्ध एएनएम के द्वारा महाअभियान का लक्ष्य, प्रतिदिन लक्ष्य धमधा 1000, प्रतिदिन लक्ष्य चरोदा शहरी 300 रखा गया है।

पाइप लाइन रिपेयर कार्य जारी, टाउनशिप में 30 जून को जल आपूर्ति रहेगी बाधित

भिलाई (नव प्रदेश)। भिलाई इस्पात संयंत्र के जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, नगर सेवा विभाग के द्वारा बीएसएनएल चौक सेक्टर-4 के पास 250 मि. मी. व्यास पाइप लाइन में लीकेज का सुधार कार्य दिनांक 28 और 29 जून, 2022 को किया जा रहा है। पाइप लाइन रिपेयर का कार्य 30 जून, 2022 को भी जारी रहेगा अतः इस रिपेयर कार्य को देखते हुए इस्टर्न ग्रिड को बंद किया गया है। इसके फ्लस्वरूप दिनांक 30 जून, 2022 बुधवार को सेक्टर-01 से सेक्टर-06 तक नियमित जलापूर्ति आंशिक रूप से बाधित रहने की संभावना है। अतः इन क्षेत्रों के नागरिकों से विनम्र अनुरोध है कि जलप्रदाय के कार्य में होने वाली असुविधा हेतु आवश्यक सहयोग प्रदान करें।

स्कूली बच्चों को बताई हाथ धोने की सही विधि, ओआरएस पाउडर भी बांटे

डायरिया से बचाव के लिए स्कूल में हुआ जागरुकता कार्यक्रम

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। बरसात का मौसम आते ही संभावित स्वास्थ्यगत परेशानियों पर नियंत्रण के लिए जिले में हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में जिले में डायरिया नियंत्रण पखवाड़ा शुरू किया गया है, जो 5 जुलाई तक चलेगा। डायरिया नियंत्रण पखवाड़ा के अंतर्गत स्कूलों में जागरुकता कार्यक्रम किए जा रहे हैं जिसमें विभिन्न गतिविधियों को शामिल किया गया है।

जिला स्वास्थ्य विभाग के निर्देश पर यूनिसेफ एवं स्टारलाइट फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में दुर्ग के शासकीय आदर्श कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर यूनिसेफ की जिला समन्वयक निशा सोनी एवं स्टारलाइट फाउंडेशन के प्रतीक ठाकरे ने बच्चों को डायरिया के विषय में जानकारी दी। डायरिया के लक्षण, उसकी रोकथाम इत्यादि की जानकारी देने के साथ ही बालिकाओं को हाथ धोने की सही विधि भी बताई गई। वहीं 50 से ज्यादा बालिकाओं को ओआरएस पाउडर का वितरण किया गया। जागरुकता कार्यक्रम के क्रम में विद्यालय के छात्राओं ने रैली निकालकर लोगों को डायरिया नियंत्रण के विषय में जागरूक किया।इस अवसर पर यूनिसेफ की जिला समन्वयक निशा सोनी ने स्कूली बच्चों को बताया: डायरिया को हिंदी में दस्त भी कहते हैं। यह पाचन तंत्र संबंधित एक विकार या डिसऑर्डर है। यह समस्या होने पर मल पानी की तरह पतला होता है, लेकिन सावधानी बरतने से डायरिया को रोका जा सकता है।

डायरिया नियंत्रण पखवाड़ा के संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जेपी मेश्राम ने बताया: बरसात के मौसम में लोगों की स्वास्थ्य सुरक्षा को प्राथमिकता में रखकर जिले में डायरिया नियंत्रण पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसके अंतर्गत डायरिया से बचाव हेतु लोगों को जागरुक करने के लिए स्कूलों व बाजारों में कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। स्कूलों व समुदाय में हाथ धोने की सही विधि बताई जा रही है तथा ओआरएस पाउडर का वितरण किया जा रहा है। शिशुओं में होने वाले डायरिया को नजरअंदाज करना गंभीर हो सकता है। यदि बार-बार मतली और पेट में ऐंठन के साथ डायरिया के लक्षण दिखाई देते हैं तो डॉक्टर्स से तत्काल संपर्क करना चाहिए।

वहीं डायरिया पर नियंत्रण के बारे में डीपीएम पद्माकर शिंदे ने बताया: डायरिया यानी आंत से संबंधित यह रोग मुख्य रूप से रोटावायरस के कारण होता है। यह साल्मोनेला या ई-कोलाई जैसे जीवाणुओं, हार्मोनल विकार, आंतों मे सूजन या कुछ दवाओं के सेवन की वजह से भी सकता है। नियमित स्वच्छता बनाए रखने के साथ ही स्ट्रीट फूड खाने से परहेज किया जाए और साफ स्वच्छ पानी पीएं तो वायरस और बैक्टीरिया के कारण होने वाले रोग को नियंत्रित किया जा सकता है।

दो सूत्रीय मांग को लेकर आंदोलन

■ कर्मचारियों के प्रदर्शन से कार्यालय मे पसरा सन्नाटा, आयुक्त ने प्लेसमेंट से लिया काम

नव प्रदेश संवाददाता

रिसाली। राज्य कर्मचारी फेडरेशन के आव्हान पर नगर पालिक निगम रिसाली के कर्मचारी बुधवार को धरना प्रदर्शन में शामिल हुए। इस दौरान कार्यालय में सन्नाटा पसरा रहा। आयुक्त आशीष देवांगन कार्यालय पहुंचे और प्लेसमेंट कर्मचारियों से रूटिन का कार्य कराया।

दो सूत्रीय मांग को लेकर निगम कर्मचारी सुबह 10 बजे से मुख्य गेट पर जमा हो गए थे। इस दौरान उन्होंने मांग क्यो जायज है इस पर नुक्कड़ सभा भी की। कर्मचारियों ने मांग पूरा करने नारे भी लगाए। कर्मचारियों का कहना था कि सुविधाएं उपलब्ध करना है, लेकिन उन्हे वाजिब हक नहीं मिल रहा है। प्रदर्शनकारियों में स्वायत्तशासी शासकीय कर्मचारी संघ रिसाली के अध्यक्ष गोपाल सिन्हा, उपाध्यक्ष बृजेन्द्र परिहार, पूर्व अध्यक्ष जगरनाथ कुशवाहा के अलावा नलनिश मिश्रा, विवेकरंगनाथ, किरण वर्मा, अखिलेश वर्मा, कमलेश, टेकराम आदि उपस्थित थे।

कार्य नहीं हुआ बाधित

आंदोलन का असर रिसाली निगम क्षेत्र के दैनिक कार्य जैसे साफ सफाई व जल प्रदाय बाधित नहीं हुआ। कार्य की जिम्मेदारी एक दिन पूर्व ही प्लेसमेंट के तहत कार्य करने वाले कर्मचारियों को दे दी गई थी। आयुक्त ने सुबह मॉर्निंग विजिट के तहत दैनिक होने वाले कार्यो का निरीक्षण किया।

निर्माण कार्य का किया निरीक्षण

आवश्यक पेंडिग फाइलों का निराकरण करने के बाद आयुक्त विजिट पर निकल गए। इस दौरान उन्होंने निगम क्षेत्र में चलने वाले कार्यो का निरीक्षण किया और संबंधित एजेंसी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

कर्मचारियों की मांग

केन्द्र के समान छत्तीसगढ़ के कर्मचारियों को 34 प्रतिशत डीए दिया जाए। 7 वे वेतमान के तहत गृह भाड़ा भत्ता दिया जाए।

प्रधानमंत्री आवास के लिए फिर से होगा सर्वे

■ 15 दिवस के भीतर दावा नहीं किया तो दूसरे को मिलेगा मौका

नव प्रदेश संवाददाता

रिसाली। नगर पालिक निगम रिसाली में बने प्रधानमंत्री आवास आबंटन नए सिरे से होगा। पोर्टल में दर्ज नाम को हटाकर नए हितग्राहियों को शामिल किया जाएगा। नाम विलोपन दावा आपत्ती के लिए निगम प्रशासन ने 15 दिवस की मोहलत दी है।

प्रधानमंत्री आवास योजना के सहायक नोडल अखिलेश गुप्ता ने बताया कि पूर्व में सर्वे कर हितग्राहियों की तलाश कर सहमति के आधार पर पोर्टल में नाम दर्ज किया था। वर्तमान में हितग्राही यह कहते हुए आबंटन प्रक्रिया में रूचि नहीं दिखा रहे है कि पूर्व में काबिज जमीन पर योजना के तहत रजिस्ट्री करा रहे है। भूस्वामित्व अधिकार मिल रहा है। इसके बाद निगम प्रशासन ने नए जरूरतमंद हितग्राहियों को अवसर देने प्रक्रिया शुरू कर दी है। पूर्व में आवास के लिए सहमति देने वाले हितग्राहियों का नाम विलोपन के लिए दावा आपत्ती की प्रक्रिया 15 दिवस के भीतर पूर्ण की जाएगी।

निगम के अधिकारियों ने बताया कि वर्ष 2021-22 के लिए नहर किनारे टंकी मरोदा क्षेत्र का सर्वे किया गया था। चयनित हितग्राहियों का नाम विलोपन पश्चात नए श्रमिक बाहुल्य क्षेत्र या फिर बीएसपी की भूमि पर अवैध रूप से मकान बनाकर रहने वालों का सर्वे नए सिरे से किया जाएगा।

सहायक नोडल ने बताया कि रिसाली नगर पालिक निगम क्षेत्र के स्लम व गैर स्लम एरिया में किराया से मकान लेकर रहने वाले भी आवास योजना का लाभ उठा सकते है। वे निगम कार्यालय आकर आवेदन कर सकते है। योजना के तहत हितग्राहियों को आसान किश्तों में आवास उपलब्ध कराया जाएगा। उल्लेखनीय है कि योजना के तहत निगम क्षेत्र में 1537 आवास स्वीकृत है।

1 जुलाई से प्लास्टिक बैन

दुर्ग (नवप्रदेश)। नगर पालिक निगम दुर्ग क्षेत्र अंतर्गत 01 जुलाई से प्लास्टिक पूर्णत प्रतिबंधित रहेगा। सिंगल यूज प्लास्टिक के नुकसान से हर कोई वाकिफ है। इसको देखते हुए निगम ने 1 जुलाई से प्लास्टिक पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाने के निर्देश दिए हैं, व्यापारिक संगठनों, आम नागरिकों, खरीदारों, फुटकर विक्रेताओं से अपील की है कि प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग एवं विक्रय न करें। 01 जुलाई से दुर्ग निगम द्वारा प्रतिबंधित प्लास्टिक को लेकर सख्ती की जाएगी, सिंगल यूज प्लास्टिक रखने एवं इसके उपयोग पर कार्रवाई की जाएगी। दुर्ग शहर को प्लास्टिक से मुक्त शहर बनाने के तर्ज पर कार्य किया जाएगा और इस पर हर संभव कार्य किया जाएगा।उल्लेखनीय है कि जगह-जगह पॉलिथीन बिखरे होने की वजह से यह नालियों में पानी को जाम कर देता है, जल स्त्रोतों को प्रदूषित करता है, डीकंपोज न होने के कारण काफी वर्षो तक यह धरती को किसी न किसी रूप में नुकसान पहुंचाता है।

सेवानिवृत्ति पर भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन ने दी भावभीनी विदाई

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई । सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र की सेवा से जून, 2022 माह में सेवानिवृत्त हो रहे कार्यपालकों को 29 जून, 2022 को इस्पात भवन के निदेशक प्रभारी सभागार में आयोजित समारोह में भावभीनी विदाई दी। इस अवसर पर भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी श्री अनिर्बान दासगुप्ता तथा कार्यपालक निदेशक प्रभारी (कार्मिक एवं प्रशासन), श्री के के सिंह, ऑफिसर्स एसोसिएशन व सेफी के अध्यक्ष श्री एन के बंछोर उपस्थित रहे। विदा होने वाले इस्पात बिरादरी को संयंत्र प्रबंधन ने उनके योगदान को रेखांकित करते हुए उनके स्वस्थ एवं सुखी जीवन की कामना की।

जून, 2022 माह में सेवानिवृत्त होने वाले कार्यपालकों में शामिल है संयंत्र के महाप्रबंधक (एफ एंड पी शॉप) श्री आर टी चौधरी, महाप्रबंधक (स्टोर्स) श्री राजेश चावला, महाप्रबंधक (एसपी-3) श्री रमेश कुमार राजसिंह, महाप्रबंधक (एसएमएस-2) श्री ए बी मंगलगिरी, महाप्रबंधक द्विजेन्द्र दास, महाप्रबंधक विजय कुमार, महाप्रबंधक विरेन्द्र बहादुर सिंह, महाप्रबंधक (प्रोजेक्ट्स) श्री निरेन कुमार दास, उप महाप्रबंधक (एसीडब्ल्यूई) श्री सुरेश प्रधान, उप महाप्रबंधक (परचेस) श्री राजेन्द्र कुमार दुबे, उप महाप्रबंधक (सीओसीसीडी) श्री गैंदलाल साहू, उप महाप्रबंधक (पर्सनल मैनेजमेंट) श्री लक्ष्मण बावने, सहायक महाप्रबंधक (आरसीएल) श्री तोप सिंह वर्मा, सहायक महाप्रबंधक (एसपी-2) श्री किशोर कुमार नंदा, सहायक महाप्रबंधक (हिर्री माइन्स) श्री प्रभाकर मिश्रा, सहायक महाप्रबंधक श्री सुधीर कुमार भाटिया, सहायक महाप्रबंधक श्रीमती सुनीता जोशी, सहायक महाप्रबंधक श्री सुशांत बिस्वास, सहायक महाप्रबंधक श्री निर्मल कुमार, सहायक महाप्रबंधक द्वय श्री कृष्णा राम मारकंडे व श्री मुकुल पेंधारकर, वरिष्ठ प्रबंधक श्री मनोज कुमार अरमारकर, वरिष्ठ प्रबंधक श्री अनुप कुमार शर्मा, वरिष्ठ प्रबंधक बालगोविंद साहु, वरिष्ठ प्रबंधक श्री सत्यवान नायक, प्रबंधक श्री सी एस अधिकारी, प्रबंधक (इस्टेट) श्री बिकास चन्द्र सिन्हा, प्रबंधक (सी एंड आईटी) श्री जी राजेश्वर राव।

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग -1 (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-6/ वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक क्रेता श्रीमती सीमा महिपाल पति श्री देवराज महिपाल जाति सतनामी निवासी मकान नं.344/के, ग्राम व पोष्ट खोपली तह. व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम खोपली प.ह.न 43 रा.नि.मं. उतई तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 1776/1 रकबा 0.250 हे. लगान 0.71रू. भूमि को विक्रेता घनश्याम पिता श्री राजूलाल जाति सतनामी निवासी ग्राम व पोष्ट खोपली से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 13/6/2022 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को क्रेता के पक्ष में प्रमाणिकरण किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायाालय में प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत दिनांक 30/6/2022 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 23/6/22 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र- ...//अ-20(3)/ वर्ष 2021 -22

आवेदक अनिल कुमार आ. स्व. रामजीवन निवासी सिकोलाबस्ती वार्ड 16 दुर्ग एवं अन्य दुर्ग द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि दुर्ग स्थित नजूल भूमि शीट क्र. 71 ए भूखण्ड क्र. 10/2 क्षेत्रफल 17 वर्गमीटर भूमि धारकगण अनिल कुमार पिता रामजीवन एवं अन्य के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। सहधारकगण लता, सुनीतारू सुषमा, पूर्णिमा द्वारा आवकदकगण अनिल कुमार, राजेश्वरी निर्मलकर, ना.बा. मयंक, ना.बा. नम्रता के पक्ष में पंजीकृत हक त्याग पत्र दिनांक 31/05/2022 को निष्पादित किया है। आवेदकगण द्वारा उक्त पंजीकृत हक त्याग पत्र के आधार पर प्रश्नाधीन भूखण्ड से हकत्यागकर्ता सहधारकगण का नाम विलोपित कर हक प्राप्तकर्ता आवेदकगण का नाम नजूल अभिलेख में यथावत रखे जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव् एतद द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को आपत्तिया दावा हो प्रकरण की सुनवाई 6/7/2022 या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या जिस भूखण्ड संबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जावं। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई कार्यवाही नही किया जावेगा।

आज दिनांक 17/6/22 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर — नजूल जांच अधिकारी, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र- 202206101200088/अ-06/ वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका देवीलाल पिता/पति स्व. गरीबदास अन्य निवासी अण्डा मौजा जंजगिरी प.ह.नं. 37 रा.नि.मं. अण्डा तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर 328/1 रकबा 0.85 हे. मंगला बाई अन्य के नाम पर दर्ज है। भूमिस्वामी दिनांक 24/4/2022 की मृत्यु हो जाने के कारण वारिसानों का नाम दर्ज करने आवेदन पेश किया गया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 8/7/2022 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 22/6/22 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अति. तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

मा.क्र.//अ-06/ वर्ष 2020 -21

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक ममता आ. स्व. परसराम निवासी जामगांव तह. बेरला जिला बेमेतरा छ.ग. के द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि मौजा ग्राम ढाबा प.ह.नं. 01 तह. व जिला दुर्ग में ख.नं. 953 रकबा 1.0000 हे. भूमि आवेदिका के नाम पर हस्तांतरणीय शासकीय पट्टे की भूमि दर्ज है जिसे विक्रय किए जाने हेतु आवेदन पेश किया गया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को इस संबंध में आपत्ति दावा या उजर पेश करना हो तो दिनांक 8/7/22 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या उजर प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई कार्यवाही नही किया जावेगा।

आज दिनांक 20/6/22 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर — अति. तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र- //अ-20(1)/ वर्ष 2021 -22

आवेदक श्री अशोक कुमार धांडे पिता स्व. एच.जी.धांडे निवासी आदमी नगर हुडको भिलाई जिला दुर्ग द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि आदमी नगर हुडको भिलाई में स्थित ख.नं.1/2, 2/1 का टुकड़ा भूखण्ड नं. एलआईजी 71 क्षेत्रफल 96.00 वर्गमीटर भूमि आवेदक के पिता/पति स्व. एच.जी.धांडे को भिलाई इस्पात संयंत्र भिलाई द्वारा आबंटित है। आबंटिती की मृत्यु दिनांक 20/11/2006 को हो चुकी है। आवेदक द्वारा मृतक आबंटिती का नाम विलोपित करने तथा उनके विधिक वारिसानों का नाम दर्ज करते हुए नवीन पट्टा निष्पादन करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव् एतद द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को आपत्तिया दावा हो प्रकरण की सुनवाई 14/7/2022 या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या जिस भूखण्ड संबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जावं। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई कार्यवाही नही किया जावेगा।

आज दिनांक 29/6/22 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर — नजूल जांच अधिकारी, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र- 202206101200070/अ-06/ वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका विद्या साहू पिता/पति स्व. केशवराम साहू निवासी ग्राम चंदखुरी मौजा चंदखुरी प.ह.नं. 29 रा.नि.मं. अण्डा तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर 1523/2 रकबा 0.36 हे. भीषम लाल के नाम पर दर्ज है। भूमिस्वामी दिनांक 26/9/21 की मृत्यु हो जाने के कारण वारिसानों का नाम दर्ज करने आवेदन पेश किया गया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 05/07/2022 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 16/08/2022 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई के न्यायालय में मामला

क्रमांकः 202205101000216/202205101000216

विषयः अ-74 सन्- 2020-2021

मामले की श्रेणी-राजस्व

ढोर प.ह.न. 00017

पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार - / अयोध्या प्रसाद साहू अनावेदक पक्षकार -

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अयोध्या प्रसाद साहू पिता/पति/विभाग स्व. घसिया राम साहू पता ढौर तह. व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम ढौर प.ह.नं. 17 रा.नि.मं. जामुल तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि ख.नं. 5, 79, 80, 230, 232, 1369, 1373, 1902, 1912, 1914, 1915, 2398/2 कुल रकबा 1.300 हे. भूमि में आवेदक व अनावेदकगण के नाम पर दर्ज है उक्त भूमि का खाता विभाजन किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में आवेदन मय दस्तावेज प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त भूमि का नामांतरण किए जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को उजर दावा हो सुनवाई तिथि दिनांक 30/6/22 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा । यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 15/6/22 को जारी किया जाता है।

अति. तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र- 189//अ-20(3)/ वर्ष 2021 -22

आवेदिका श्रीमती रामबती मटियारा पति बीकरसिंग मटियारा एवं अन्य 09 निवासी ढीमर पारा दुर्ग की ओर से अधिवक्ता श्रीमती पूनम ताम्रकार द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि दुर्ग स्थित नजूल भूमि शीट क्र. 29 सी प्लाट नं. 97/1 रकबा 36 वर्गमीटर भूमि धारक बीरसिंग आ. मंगलीराम के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। धारक बीरसिंग की मृत्यु दिनांक 01/01/2022 को हो चुकी है। मृतक धारक के विधिक वारिसान आवेदकगण है। इसके अतिरिक्त अन्य वारिसान नहीं है। आवेदिका द्वारा मृतक धारक का नाम नजूल अभिलेख से विलोपित कर उनक स्थान पर उनके विधिक वारिसानों का नाम फौती नामांतरण दर्ज किए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव् एतद द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को आपत्तिया दावा हो प्रकरण की सुनवाई 6/7/2022 या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या जिस भूखण्ड संबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जावं। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई कार्यवाही नही किया जावेगा।

आज दिनांक 16/6/22 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर — नजूल जांच अधिकारी, दुर्ग (छ.ग.)

आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को आम जनता के माध्यम से सूचित कर आगाह किया जाता है बिन्दुश्वरी प्रसाद पिता स्व. अदालत महतो निवासी 454 सड़क 5 सी शांतिनगर कोहका वार्ड नं. 11 भिलाई जिला दुर्ग ने, राजेश सेटठी पिता स्व. नरसिम्हलू केम्प 2 शारदापारा भिलाई जिला दुर्ग से उसकी इकरारशुदा भूमि ग्राम खेदामारा प.ह.नं. 16 खसरा नं. 767/1 का रकबा 0.1140 हे. का टुकड़ा 984 वर्गफीट प्लाट नं. 25 जिसके उत्तर दिशा में प्लाट नंबर 26, दक्षिण दिशा में अन्य की भूमि, पूर्व दिशा में रोड़ एवं बी.एस.पी. की जमीन, पश्चिम दिशा में प्लाट नं. 24 को क्रय करने का पक्का सौदा तय कर बतौर बयाना अग्रिम धानराशि प्रदान कर दिया है। अग्रिम बयाना धनराशि प्राप्त कर विक्रेता राजेश सेट्ठी ने बिन्देश्वरी प्रसाद के पक्ष में इकरारनामा निष्पादित कर दिया है। शेष विक्रय के प्रतिफल की राशि पंजीयन के समय दिया जाना तय हुआ है। विक्रय पत्र का पंजीयन किया जाना शेष है अतः सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था साहूकार, शासकीय अर्धशासकीय, संस्था को बैंक को किसी प्रकार की आपत्ति दावा या उजर उक्त भूमि पर हो तो मेरे नीचे लिखे कार्यालय में आकर मय दस्तावेज विक्रयपत्र के पंजीयन के पूर्व आपत्ति दर्ज करावें। निर्धारित समयावधि पश्चात क्रेता अर्थात मेरा पक्षकार बिन्देश्वरी प्रसाद उक्त भूमि का स्वयं के पक्ष में विक्रय पत्र का पंजीयन करा सकेगा बाद की गई दावा आपत्ति अमान्य होगा।

भवदीय
मनोज कुमार दुबे अधिवक्ता
कक्ष क्रमांक 3 जिला न्यायालय दुर्ग
मो. नं.- 9340315079

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग (अण्डा) के न्यायालय में मामला

क्रमांकः 202205101200013/202205101200013

विषयः अ-6 सन्- 2021-2022

मामले की श्रेणी-राजस्व

विनायकपुर प.ह.न. 00035 (142 (0.3700हे.))

पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार - / छबीलाल निर्मलकर अनावेदक पक्षकार -

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाताहै कि आवेदक छबीलाल निर्मलकर पिता स्व. जेठू राम निर्मलकर निवासी ग्राम विनायकपुर द्वारा ग्राम अण्डा प.ह.नं. 35 रा.नि.मं. अण्डा तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि बंदोबस्त पूर्व ख. नं. 459 रकबा 0.959 हे. था वो बंदोबस्त पश्चात ख.नं. 1424 रकबा 0.820 हे. हो गया है, के सुधार के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है जिस पर प्रकरण न्यायालय में लंबित है।

अतः इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को उजर दावा हो सुनवाई तिथि दिनांक 06/07/2022 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा । यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 17/6/22 को जारी किया जाता है।

नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-06/ वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है आवेदक हीरालाल देशलहरे पिता स्व. रामचंद्र देशलहरे निवासी ग्राम खेपली तह. व जिला दुर्ग के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है कि आवेदक की माता मिलापा बेवा रामचंद के नाम पर हक भूमिस्वामी जमीन वाके मौजा खोपली प.ह.नं. 43 रा.नि.मं. उतई स्थित भूमि खसरा नं. 2326/1 रकबा 0.1600 हे. राजस्व अभिलेख में दर्ज है। वर्तमान में आवेदक की माता जी मिलापा की मृत्यु दिनांक 05/01/2009 को हो चुकी है जिससे उसकी फौती दर्ज कर वारिसानों के नाम पर तथा राजकुमार की मृत्यु दिनांक 26/10/1998 को हो चुका है, वारिसान पुत्र महेश कुमार की मृत्यु दिनांक 08/07/2008 को हो चुका है, मृतक भूमिस्वामी का नाम राजस्व अभिलेख से विलोपित कर उनके वारिसानों का नाम दर्ज किए जाने आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 05/07/2022 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 23/6/22 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग -1 (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-6/ वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक क्रेता डोमार साहू पिता श्री मंशाराम साहू जाति तेली निवासी सत्य नगर वार्ड क्रमांक 22 कुकदा भिलाई-3 चरोदा तह. पाटन जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम खोपली प.ह.न 43 रा.नि.मं. उतई तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 1515 रकबा 0.370 हे. लगान अभिलेखानुसार भूमि को विक्रेता भुवनलाल पिता श्री चैनूराम जाति कुर्मी पता ग्राम व पोष्ट खोपली से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 31/3/2022 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को क्रेता के पक्ष में प्रमाणिकरण किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायाालय में प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत दिनांक 30/6/2022 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 23/6/22 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

आत्मानन्द स्कूल का जायजा लेने पहुंचे कलेक्टर

देवकर/नवप्रदेश। नगर में संचालित विकासखंड के एकमात्र अंग्रेजी माध्यम स्कूल आत्मानन्द विद्यालय में प्रवेशोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम का जायजा लेने कलेक्टर भोसकर विलास सन्दीपान पहुंचे। कार्यक्रम का आगाज छत्तीसगढ़ी गीत अरपा-पैरी के धार से शुरू की गई। जिसके बाद स्थानीय लोगों, पालकों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा गुलदस्ता भेंट की गई। वहीं जनप्रतिनिधियों को फूलों की हार से स्वागत किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर की उपस्थिति में आत्मानन्द इंग्लिश मीडियम स्कूल के बच्चों द्वारा गीत एवं कविता सुनाया गया तो कलेक्टर ने नवप्रवेशी बच्चों से चर्चा की। फलस्वरूप देवकर नगर के आत्मानन्द अंग्रेजी माध्यमिक विद्यालय में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ स्कूल के नवप्रवेशी बच्चो के प्रवेश को पर्व की तरह मनाया गया। जिसमें स्थानीय जनप्रतिनिधियों में नगर पंचायत की अध्यक्षा-जान्त्री बिहारी साहू, विधायक प्रतिनिधि विनोद कुंजाम, उपाध्यक्ष अजय अग्रवाल, एल्डरमैन रौशन अग्रवाल, सतीश ढीमर व अन्य पार्षदगणों सहित अन्य लोग शामिल रहे। वहीं आत्मानन्द विद्यालय के प्राचार्य अनिल डाहले व समस्त स्टॉफ मौजूद रहे।

देवकर मिडिल में मनाया गया प्रवेशोत्सव

शासकीय बालक मिडिल स्कूल देवकर में प्रवेश-उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नव प्रवेशी बच्चों को गुलाल लगा कर मुंह मिठा कराया और बच्चों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तक वितरण किया गया। इस अवसर पर जन भागीदारी अध्यक्ष फजर बेग, धर्मेन्द्र पटेल, ललित गुप्ता, प्रधान पाठक केदारनाथ एवं समस्त स्टॉफ उपस्थित रहे ।

जनसेवा केंद्र में कर्मकारों का होगा निःशुल्क पंजीयन

महासमुंद/नवप्रदेश। संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर के निवास पर स्थित जनसेवा केंद्र में संगठित कर्मकार व असंगठित कर्मकारों का निःशुल्क पंजीयन किया जाएगा। वहीं श्रम विभाग से संबंधित कार्यो व योजनाओं का आवेदन भी मुफ्त में होगा। संसदीय सचिव की पहल से श्रमिकों को योजनाओं का लाभ उठाने में सहुलियत हो सकेगी। विधायक निवास में जनसेवा केंद्र संचालित की जा रही है। जहां संगठित कर्मकार व असंगठित कर्मकारों के पंजीयन की सुविधा है। कर्मकारों का पंजीयन निःशुल्क होगा। उक्त जानकारी देते हुए दुर्गेश साहू ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा महतारी जतन योजना, नौनिहाल छात्रवृत्ति योजना, कर्मकार मृत्य एवं दिव्यांगता सहायता योजना, मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण योजना, दुर्घटना चिकित्सा सहायता योजना सहित श्रमिकों की स्थिति में सुधार लाने के लिए सरकार कई प्रकार की योजनाएं चला रही है। स्वास्थ्य, शिक्षा सहित अन्य सुविधाओं का लाभ पहुंचाकर समाज में उन्हें आगे लाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि श्रम विभाग से संबंधित सभी कार्य, संगठित व असंगठित कार्ड, नवीनीकरण सहित सभी योजनाओं का आवेदन निशुल्क किया जाएगा। उन्होंने श्रमिकों से शासन की योजनाओं का लाभ उठाने का आव्हान किया है। विस्तृत जानकारी के लिए दुर्गेश साहू 9575192655 मे सम्पर्क कर सकते है

ग्रामीण साहू समाज के अध्यक्ष का चुनाव संपन्न

देवकर/नवप्रदेश। नगर के निकटवर्ती ग्राम नवकेशा में साहू समाज के पदाधिकारियों का चुनाव हुआ जिसमें साजा तहसील साहू संघ के परक्षेत्री अध्यक्ष बिहारी साहू, सचिव होरीलाल साहू, कोषाध्यक्ष बुधराम साहू एवं समस्त ग्रामीण साहू समाज उपस्थित रहे जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष वा अन्य पदाधिकारियों का चुनाव किया गया। अध्यक्ष काशीराम साहू, उपाध्यक्ष बलदाऊ साहू, कोषाध्यक्ष भोलाराम साहू, सचिव गोवर्धन साहू, सह सचिव संतकुमार साहू व सदस्यों का चुनाव बिना किसी आपत्ति के संपन हुआ।

सोरियासिस एवं समस्त चमड़ी रोग

दुर्ग/नवप्रदेश। सोरियासिस रोग लाइलाज एक जटिल रोह है, इसकी चिकित्सा केवल आयुर्वेद के रस रसायन के अलावा दुसरी चिकित्सा है ही नहीं, इस रोग को किसी साधारण गोली दवा, ईलाज से दबाने की गलती भूलकर भी नहीं करें। वरना आगे चकर रोग गंभीर हो सकता है। बात, पित्त, कफ तीनों की विकृति त्रिदोषज अर्थात इम्यून डिसआर्डर रोह है। इसमे वायरस बैक्टीरिया दोनों नहीं होते इसलिये यह छूत की बीमारी भी नहीं है। सिर में रूसी का भ्रम, शरीर में तांबे रंग के पपड़ीयुक्त छिलकेनुमा छाले दाग, नाखूनों का सड़ना, उंगलियों का टेढ़ा होना, जोड़ों में सूजन, दर्द अकड़न होकर रोगी अपंग हो जाता है। यह सोरियासिस के गंभीर लक्षण है इसमें कोई चमड़ी रोग नाशक दवा या इस्टेराईड एवं पंचकर्म क्रिया इत्यादि से रोग दब जाता है जड़ से न हीं जाता अतः इसकी स्थाई चिकित्सा केवल आयुर्वेद के रस-रसायन में ही संभव है। जो रोग को जड़-मूल से नाश करता है। सभी चमड़ी एवं यौन (गुप्त) रोगों के स्थायी इलाज के लिए संपर्क करें। समय 3.30 बजे शाम से रात्रि 7.30 बजे तक ।

डॉ. एच.सी. अग्रवाल (एम.डी.) गुरूद्वारा, रेल्वे स्टेशन रोड, स्वरूप टाकीज के सामने, सैमसंग शो-रूम के पीछे दुर्ग, (छ.ग.) मोबाईल : 9425555659, 9617789223, 9303242200, 9303231624

पीसीसी चीफ मोहन मरकाम के कार्यकाल के तीन वर्ष पूरे, कांग्रेस नेताओं ने दी बधाई

देवकर/नवप्रदेश। नगर पंचायत देवकर के विधायक प्रतिनिधि विनोद कुंजाम ने कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष मोहन मरकाम को उनके तीन साल कार्यकाल पूरे होने पर बधाई दी। विनोद ने कहा प्रदेश अध्यक्ष के रूप में छत्तीसगढ़ कांग्रेस को नया आकार और विस्तार प्रदान करने वाले छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मरकाम के कार्यकाल सफलता एवं उपलब्धियों से भरा है। उनके कुशल नेतृत्व से राज्य में कांग्रेस परिवार इसी तरह सुदृढ़ और मजबूत होता रहे। कुंजाम ने कहा कि उनके नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी निरंतर मजबूती के साथ आगे बढ़ रहा है और आगे भी इसी तरह सुदृढ़ और मजबूती के साथ आगे बढ़ता रहेगा।

जंगल से भटकर गांव पहुंचा बारहसिंघा

खरोरा/नवप्रदेश। जंगल से भटककर बारहसिंघा क्षेत्र के ग्राम कोरासी में आ पहुंचा। जिसे देख कर ग्रामीणों में कौतूहल का विषय बना रहा। बारहसिंघा चोटिल अवस्था में ही खेतो में घूमता पाया गया। ग्रामीणों द्वारा पकड़ने की कोशिशों में वह गांव के ही छतों व छप्पर में भी चढ़ गया। बड़ी मेहनत के बाद बारहसिंघा को ग्रामीणों द्वारा पकड़ा गया। ग्रामीणों द्वारा ही बारहसिंगा के आने की सूचना 112 को दी गई। जिसे112 व वन विभाग द्वारा सयुंक्त रूप रेस्क्यू कर मोहरेंगा जंगल में छोड़ दिया गया।

शतचंडी यज्ञ व दुर्गा सप्तशती पाठ का आयोजन आज से

खरोरा/नवप्रदेश। शतचंडी यज्ञ एवं दुर्गा सप्तशती पाठ का आयोजन आज 30 जून से 8 जुलाई तक किया जाएगा। यज्ञ व पाठ का आयोजन पुराना देना बैंक जीत मेडिकल के पीछे आयोजित होगा। आज सुबह 8 से 10 बजे तक सप्तशती पाठ वैदिक पूजन व अभिषेक, 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक सप्तशती हवन, दोपहर 2 से शाम 4 बजे तक महाआरती एवं प्रसाद वितरण, शाम 5 बजे एवं सुंदर कथा पाठ, शाम 6 से 7 बजे तक आयोजित होगा। कार्यक्रम के मुख्य आयोजक आचार्य पंडित चंदन प्रसाद शर्मा (पथरी सिलयारी वाले) होंगे।

फोटो भेजकर परेशान किया, जुर्म दर्ज

महासमुंद/नवप्रदेश। एक महिला ने एक युवक पर स्वयं की फोटो को गलत तरीके से उनके पति को सोशल मीडिया में भेजकर परेशान करने का आरोप लगाया है। मामला पिथौरा थाने का है। पुलिस को महिला ने बताया कि आरोपी संतोष उर्फसंजय कुमार ने उनकी व्हाटसप से फोटो को गलत रुप बनाकर उनके पति को भेज कर उन्हें और उनके पति को परेशान किया है। पुलिस ने शिकायत पर आरोपी के खिलाफधारा 509 ख के तहत मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

डायरिया से बचाव के लिए स्कूल में आयोजित हुआ जागरुकता कार्यक्रम

स्कूली बच्चों को बताई हाथ धोने की विधि, ओआरएस पाउडर भी बांटे

दुर्ग/नवप्रदेश। बरसात का मौसम आते ही संभावित स्वास्थ्यगत परेशानियों पर नियंत्रण के लिए जिले में हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में जिले में डायरिया नियंत्रण पखवाड़ा शुरू किया गया है, जो 5 जुलाई तक चलेगा। डायरिया नियंत्रण पखवाड़ा के अंतर्गत स्कूलों में जागरुकता कार्यक्रम किए जा रहे हैं जिसमें विभिन्न गतिविधियों को शामिल किया गया है। जिला स्वास्थ्य विभाग के निर्देश पर यूनिसेफ एवं स्टारलाइट फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में दुर्ग के शासकीय आदर्श कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर यूनिसेफ की जिला समन्वयक निशा सोनी एवं स्टारलाइट फाउंडेशन के प्रतीक ठाकरे ने बच्चों को डायरिया के विषय में जानकारी दी। डायरिया के लक्षण, उसकी रोकथाम इत्यादि की जानकारी देने के साथ ही बालिकाओं को हाथ धोने की सही विधि भी बताई गई। वहीं 50 से ज्यादा बालिकाओं को ओआरएस पाउडर का वितरण किया गया। जागरुकता कार्यक्रम के क्रम में विद्यालय के छात्राओं ने रैली निकालकर लोगों को डायरिया नियंत्रण के विषय में जागरूक किया।इस अवसर पर यूनिसेफ की जिला समन्वयक निशा सोनी ने स्कूली बच्चों को बतायाः डायरिया को हिंदी में दस्त भी कहते हैं। यह पाचन तंत्र संबंधित एक विकार या डिसऑर्डर है। यह समस्या होने पर मल पानी की तरह पतला होता है, लेकिन सावधानी बरतने से डायरिया को रोका जा सकता है। सीएचएमओ डॉ. जेपी मेश्राम ने बतायाः बरसात के मौसम में लोगों की स्वास्थ्य सुरक्षा को प्राथमिकता में रखकर जिले में डायरिया नियंत्रण पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसके अंतर्गत डायरिया से बचाव हेतु लोगों को जागरुक करने के लिए स्कूलों व बाजारों में कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। स्कूलों व समुदाय में हाथ धोने की सही विधि बताई जा रही है तथा ओआरएस पाउडर का वितरण किया जा रहा है। शिशुओं में होने वाले डायरिया को नजरअंदाज करना गंभीर हो सकता है। यदि बार-बार मतली और पेट में ऐंठन के साथ डायरिया के लक्षण दिखाई देते हैं तो डॉक्टर्स से तत्काल संपर्क करना चाहिए। वहीं डायरिया पर नियंत्रण के बारे में डीपीएम पद्माकर शिंदे ने बतायाः डायरिया यानी आंत से संबंधित यह रोग मुख्य रूप से रोटावायरस के कारण होता है। यह साल्मोनेला या ई-कोलाई जैसे जीवाणुओं, हार्मोनल विकार, आंतों मे सूजन या कुछ दवाओं के सेवन की वजह से भी सकता है। नियमित स्वच्छता बनाए रखने के साथ ही स्ट्रीट फूड खाने से परहेज किया जाए और साफ-स्वच्छ पानी पीएं तो वायरस और बैक्टीरिया के कारण होने वाले रोग को नियंत्रित किया जा सकता है।

डायरिया के सामान्य लक्षण

0 जी मिचलाना
0 पेट में मरोड़
0 पतला दस्त
0 सूजन
0 डिहाइड्रेशन
0 बुखार
0 मल में खून आना

राहत : जल्द बनेगा मुख्य मार्ग से दूधिया-टेमरी मार्ग, निर्माण की मिली स्वीकृति

नवागढ़/नवप्रदेश। नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र की बरसों पुरानी मांग, मुख्य मार्ग से दूधिया-टेमरी मार्ग के निर्माण कार्य हेतु 702.62 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति संसदीय सचिव व क्षेत्रीय विधायक गुरुदयाल सिंह बंजारे के प्रयासों से प्राप्त हो चुकी है। जल्द ही निर्माण कार्य शुरू होकर पूरा हो जाएगा व क्षेत्र के लोगों को आवागमन में हो रही आसुविधा से निजात मिलेगा। गौरतलब है कि क्षेत्र की समस्याओं व बरसों से लंबित पुरानी मांगों की पूर्ति हेतु संसदीय सचिव व विधायक गुरुदयाल सिंह बंजारे की सक्रियता का लाभ नवागढ़ विधानसभा को लगातार मिल रहा है। कई बहुप्रतीक्षित मांगों को उन्होंने अपने प्रयासों से पूर्ण करवाया व लगातार विकास हेतु उनके प्रयास जारी है। इसी क्रम में मुख्य मार्ग से दूधिया-टेमरी मार्ग हेतु सात करोड़ रुपए से भी अधिक राशि की स्वीकृति ने उनके सशक्त नेतृत्व को एक बार फिर दर्शाया है। उनके प्रयासों व सक्रियता की प्रशंसा करते हुए क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं व आमजनों ने उनके प्रति अपना आभार जताया।

प्रवेशोत्सव में नपं अध्यक्ष ने किया पुस्तक वितरण

साजा/नवप्रदेश। नगर पंचायत साजा अंतर्गत शासकीय कन्या हाई स्कूल साजा में शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम मनाया गया। जिसमें शाला प्रवेश करने वाली छात्राओ का गुलाल लगाकर स्वागत अतिथियों के द्वारा किया गया, साथ ही निःशुल्क पाठ्य पुस्तक योजना के तहत कक्षा 6 वीं से 12 वीं तक के छात्राओं को निशुल्क पुस्तक वितरण अध्यक्ष नगर पंचायत साजा शालिनी मनोज जायसवाल द्वारा किया गया। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि मनोज जायसवाल, सभापति अवधेश गोयल, दिनेश साहू, बिजेंद्र वर्मा, रामरतन मंडावी, किशन सागरवंशी, प्राचार्य केडी मानिकपुरी एवं सभी शिक्षकगण व छात्राएं उपस्थित रहें।

शतचंडी यज्ञ व दुर्गा सप्तशती पाठ का आयोजन आज से

खरोरा/नवप्रदेश। शतचंडी यज्ञ एवं दुर्गा सप्तशती पाठ का आयोजन आज 30 जून से 8 जुलाई तक किया जाएगा। यज्ञ व पाठ का आयोजन पुराना देना बैंक जीत मेडिकल के पीछे आयोजित होगा। आज सुबह 8 से 10 बजे तक सप्तशती पाठ वैदिक पूजन व अभिषेक, 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक सप्तशती हवन, दोपहर 2 से शाम 4 बजे तक महाआरती एवं प्रसाद वितरण, शाम 5 बजे एवं सुंदर कथा पाठ, शाम 6 से 7 बजे तक आयोजित होगा। कार्यक्रम के मुख्य आयोजक आचार्य पंडित चंदन प्रसाद शर्मा (पथरी सिलयारी वाले) होंगे।

जगतगुरु शंकराचार्य पुरी के लिए हुए रवाना

भाटापारा/नवप्रदेश। 5 दिवसीय प्रवास के बाद गोवर्धन मठ के मठाधीश शंकराचार्य मंगलवार को पूरी के लिए रवाना हो गए। भाव विभोर कर देनें वाले इस पल पर उपस्थित महिलाओं की आंखे जहाँ नम हो गई वही युवा लोगो के चेहरों पर मासुमयित उभर आई,,हर कोई अपने गुरु के रवानगी की बेला को असहज महसूस कर रहा था। जाते जाते गुरु ने आदित्य वाहिनी के सक्रीय सदस्य विजय शर्मा के निवास पर 10 मिनट रुके जहां परिजनों ने उनका आशीर्वाद लिया।

24 जून से 28जून तक पंचदिवसीय आयोजन शहर में एक तरह से पूरी तरह सराबोर नजर आया,पांच दिनों तक शहर का माहौल ऐसा प्रतीत हो रहा था मानों शहर में दीपावली मनाई जा रही हो, जनमानस का समर्पण और आयोजन के प्रति पूरी तन्मयता से जुड़ाव आयोजन को भव्य बना गयी। पूरी के शंकराचार्य के 80 वा प्राकटय उत्सव पर पूरा अंचल धर्ममय हो गया।इस प्रदेश के कोने कोने से आये लोगो के अलावा देश के विभिन्न राज्यो से काफी संख्या में पधारे लोगो की इस उपस्थिति ने पूरे शहर को जगमग कर दिया।

उमड़ा विशाल जन समूह

मंगलवार दोपहर लगभग ढाई बजे जगतगुरु स्वामी निश्चलानंद जी अपने पंच दिवसीय भाटापारा प्रवास को संपन्न करते हुए स्थानीय माहेश्वरी भवन में उपस्थिति समस्त जन समुदाय को आशीर्वाद प्रदान करते हुए रायपुर के लिए तत्पश्चात जगन्नाथ पुरी के लिए रवाना हुए,जगतगुरु का आशीर्वाद प्राप्त करनें एवं उन्हे विदाई देने के लिए भारी संख्या में जनसमुदाय मौजूद रहा, तथा समूचा माहौल भाव विभोर कर देनें वाली फिज़ा से सराबोर नजर आया, नगर को उल्लास एवं उमंग से भर देनें वाले इस आयोजन की चर्चा समूचे प्रदेश सहित देश के अन्य प्रांतों में भी हो रही है, जिसकी बानगी राज्य के विभिन्न जिलों से तथा देश के विभिन्न प्रान्तों से आये भक्तजनों की संतुष्टि और सराहना मय अभिव्यक्ति से स्पष्ट रुप से परिलक्षित हो रही थी, साथ ही साथ बुद्धिजीवियों का यह भी कहना है कि राष्ट्रोंत्कर्ष दिवस के इस पंचदिवसीय आयोजन ने वैचारिक क्रांति का नया सूत्रपात किया है, जिसकी गूंज दूर दूर तक एवं लंबे समय तक सुनाई देगी। इसके पूर्व वे काफी सीमित समय मे भक्तो के बीच पहुंचे व अपना आशीर्वाद दे यहां से रवाना हुए इस दौरान माहेश्वरी भवन मे बडी संख्या मे जन समुदाय उपस्थित हो भाव विभोर होकर गुरूदेव भगवान शंकराचार्य जी को बिदाई दे जयकारे लगाये इस दौरान पीठ परिषद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आचार्य झम्मन प्रसाद शास्त्री व अन्य लोग मौजूद रहे।

दीक्षा कार्यक्रम का हुआ आयोजन

आयोजन के शुरुवात से लेकर समापन दिवस को प्रातः तक दीक्षा का आयोजन किया गया,जिसके तहत बड़ी संख्या में भक्तजनों द्वारा स्वामी निश्चलानंद जी से दीक्षा ग्रहण की गयी, दीक्षा ग्रहण करनें वालों में युवाओं के साथ साथ महिलाए की संख्या भी सर्वाधिक रही,वही युवाओं की अच्छी खासी उपस्थिति भी जाहिर करती है कि उक्त महाआयोजन में युवाओं का धर्म पथ की ओर किस कदर जुड़ाव बढ़ा है।

विजय शर्मा के निवास पहुँच दिया आशीर्वाद

शहर से निकलते निकलते श्री शंकराचार्य जी ने आदित्य वाहिनी के सक्रिय सदस्य विजय शर्मा के यहाँ करीब 10 मिनट रुके।जहां विजय के परिजनों ने गुरुदेव की आरती उतारकर उनका आशीर्वाद लिया।इसके पूर्व वे कमल सोनी के निवास पर भी कुछ देर रुके।उन्हें रायपुर रेल्वें स्टेशन तक छोड़ने यहाँ से काफी संख्या में लोग रायपुर तक गए जिसमे अनिल चांडक, सत्यनारायण जोशी,विजय शर्मा सहित अन्य लोग शामिल थे।

साजा पुलिस ने मोहभट्ठा में किया जुआड़ियों पर कार्यवाही

बेमेतरा/नवप्रदेश। थाना साजा पुलिस को 27 जून को मुखबीर से सुचना मिली कि ग्राम मोहभट्ठा स्ट्रीट लाईट के नीचे में आम जगह पर कुछ लोग रूपया पैसो का हार-जीत का दाव लगाकर तास पत्ती से जुआ खेल रहे है की सूचना पर थाना साजा स्टाफ द्वारा गवाहो के साथ मौके पर पहुचकर घेराबंदी कर रेड कार्यवाही कर जुआ खेलते जुआडियों को रंगे हाथो पकडें। जिसमें 2 प्रकरण में 7 जुआडियों महावीर पाल उम्र 42 साल, जागेश्वर सिन्हा उम्र 25 साल, घासीपाल उम्र 28 साल, बुधरू पाल उम्र 32 साल सभी साकिनान मोहभट्ठा थाना साजा, डाकवर यादव उम्र 30 साल साकिन वार्ड नं. 01 भाटापारा साजा, अमजद खान उम्र 31 साल साकिन वार्ड नं. 05 भरतपुर साजा, संतोष यादव उम्र 30 साल साकिनान मोहभट्ठा थाना साजा जिला बेमेतरा के पास एवं फड से कुल जुमला नगदी रकम 3980 रूपये व 52 पत्ती तास को 13 जुआ एक्ट के तहत जप्त कर कार्यवाही किया गया।

कार्यालय, नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)
जोन क्रमांक-10, अमलीडीह सामुदायिक भवन पानी टंकी के पास,
Email: rmczone10@gmail.com

//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //

नामांतरण प्र.क्र. 151/2022-23
वार्ड का नाम- कामरेड सुधीर मुखर्जी-54

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि कामरेड सुधीर मुखर्जी-54 वार्ड स्थित मकान/ भूमि/ 54/एन-879 जो कि निगम अभिलेख में श्रीमती चन्द्रकला साहू w/o लोकेश साहू के नाम से दर्ज है, जिसको श्री डुमेश कुमार ध्रुव s/o उदेलाल ध्रुव ने शपथ पत्र/ रजिस्ट्री के अनुसार/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जाने।

जोन कमिश्नर
जोन क्र.-10
नगर निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)
जोन क्रमांक-10, अमलीडीह सामुदायिक भवन पानी टंकी के पास,
Email: rmczone10@gmail.com

//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //

नामांतरण प्र.क्र. 150/2022-23
वार्ड का नाम- कामरेड सुधीर मुखर्जी-54

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि कामरेड सुधीर मुखर्जी-54 वार्ड स्थित मकान/ भूमि/ 54/एल-156 जो कि निगम अभिलेख में श्री रामनारायण साहू s/o स्व. पुसउ राम साहू के नाम से दर्ज है, जिसको श्रीमती किरन सेन w/o योगेन्द्र सेन ने शपथ पत्र/ रजिस्ट्री के अनुसार/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जाने।

जोन कमिश्नर
जोन क्र.-10
नगर निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन
प्रक्षेत्र-02, शंकर नगर, रायपुर (छ.ग.)
फोन नं. 0771-2436320
email ID: eocghbzone2@gmail.com

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि सरदार वल्लभ भाई पटेल थोक बाजार डूमरतराई रायपुर में स्थित दुकान क्र. ए-57, श्री राजीव गोयल पिता श्री रामकिशन गोयल के नाम पर इस कार्यालय का आबंटन आदेश क्र. 5687 दिनांक 27.09.2010 द्वारा आबंटित है। आबंटी द्वारा उक्त दुकान का पूर्ण मूल्य जमा कर अपने पक्ष में दिनांक 04.12.2012 को लीजडीड पंजीकृत उपरांत दिनांक 16.12.2021 को हस्तांतरण विलेख (फ्री-होल्ड) निष्पादित करा लिया गया है। हस्तांतरण विलेख निष्पादन उपरांत उक्त दुकान का आधा हिस्सा 734.37 वर्गफीट को क्रेता श्री कैलाश वाधवानी पिता श्री आवतराम वाधवानी, निवासी143, गली नं. 06 रविग्राम तेलीबांधा रायपुर (छ.ग.) के पक्ष में दिनांक 24.12.2021 को विक्रय कर दिया गया है। वर्तमान में क्रेता श्री कैलाश वाधवानी पिता श्री आवतराम वाधवानी, द्वारा उक्त दुकान को फ्री-होल्ड पश्चात अपने नाम पर नाम दर्ज किए जाने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त दुकान के नाम दर्ज करने के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, शासकीय व अर्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाले आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-2, रायपुर

कार्यालय संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन
प्रक्षेत्र-02, शंकर नगर, रायपुर (छ.ग.)
फोन नं. 0771-2436320
email ID: eocghbzone2@gmail.com

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि दीनदयाल आवास योजनातंर्गत कचना फेस-1 रायपुर में निर्मित मुनगी, रायपुर में स्थित भवन क्रमांक एलआईजी-84, श्री गजराज सिंह सिदार पिता श्री गोवर्धन सिंह सिदार के नाम से स्ववित्तीय आधार पर आबंटित है। आबंटी द्वारा उक्त भवन की लीजडीड दिनांक 16.12.2009 को पंजीकृत कराने उपरांत भवन की पूर्ण राशि जमा कर दिनांक 01.02.2011 को आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है। वर्तमान में आबंटी श्री गजराज सिंह सिदार, निवासी एलआईजी भवन क्र. 84 मुनगी, रायपुर (छ.ग.) के द्वारा उक्त भवन को श्रीमती माग्रेट सीमा एक्का पति श्री सुरेश एक्का निवासी एलआईजी भवन क्र. 62, मुनगी रायपुर (छ.ग.) के नाम से क्रिय करने के लिए इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत कर अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) की मांग की गई है।

अतः उक्त फ्लैट के विक्रय के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, शासकीय व अर्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाले आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-2, रायपुर

कार्यालय संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन
प्रक्षेत्र-02, शंकर नगर, रायपुर (छ.ग.)
फोन नं. 0771-2436320
email ID: eocghbzone2@gmail.com

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि सरदार वल्लभ भाई पटेल थोक बाजार डूमरतराई रायपुर में स्थित दुकान क्र. सी.-115 श्री राजकुमार पंजवानी पिता स्व. श्री धन्नूमल पंजवानी के नाम पर इस कार्यालय का आबंटन आदेश क्रमांक 5249 दिनांक 23.09.2022 द्वारा आबंटित है। आबंटी द्वारा उक्त दुकान का पूर्ण मूल्य जमा कर अपने पक्ष में दिनांक 11.12.2012 को लीजडीड पंजीकृत उपरांत दिनांक 09.06.2022 को हस्तांतरण विलेख (फ्री-होल्ड) निष्पादित करा लिया गया है। हस्तांतरण विलेख निष्पादन उपरांत उक्त दुकान को क्रेता श्री प्रदीप मूलवानी पिता स्व. श्री चांडुमल मूलवानी निवासी-डा. आहूजा गली पंचशील नगर रायपुर (छ.ग.) के पक्ष में दिनांक 22.06.2022 को विक्रय कर दिया गया है। वर्तमान में क्रेता श्री प्रदीप मूलवानी पिता स्व. श्री चांडुमल मूलवानी द्वारा उक्त दुकान को फ्री-होल्ड पश्चात अपने नाम पर नाम दर्ज किए जाने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त दुकान के नाम दर्ज करने के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, शासकीय व अर्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाले आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-2, रायपुर

आम सूचना

(ग्राम टाटीबंध प.ह.नं. 54, रा.नि.मं. रायपुर-2 हीरापुर, शहीद भगत सिंह वार्ड क्रमांक13, रायपुर (छ.ग.) में उदया सहकारी गृह निर्माण संस्था मर्यादित, टाटीबंध में स्थित भूमि स्वामी हक की परिवर्तित भूमि, खसरा नं. 214/63, क्षेत्रफल 0.0140 हे. अर्थात 1500 वर्गफीट जो कि उक्त संस्था का भूखंड क्रमांक सी-4(1) सेक्टर 3 है, जिस पर एककिता रिहायशी मकान निर्मित है (वर्तमान स्वामी श्री कुलतार सिंह, आत्मज स्व. चरण सिंह खेरा, निवासी टाटीबंध रायपुर (छ.ग.) के बाबत्।)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि हमारे पक्षकार ने उपरोक्त उल्लेखित सम्पत्ति हो उसके उपरोक्त स्वामी से क्रय करने का सौदा पक्का कर अपने पक्ष में, उक्त विक्रेता से एक इकरारनामा निष्पादित करवा लिया है। अब मात्र उपरोक्त सौदे शुदा संपत्ति के विक्रय विलेख का निष्पादन एवं पंजीयन होना शेष है।

उपरोक्त संव्यवहार पर, अथवा उसके किसी भाग पर किसी भी दीगर शख्स, संस्था, समिति, साहूकार, बैंकों निगम, बोर्ड, प्राधिकरण आदि को कोई आपत्ति अथवा उजर होवे तो वे अपनी लिखित आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेजी साक्ष्य के इस आम सूचना प्रकाशन दिनांक से 5 दिनों के भीतर हमारे नीचे लिखे पत पर, हमारे समक्ष प्रस्तुत करें। बाद गुजरने म्याद, हमारे पक्षकार द्वारा उपरोक्त सौदेशुदा संपत्ति के विक्रय विलेख का निष्पादन एवं पंजीयन उसके उपरोक्त स्वामी से, करवा लिया जावेगा तथा उस स्थिति में प्राप्त कोई भी आपत्ति अथवा दावा शुदा झूठा एवं नाजायज माना जावेगा तता वह हमारे पक्षकार पर बंधनकारी वो बाध्यकारी भी नहीं होगा।

अतः ताकीद जानें।

दिनांक 03.06.2022
स्थान- रायपुर (छ.ग.)

एम.जे. सैफी
अदनान सैफी
अधिवक्तागण
कार्यालय क्र.-35 भूतल श्याम प्लाजा पंडरी
रायपुर (छ.ग.) 492004
मो. 94252-09252

अग्निपथ योजना केंद्र सरकार का अव्यवहारिक निर्णय : मयूरी सिंह

राजनांदगांव/नवप्रदेश। केंद्र सरकार की अग्निपथ योजना का प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, आईटी सेल एवं सोशल मीडिया तथा पीसीसी राजनांदगांव-खैरागढ़ जिला महासचिव महिला कांग्रेस मयूरी सिंह ने भी कड़ा विरोध किया है। उन्होंने कहा है कि यह केंद्र सरकार का अव्यवहारिक निर्णय है और इसीलिए देशभर में इस योजना का कड़ा विरोध किया जा रहा है। अग्निपथ योजना से कोई भी सहमत नहीं है, हर कोई कह रहा है कि यह ठीक नहीं है।

अग्निपथ योजना पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कांग्रेस नेत्री मयूरी सिंह ने आगे कहा है कि अग्निवीर और अग्निपथ योजना की जरूरत ही क्या है। अग्निवीर को 6 महीने तक तो सिर्फ मार्च पास्ट की जरूरत होती है। अग्निवीर को भी पता है कि वह 3 साल बाद रिटायर हो जाएगा और यही सब चलता रहा तो शादी के कार्ड में भी लड़के के नाम के आगे भूतपूर्व सैनिक लिखा नजर आएगा। केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि इस योजना के बारे में किसी नौजवान से नहीं पूछा गया है कि अग्निवीर, अग्निपथ योजना लाई जा रही है और सीधा आदेश जारी कर दिया गया। उन्होंने केंद्र सरकार को घेरते हुए कहा है कि यह सरकार किसानों को खाद और युवाओं को रोजगार देने में पूरी तरह नाकाम है। ऐसे में अग्निपथ के कारण सेना कमजोर होगी और युवाओं का भविष्य अंधकार में चला जाएगा। अग्निपथ योजना के तहत सेना में महज 4 वर्ष के लिए नौकरी देने की बात कही जा रही है, जबकि 4 साल बाद ये युवा फिर बेरोजगार हो जाएंगे। यानी मोदी सरकार द्वारा देश के भविष्य को अग्निपथ के नाम पर झुलसाया जा रहा है और इसीलिए केंद्र सरकार की अग्निपथ योजना का विरोध किया जा रहा है। केंद्र की मोदी सरकार की नीतियों की खिलाफत करते हुए कांग्रेस युवाओं के साथ खड़ी हुई है। प्रदेश के सभी विधानसभा क्षेत्रों में कांग्रेसियों द्वारा विरोध-प्रदर्शन किया जा रहा है।

छत्तीसगढ़ी भाषा संघर्ष समिति ने राज्यपाल और सीएम से मिलने की मांगी अनुमति

खरोरा। पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय से छत्तीसगढ़ी भाषा में एम.ए. कर चुके और वर्तमान में अध्ययनरत विद्यार्थियों का प्रतिनिधिमंडल आज राज्यपाल अनुसुइया उईके एवं मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से मिलने के लिए उनके निवास जाकर आवेदन दिया। ज्ञात हो कि राज्य बनने के 7 साल बाद प्रदेश की स्थानीय भाषा छत्तीसगढ़ी को तात्कालीन भाजपा सरकार ने 2007 में राजभाषा का दर्जा दिया था और आज 21 साल बीत गए हैं राजभाषा छत्तीसगढ़ी मात्र राजभाषा के रूप में जानी जाती है ना ही उसको सरकारी कार्यालयों में उपयोग किया जाता है और ना ही स्कूलों में पढ़ाई का माध्यम बनाया गया है। आज भी छत्तीसगढ़ी भाषा उपेक्षा की शिकार है इन सब बातों को राज्यपाल और मुख्यमंत्री के सम्मुख रखने के लिए समिति के सदस्य आज उनके निवास कार्यालय आवेदन देने पहुंचे थे। कार्यालय ने उनका आवेदन स्वीकार किया है और जल्द ही मुलाकात करवाने का आश्वासन दिया है। इस दौरान ऋतुराज साहू, संजीव साहू, दीपमाला शर्मा, बलदेव साहू, विनय बघेल, गुलशन वर्मा, हलधर पटेल एवं रोहित पटेल उपस्थित थे।

राष्ट्रीय संत सुरक्षा परिषद रायपुर के द्वारा छात्र हर्ष साहू का पुलिस अधीक्षक कार्यालय बालोद में किया सम्मान

सिकोसा। आपको बता दें कि राष्ट्रीय संत सुरक्षा परिषद रायपुर के ऊर्जावान कार्यकर्ता विजय कुमार मारुति नंदन के अगवाई एवं बालोद पुलिस अधीक्षक जितेंद्र कुमार यादव तथा सांसद प्रतिनिधि थान सिंह मंडावी की गरिमामय उपस्थिति में छात्र हर्ष साहू पिता रोहित कुमार साहू आमापारा बालोद को कक्षा दसवीं में अच्छे नंबर लेकर पास होने पर राष्ट्रीय संत सुरक्षा परिषद के द्वारा एक साइकिल प्रतीक चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया।

इस कार्यक्रम में बालोद पुलिस अधीक्षक जितेंद्र कुमार यादव ने अपने उद्बोधन में कहा कि राष्ट्रीय संत सुरक्षा परिषद के द्वारा जो प्रतिभावान छात्रों को इस तरफ प्रोत्साहित किया जा रहा है निश्चित ही एक सराहनीय कार्य है इससे छात्रों में एक प्रतिस्पर्धा का निर्माण होगा एवं बच्चे शिक्षा के प्रति जागरूक होंगे।

सांसद प्रतिनिधि थान सिंह मंडावी ने अपने उद्बोधन में कहा कि राष्ट्रीय संत सुरक्षा परिषद के द्वारा इस छात्र का जो सहयोग किया जा रहा है बहुत ही सराहनीय है।

छात्र हर्ष साहू से पूछने पर उन्होंने कहा कि मैं आगे चलकर नेवी ज्वाइन करूंगा और जिस तरीके से राष्ट्रीय संत सुरक्षा परिषद के द्वारा मुझे सहयोग प्रदान किया है उसके लिए धन्यवाद ज्ञापित करता हूं। एवं आज मैं बहुत खुश हूं क्योंकि मुझे बालोद पुलिस अधीक्षक के द्वारा सम्मान पाने का मौका मिला तथा उनसे मिलने हम बात करने का मौका मिला।

अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

भाटापारा। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन विकास खंड भाटापारा द्वारा महंगाई भत्ता 34 प्रतिशत देय तिथि सेएवं गृह भाड़ा भत्ता सातवें वेतनमान के अनुरूप देने मांग के लिए आंदोलन के द्वितीय चरण में बुधवार को प्रातः 10..30 बजे से सुभाष बाजार में एकत्र होकर सुभाष बाजार से कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व भाटापारा तक रैली निकाली गयी एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व भाटापारा को ज्ञापन सौंपा गया।

रैली के पूर्व सभा स्थल पर विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों द्वारा सभा को संबोधित करते हुए शासन प्रशासन तक अपनी जायज मांगों को पहुंचाने हुंकार भरी गई । आंदोलन को सफल बनाने हेतु स्वास्थ्य विभाग, पंचायत विभाग,लोकनिर्माण विभाग, महाविद्यालय, कृषि विभाग, शिक्षा विभाग, महिला बाल विकास विभाग, राजस्व विभाग, नगरपालिका विभाग सहित विभिन्न विभाग के कर्मचारी अधिकारी गण उपस्थित रहे। जिसमें रमेश वर्मा संयोजक विकास खण्ड भाटापारा, प्रकाश तिवारी उपसंयोजक जिला, टीकाराम साहू उपसंयोजक भाटापारा, सरोज बघमार ,ओमप्रकाश वैष्णव ब्लाक सचिव, भूषण मरकाम मीडिया प्रभारी, कामरेड प्रकाश जाधव पूर्व जिला अध्यक्ष, प्राचार्य राम नारायण बया, देवलाल बघमार, वीणा साहू, अशोक यदु, नारायण निर्मलकर, अभिषेक वर्मा, आजु राम वर्मा, शैलेंद्र नामदेव, कोदू राम देवांगन,,आलोक त्रिवेदी, देवेन्द्र वर्मा, टीका राम साहू, बी एल प्रजापति, ऐशवर्य सिंह, बसंत सोनवानी,प्रफुल्ल रजक, आर पी बांधे, अजय तिवारी,जयलाल कश्यप, अरुण साहू, सुशील वर्मा,सोनचंद ध्रुव,रामप्रताप भोई, शत्रुहन लाल ध्रुव,भुवन लाल साहू, बालकृष्ण राठोर,लोकेश्वर नेताम,डॉ अरविन्द वर्मा, रविन्द्र वर्मा, आनंद साहू, रत्ना साहू, सुनील वर्मा,रामनारायण बया,राधेश्याम नायक, रुद्रदेव वर्मा, चंद्रा जी कुर्रे, सुरेन्द साहू, अर्जुन लाल वर्मा, प्रयाग ध्रुव, सरला नेताम, वंदना बड़ा, ललिता मिश्रा,सुशीला वर्मा, डगेश्वरी वर्मा, मेडम साहू, पदमिनी राजपूत, नीलम कुमारी, प्रमिला वर्मा, लेखराम साहू, बसंत कुमार सोनी, दिनेश कुमार ध्रुव, रजनी धुर्वे, सविता पांडे, महेंद्र कुमार साहू,कमल नारायण,अनामिका झा, जोविता बाश, एम साहू, मधुसूदन देवांगन, सतीश कुमार वर्मा,, हेमकुमार साहू, तिलकुवार वर्मा, ईश्वर देवदास आदि अनेकों कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

शराब पिलाकर पैसा चोरी करने वाला शातिर चोर पकड़ाया

भाटापारा। प्रार्थी को शराब पिलाकर उसके जेब मे रखे नगद रकम ?40,000 को चोरी करने के मामले में सुहेला पुलिस ने शातिर चोर को गिरफ्तार कर आरोपी के कब्जे से 25410 रूपये को बरामद कर लिया गया हैं। उक्त संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुए सुहेला थाना प्रभारी नरेंद्र कुमार ने बताया कि दिनांक 25.06.2022 को रात्रि 08-09 बजे के मध्य आरोपी रवि यादव की नजर प्रार्थी रामाधार यादव साकिन गाडाभाठा के जेब में रखे नोट के बंडल पर पडने से इसका चोरी करने का प्लान बनाकर प्रार्थी को खाना खाने के लिए अपने घर बुलाकर शराब पीलाया और नशे में हो जाने पर पार्थी के जेब से 40,000 को चोरी करना स्वीकार किया है। चोरी के पैसों से 4000 का मोबाईल खरीदना, जिसे गुम जाना करीब ?10,000 खाने पीने में खर्च कर देना एवं शेष रकम अपने घर के पटाव में पिला रंग के बैग में रखना बताया।सुहेला पुलिस ने आरोपी के घर से ?25,410 को आरोपी से जप्त कर उसे गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में भेजा गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी नरेन्द्र कुमार सिह, प्रधान आरक्षक भीम साहू, आरक्षक प्रशांत धर दीवान का विशेष योगदान रहा।

प्रवेश उत्सव मे शामिल हुए जिला पंचायत सदस्य : केशरी मोहन साहू

खरोरा। 27जून को शा.हाई स्कूल तुलसी शा.पु. माध्यमिक शाला तुलसी प्रवेशोत्सव बड़े हर्षोल्लास एवं धूमधाम से शा.पु.मा. शाला.तुलसी में मनाया गया। जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीमती केशरी मोहन साहू जिला पंचायत सदस्य रायपुर द्वारा बच्चों को शाला प्रवेशोत्सव कि बधाई देते हुऐ बच्चों को मिठाई खिलाकर बच्चों को शाला प्रवेशोत्सव कि बधाई दी गई कार्यक्रम में शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष ललित पांडेय, एवं उपाध्याय सोनचंद सोनकर, अध्यक्ष श्री विष्णु साहू, एवं उपाध्यक्ष सुखुराम साहू जी (मिडिल स्कूल) से अध्यक्ष श्री महेंद्र यादव शा. प्रा शाला तुलसी से एवं ग्राम ग्राम सभा अध्यक्ष श्री छोटू राम साहू कोषाध्यक्ष पवन साहू जी सचिव टिकलेश मारकंडे जी एवं सदस्यगण दाऊ लाल साहू जी बिसाहू निषाद जी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। साथ ही ग्राम पंचायत तुलसी के उपसरपंच ओंकार साहू जी एवं पंचगन तथा सरपंच प्रतिनिधि श्री परदेस ध्रुव जी मुख्य रूप से उपस्थित रहे शाला प्रवेशोत्सव के दौरान मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का संदेश वचन श्री एस.के देवांगन प्राचार्य मिडिल तुलसी द्वारा किया गया साथ ही शिक्षक गण मंत्री का संदेश वचन श्री जी.आर साहू संकुल समान्वय संकुल केंद्र तुलसी द्वारा किया गया मंच संचालन कर रहे श्री लोकनाथ साहू जी द्वारा बच्चों द्वारा मनमोहक नृत्य एवं संस्कृति कार्यक्रम की प्रस्तुति करवाई गई शा .हाई स्कूल तुलसी से शिक्षक वृंद में श्री बी. एल दीवाना श्रीमती मेनका नारंग श्री भानेष मिश्रा श्रीमती दीया प्रकाश सोनी एवं प्रदीप कश्यप तथा शा . पूर्व. मां.शाला तुलसी से प्रधान पाठक जी. एवं शिक्षक गन श्री आर. के साहू एस.एस बंजारा एस.एल महेश्वरी प्राथमिक शाला तुलसी से प्रधान पाठक श्री नेतराम साहू एवं शिक्षक गण लोकनाथ साहू श्रीमती सुनीता प्रवेश सोनी टुकेश साहू दिलीप दीवाना जी उपस्थित रहे।

प्रथम पेज का शेष

तोहफों का पिटारा : भरतपुर-सोनहत...

भूमिपूजन के प्रमुख कार्य : भूमिपूजन के तहत मुख्य रूप से शामिल जल जीवन मिशन योजनान्तर्गत पेजयल व्यवस्था हेतु 59 नग सोलर ड्यूल पंप की स्थापना जिसकी लागत 6 करोड़ 58 लाख रुपए होगी। 5 किमी लम्बाई के मसौरा से कुदरा मार्ग का निर्माण लागत राशि 5 करोड़ 95 लाख रुपए, 5 किमी के काचरडांड से मधौरा पहुंच मार्ग का निर्माण लागत राशि 4 करोड़ 87 लाख रुपए, साल्ही से कर्मघोघा पहुंच मार्ग राशि 3 करोड़ 39 लाख रुपए तथा पसौरी से कोतमा मार्ग पर बरने नदी पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुच मार्ग का निर्माण लागत राशि 5 करोड़ 34 लाख रुपए होगी।

उदयपुर हत्याकांड पर...

और प्रदर्शनकारियों ने पुलिसकर्मियों पर पथराव कर दिया

कुछ युवकों ने धारदार हथियार से पुलिसकर्मी पर हमला कर दिया. हमले में भीम थाने के कॉन्स्टेबल संदीप चौधरी गंभीर रूस से घायल हो गए. घायल कॉन्स्टेबल को ब्यावर रेफर किया गया. हालत ज्यादा गंभीर होने के कारण उन्हें अजमेर रेफर कर दिया गया.

घटना की सूचना मिलते ही एसडीएम राहुल जैन, सिटी थाना अधिकारी सुरेंद्र सिंह जोधा, अजमेर एसपी विकास शर्मा और जिला कलेक्टर अंशदीप भी अस्पताल पहुंच गए. अस्पताल के बाहर भारी तादाद में पुलिसबल तैनात है. बता दें कि हत्याकांड के बाद दोनों आरोपियों को राजसमंद के भीम इलाके से ही गिरफ्तार किया गया था.

प्रदर्शनकारियों की भीड़ को खदेड़ने के लिए पुलिस ने 10 राउंड से ज्यादा हवाई फायरिंग की. करीब 8 राउंड रबड़ की गोलियां फायर की गई. सर्कल इंस्पेक्टर ने अपनी पिस्तौल से चार फायर किए. प्रदर्शनकारियों की भीड़ समुदाय विशेष के इलाके में घुसने की कोशिश कर रही थी. पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज किया. कई लोग घायल हुए. रात से अभी तक पुलिस 4 बार प्रदर्शनकारियों पर बल प्रयोग कर चुकी है.

उदयपुर घटना की ...

आया कि घटना प्रथम दृष्टया आतंक फैलाने के उद्देश्य से की गई है। दोनों आरोपियों के दूसरे देशों में भी संपर्क होने की जानकारी सामने आई है। इस घटना में मुकदमा यूएपीए के तहत दर्ज किया गया है इसलिए अब आगे की जांच एनआईए द्वारा की जाएगी जिसमें राजस्थान एटीएस पूर्ण सहयोग करेगी।

उन्होंने बताया कि पुलिस एवं प्रशासन पूरे राज्य में कानून व्यवस्था सुनिश्चित करें एवं उपद्रव करने के प्रयासों पर सख्ती से कार्रवाई करने के लिए कहा गया है। इसके अलावा उदयपुर की घटना में शामिल आरोपियों की त्वरित गिरफ्तारी करने वाले पांच पुलिसकर्मियों तेजपाल, नरेन्द्र, शौकत, विकास एवं गौतम को आउट ऑफटर्म प्रमोशन देने का फैसला किया गया है। मुख्यमंत्री ने वर्तमान हालात को देखते हुए सभी पक्ष से शांति बनाए रखने की अपील भी की।

कट्टरपंथियों की क्रूरता ...

कोई पैदल तो कोई बाइक या साइकिल से, हर कोई कन्हैया को अंतिम विदाई देना चाहता था। पूरे रास्ते लोग नारेबाजी करते गए। श्मशान घाट में भी जब तक कन्हैया का अंतिम संस्कार हुआ, लोग नारे लगाते रहे। इससे पहले पोस्टमार्टम के बाद कन्हैयालाल का शव घर ले जाया गया, तो घर में कोहराम मच गया। उनकी पत्नी जशोदा ने कहा कि हत्यारों को फांसी की सजा दी जाए, नहीं तो ये लोग कई लोगों को मारेंगे। भाजपा कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच कहासुनी के कारण अंतिम संस्कार में कुछ देर हुई। भाजपा नेता पकड़े गए कुछ कार्यकर्ताओं को रिहा करने की मांग कर रहे थे। मावली विधायक धर्मनारायण जोशी और उनके समर्थक भी मौजूद थे।

6 अगस्त को होगा...

वहीं, उम्मीदवारी वापस लेने की आखिरी तारीख 22 जुलाई होगी।

राष्ट्रपति चुनाव के लिए अगर मदतान की जरूरत पड़ती है तो उसके लिए 6 अगस्त को वोट डाले जाएंगे। मतदान का समय सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक होगा। मतदान के दिन ही वोटों की गिनती भी की जाएगी और परिणाम घोषित किए जाएंगे।

पीएम मोदी बेंगलुरु...

सफर में बॉश इंडिया मोबिलिटी सॉल्यूशंस, औद्योगिक प्रौद्योगिकी, उपभोक्ता सामान और ऊर्जा और भवन प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में प्रौद्योगिकी और सेवाओं का अग्रणी आपूर्तिकर्ता का टैग हासिल कर लिया है।

इसके अलावा, बॉश इंडिया एंड टू एंड इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी समाधानों के लिए जर्मनी के बाहर सबसे बड़ा केंद्र बन चुका है।

बॉश ने भारत में 1922 में सबसे पहले कलकत्ता (अब कोलकाता) में अपनी पहली बिक्री एजेंसी की स्थापना की थी और 1952 में बैंगलोर (अब बेंगलुरु) अपना निर्माण कार्य शुरू किया। इसके बाद कंपनी का विस्तार हुआ। वर्तमान में कंपनी के देश भर में 18 निर्माण कार्य स्थल और सात विकास और अनुप्रयोग केंद्र मौजूद हैं।

अग्निवीर बीजेपी के ...

मुझे इस अनुरोध के साथ पत्र भेजा था। लेकिन हम भाजपा के कचरे के डिब्बे को साफ क्यों करें? जब केंद्र उन्हें चार साल के बाद छोड़ देगा, तो राज्य उन्हें पूरे कार्यकाल की नौकरी देने की जिम्मेदारी क्यों उठाए? केंद्र उन्हें 60 वर्ष का पूरा होने तक सैनिक के तौर पर पूरा कार्यकाल देने की जिम्मेदारी क्यों नहीं उठाता?'

अग्निपथ योजना को लॉलीपॉप भी कहा

समाचार एजेंसी वार्ता के अनुसार, तृणमूल कांग्रेस प्रमुख बनर्जी ने अग्निपथ योजना को वोट बटोरने तथा ठग और कैडर बनाने के लिए भाजपा का 'लॉलीपॉप' करार दिया। बनर्जी ने विधानसभा में अपने संबोधन में कहा, 'अग्निपथ वास्तव में एक भाजपा कैडर गठन परियोजना है। यह अलग बात है कि केंद्र युवाओं को स्थायी नौकरी देता है, लेकिन अग्निपथ वास्तव में चार साल का लॉलीपॉप है। चार साल बाद उनके पास बंदूक चलाने की मंजूरी होगी और उसके बाद वे क्या करेंगे? यदि ऐसा है तो भाजपा युवाओं को ठग रही है!'

अंबिकापुर के एनएच-130...

घायलों और मृतकों को बाहर निकला गया। प्राथमिक उपचार के बाद सभी घायलों को तत्काल अंबिकापुर जीवन ज्योति अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया है। पुलिस ने बताया कि हादसे के दौरान स्वीफ्ट कार एवं सामने से आ रही ट्रक दोनों की रफ्तार काफी तेज थी। दोनों वाहनों के टक्कर की आवाज दूर तक सुनाई दी। हादसे के तत्काल बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। हादसे में कार के सामने का हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है।

यूपी-बिहार में आकाशीय ...

गई। पूर्वी चंपारण के चार, भोजपुर-सारण के तीन-तीन, पश्चिमी चंपारण के दो तथा अररिया, बांका, मुजफ्फरपुर व सारण के एक-एक व्यक्ति की आकाशीय बिजली गिनने मौत हुई है। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक, अगले 24 घंटे ऐसे में वज्रपात के साथ भारी बारिश की आशंका बनी है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इन घटनाओं पर शोक जताया है। उन्होंने मृतकों के परिजनों को तत्काल चार-चार लाख रुपए बतौर अनुग्रह अनुदान देने के निर्देश दिए हैं।

बिहार विधानसभा ...

बीजेपी के अभी विधानसभा में 77 विधायक हैं।

2020 में हुए विधानसभा चुनाव के नतीजों के बाद 75 विधायकों के साथ आरजेडी सबसे बड़ी पार्टी बनी थी। उपचुनाव में एक सीट पर जीत मिलने के बाद आरजेडी के विधायकों की संख्या 76 हो गई। इसी साल मार्च महीने में बीजेपी ने मुकेश सहनी की विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) को तोड़कर उसके तीनों विधायकों को अपने खेमे में शामिल कर दिया था। इसके बाद आरजेडी को पीछे छोड़कर बीजेपी 77 विधायकों के साथ बिहार में सबसे बड़ी पार्टी बन गई। पिछले कुछ दिनों से तेजस्वी यादव आरजेडी को फिर से नंबर वन पार्टी बनाने की कवायद में जुटे थे। इसके लिए वे एआईएमआईएम के नेताओं के संपर्क में थे। तेजस्वी एआईएमआईएम का अपनी पार्टी में विलय करवाना चाहते थे। हालांकि, बिहार में असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी के पांच में से चार विधायक तो मान गए, लेकिन एक विधायक अख्तरुल ईमान जो ढ्ढरूद्धरूके प्रदेश अध्यक्ष भी हैं; आरजेडी में जाने के लिए राजी नहीं हुए।

कार्यालय संपदा अधिकारी

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राजधानी परियोजना, नवा रायपुर
पांचवां तल, व्यवसायिक परिसर, (दक्षिण-पूर्व कार्नर) सेक्टर-27, नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.)
फोन नं. 0771-4016094 E-mail id : 1. em zone2@yahoo.com, 2. eozone3cghb@gmail.com

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नीचे दर्शाये गये आबंटियों को छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा आबंटित भू-खण्ड/भवन को फ्री-होल्ड के लिए निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस आम सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के अंदर कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेज के साथ अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में कार्यालयीन दिवस में प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि के पश्चात कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

क्र.	आबंटी का नाम	पिता/पति का नाम	आयु	कॉलोनी का नाम	भू-खण्ड/भवन क्रमांक
1	2	3	4	5	6
1	श्री नीरज श्रीवास्तव	स्व. श्री गिरधर मुरारी लाल श्रीवास्तव	52	सेक्टर-27 नवा रायपुर अटल नगर	पी4बी-752
2	श्रीमती सरला हल्दकार	श्री राज नारायण हल्दकार	51	-तदैव-	ई.डब्ल्यू.एस.-I 49/007
3	श्रीमती सरला हल्दकार	श्री राज नरायण हल्दकार	51	-तदैव-	ई.डब्ल्यू.एस.-I 49/008
4	श्रीमती संगीता पाल	श्री घनश्याम पाल	56	-तदैव-	ई.डब्ल्यू.एस.-I 50/003
5	श्रीमती संगीता पाल	श्री घनश्याम पाल	56	-तदैव-	ई.डब्ल्यू.एस.-I 50/004
6	श्रीमती सीता देवी चौबे एवं दीपक चौबे	श्री व्यास नारायण चौबे	82, 53	-तदैव-	ई.डब्ल्यू.एस-II 45/110
7	श्रीमती पुष्पा सपाटे	श्री चमन सपाटे	56	-तदैव-	ई.डब्ल्यू.एस.-II 48/204
8	श्री सुनील कुमार बघेल	श्री सियाराम बघेल	34	-तदैव-	ई.डब्ल्यू.एस.-II 47/012
9	श्री प्रशांत कुमार अग्रवाल	श्री व्ही.एस. अग्रवाल	49	-तदैव-	ई.डब्ल्यू.एस.-II 45/010

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राजधानी परियोजना
नवा रायपुर अटल नगर जिला-रायपुर

कार्यालय, उपनिदेशक, उदंती सीतानदी टायगर रिजर्व गरियाबंद जिला-गरियाबंद (छ.ग.)

Phone (o) 07706-241229, Email id- ddustr@gmail.com

संक्षिप्त निविदा सूचना
(छ.ग. भंडार क्रय नियम 4.4.2)

निविदा विज्ञप्ति क्रमांक /03 — दिनांक 27/06/2022

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि उपनिदेशक उदंती सीतानदी टायगर रिजर्व गरियाबंद की ओर से वित्तीय वर्ष 2022-23 में विभिन्न कार्यों में उपयोग हेतु निर्माण सामाग्री (रेत) हेतु मोहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। जिस हेतु विस्तृत निविदा प्रपत्र, आवश्यक शर्तें एवं आवश्यक मात्रा की जानकारी अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में 50.00 रु. नगद शुल्क अथवा निविदा के साथ डिमांड ड्राफ्ट जमा कर दिनांक 01.07.2022 से 30.07.2022 तक कार्यालयीन दिवस में प्राप्त किया जा सकता है एवं निविदा शर्तें तथा प्रपत्र विभागीय वेबसाईट www.cgforest.com से भीड ाउनलोड किया जा सकता है।
नीचे दर्शित कॉलम अनुसार निविदा की प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय तिथि निर्धारित की जाती है :-

क्र.	विवरण	प्रथम निविदा	द्वितीय निविदा	तृतीय निविदा
1	2	3	4	5
1	निविदा फार्म बिक्री प्रारंभ तिथि	01.07.2022 समय प्रातः 10.00 बजे से	02.08.2022 समय प्रातः 10.00 बजे से	24.08.2022 समय प्रातः 10.00 बजे से
2	निविदा फार्म बिक्री की अंतिम तिथि	30.07.2022 समय शाम 05.00 बजे तक	22.08.2022 समय शाम 05.00 बजे तक	02.09.2022 समय शाम 05.00 बजे तक
3	निविदा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि	01.08.2022 समय दोप. 03.00 बजे तक	23.08.2022 समय दोप. 03.00 बजे तक	05.09.2022 समय दोप. 03.00 बजे तक
4	निविदा खोलने की तिथि	01.08.2022 समय दोप. 04.00 बजे	23.08.2022 समय दोप. 04.00 बजे	05.09.2022 समय दोप. 04.00 बजे

नोट :- यदि किसी कारणवश निविदा खोलने की तिथि में अवकाश होता है तो आगामी कार्य दिवस में निविदा खोली जावेगी। निविदा से संबंधित यदि संशोधन होना है तो वह विभागीय वेबसाईट पर अपलोड होंगे, अखबार में प्रकाशित नहीं होंगे।
निविदा खोलने की स्थान :- कार्यालय उपनिदेशक उदंती सोतानदी टायगर रिजर्व गरियाबंद।

जी-92549/4

उपनिदेशक
उदंती सीतानदी टायगर रिजर्व
गरियाबंद

कार्यालय अधीक्षण अभियंता लोक निर्माण विभाग, कांकेर मण्डल, कांकेर

Email-sepwdkanker.2010@rediffmail.com/ se.kanker@nic.in, Fax No. 07868-224040

-: ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना :-

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित भवन/सड़क कार्य हेतु दिनांक 06.07.2022 समय 17:30 बजे तक ऑनलाईन (Online) निविदाएं आमंत्रित की जाती है -

क्र.	एन.आई.टी. नंबर	टेण्डर नंबर	कार्य का नाम	अनुमानित लागत	डाऊनलोड करने की अंतिम तिथि
1	2	3	4	5	6
01	41	103408	व्यवहार न्यायालय पखांजूर के न्यायिक कर्मचारियों के लिए 01 नग जी, 07 नग एच एवं 03 नग आई टाईप शासकीय आवासगृह भवन निर्माण कार्य। विद्युतीकरण सहित।	159.74 लाख	06.07.2022
02	42	103410	अनुविभाग चारामा के अंतर्गत 10 नग विभिन्न मार्गों में बी.टी. रिंनिवल का कार्य।	114.85 लाख	
03	43	103412	अनुविभाग नरहरपुर के अंतर्गत 06 नग विभिन्न मार्गों में बी.टी. रिंनेवल का कार्य।	82.46	

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।
(ठेकेदार का हॉट मिक्स प्लांट होना अनिवार्य है। स.क्र. 02 से 03 हेतु)
नोट :- स.क्र. 01 तृतीय एवं 02 से 03 अष्टम आमंत्रण

जी-92540/4

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग कांकेर
मण्डल कांकेर

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सरोरा रोड उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित, प्रबंध संपादक - चन्द्रशेखर धोटे, फोन : 0771-4035602, डाक पंजीयन क्रमांक CG/RYP/DN/ 40/2019-2021

जमीन कहीं दिखाया-पट्टे कही और का दिया, दर-दर भटक रहे 44 परिवार

न्याय के लिए 7 सालों से दूधमुंहे बच्चे को लेकर दफ्तरों का चक्कर लगा रही महिलाएं

कवर्धा/नवप्रदेश। सरकारें आई और चली गई, किंतु जिले के 44 बैगा परिवारों की समस्याओं का हल नहीं निकला। पिछले 7 सालों से बैगा आदिवासी हाथ में पट्टा लिए अपनी जमीन की मांग करते हुए जिला मुख्यालय सहित राजधानी तक चक्कर लगा चुके हैं, पर इनके समस्या का समाधान नहीं हुआ। बावजूद इसके सिस्टम पर से इनका भरोसा नहीं टूटा है। मंगलवार को फिर एक दफा कलेक्ट्रेट में डेढ़ माह से लेकर 10 वर्ष के बच्चों तक नजर आए। अपने दुधमुंहे बच्चे को लेकर बैगा परिवार की महिलाएं कलेक्टर से मिलने की उम्मीद लगाए बैठी हुई थीं, लेकिन आवक जावक में ही आवेदन देकर इन्हें बैरंग लौटना पड़ा।

44 बैगा परिवार को देना था राजस्व भूमि का जमीन

44 बैगा परिवार को राजस्व भूमि का जमीन देना था परंतु पूर्व पटवारी एंव तहसीलदार के द्वारा बबुड़ा गांव की जमीन को दिखाकर घोघरा में स्थित जमीन का पट्टा दे दिया गया। और इस तरह जो पट्टा इन्हे दिया गया वह बबुड़ा का जमीन न होकर घोघरा का कर दिया गया। जिसके चलते 44 बैगा परिवार आज भी जमीन के लिए भटक रहे है। संतु बैगा, सुखलाल बैगा, डोंगर सिंह, दद्दू सिंह का कहना है कि उक्त जमीन के मामले को लेकर तत्कालीन वनमंत्री, कलेक्टर को अनेको बार आवेदन सौंपा जा चुका है। साथ ही आज तक ये परिवार अपनी जमीन की मांग को लेकर भटकने मजबूर है। आवेदको ने बताया कि वर्तमान समय में भी इसी मामले को लेकर वनमंत्री को अवगत कराया गया है, किंतु समस्याएं बनी हुई है।

पिछले 7 सालों से भटक रहे

कलेक्टर के नाम दिए गए ज्ञापन में बताया है कि 44 बैगा परिवार विगत 07 साल से जमीन के लिए भटक रहे हैं। हम लोगों को अनुसुचित जनजाति आयोग रायपुर द्वारा स्वयं आकर हम लोगों के समक्ष तहसीलदार, पटवारी, सहायक आयुक्त को निर्देश दिए थे इन लोगों को खाली भूमि राजस्व विभाग का जमीन दे देना परंतु पूर्व पटवारी, तहसीलदार द्वारा हम लोगो को बबबुड़ा गांव के जमीन दिखा कर घोघरा के जमीन को दे दिया और पट्टा बना दिया गया। हम लोग वनमंत्री, कलेक्टर तक को आवेदन देकर बबबुड़ा के जगह को मांगा आवेदन पर कोई सुनवाई नहीं हुआ न्याय के लिए हाईकोट गए। नोटिश पर पूर्व कलेक्टर अवनीश शरण ने संशोधन के जगह पर कब्जा नहीं हटा सकते करके आदेश दिए पुनः हाईकाट में याचिका दायर किये लेकिन जिला कलेक्टर द्वारा हमारे नोटिस का जवाब अब तक नहीं दिया गया है। हम लोग 7 साल से भटक रहे है, पट्टा मिला जमीन नहीं मिला 44 बैंगा परिवार इस तरह भूमिहिन है, हम को न्याय दिलाया जाए।

ग्रामीणों ने फर्जी एनकाउंटर में मारे गए ग्रामीणों की 10वीं बरसी मनाई

बीजापुर/नवप्रदेश। दस वर्ष पूर्व 28 मई 2012 को सारकेगुड़ा गांव के आदिवासी ग्रामीण अपने पारंपरिक रीतिरिवाज के तरीके से बीज त्यौहार/पंडुम माना रहे थे। तभी इस क्षेत्र से अनभिज्ञ सुरक्षा बलों ने नक्सली समझकर अंधाधुंध फायरिंग कर दी थी जिसमे 17 ग्रामीणों सहित कुछ नाबालिग स्कूली बच्चों को मौत हो गई। उस वक्त सबसे पहले ग्रामीणों का दुखदर्द जानने के लिए सीपीआई के पूर्व विधायक मनीष कुंजाम के नेतृत्व में जांच टीम सारकेगुड़ा पहुंची। और बड़ी लड़ाइयां भी लड़ी साथ ही कहा कि ये सभी आम आदिवासी ग्रामीण थे तबभी तात्कालिक रमन सरकार मनाने को तैयार नहीं थी पर जब एनआईए का जांच रिपोर्ट आया तो दूध का दूध पानी का पानी हो गया। पर सरकार ने कोई कार्यवाही नहीं की न, ही मुआवजा दिया गया। उस वक्त छग में मुख्य विपक्ष की भूमिका कांग्रेस अदा कर रही थी। जांच और कार्यवाही की मांग कर रही थी। पर आज जब कांग्रेस खुद जनता से झूठे वादे कर सत्ता में काबिज हुई है तो मुंह में दही जमा कर बैठी है। सीपीआई का आरोप है कि कांग्रेस हो या बीजेपी दोनों में कोई अंतर नहीं है। दोनों की पालिसी सेम है। आदिवासियों का शोषण करना। और झूठे वादे कर सत्ता में काबिज होना। इन सारे मामले को लेकर सीपीआई सरकार से मांग करती है कि सारकेगुड़ा के मामले सहित चुनावी घोषणा पत्र में किये गए वादे तत्काल जनहित में पूर्ण करें।

न्यूज गैलरी

कृषि मंत्री ने खाद एवं बीज के भणडारण एवं उठाव की ली जानकारी

बेमेतरा/नवप्रदेश। प्रदेश के कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे ने सोमवार को न्यू सर्किट हाउस बेमेतरा में विभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। इस दौरान उन्होने अधिकारियों से कहा कि प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक हितग्राहियों को मिले। केबिनेट मंत्री ने अधिकारियों से चालू बारिश सीजन के दौरान जिले में खाद-बीज की उपलब्धता के संबंध में जानकारी ली। कृषि मंत्री श्री चौबे ने अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि किसानों को खाद एवं बीज के लिए भटकना न पड़े, वर्तमान समय अभी खेती-किसानी का है। कृषि विभाग के अधिकारियों ने बताया कि किसानों द्वारा स्वर्णा एवं महामाया धान बीज की डिमाण्ड आ रही है। केबिनेट मंत्री ने बीज निगम के अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर उक्त बीज किसानों को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इस अवसर पर वरिष्ठ जनप्रतिनिधि बंशी पटेल, कलेक्टर विलास भोसकर संदीपान, पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह, जिला पंचायत सीईओ लीना मण्डावी, अपर कलेक्टर डॉ. अनिल बाजपेयी सहित जिला स्तर के अधिकारी उपस्थित थे।

सरदा में मनाया गया ब्लॉक स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव

बेमेतरा/नवप्रदेश। बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सरदा में आयोजित विकासखण्ड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव में मुख्य अतिथि बेमेतरा विधायक आशीष छाबड़ा शामिल हुए। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि प्रवेश उत्सव मनाने का मुख्य उद्देश्य हमारे नए विद्यार्थी प्रवेश लिए है, उनके उत्साह वर्धन सहित साथ ही साथ जो छात्र-छात्राये प्रवेश नहीं ले पाए उनके मन में इच्छा जाग्रति हो सकें कि आने वाले समय मे स्कूल में जाना है, प्रवेश लेकर पढ़ाई करना हैं। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का मानना है, छत्तीसगढ़ की सही कल्पना के लिए एक नारा दिए है, गड़बो नवा छत्तीसगढ़, गड़बो नवा छत्तीसगढ़ की परिकल्पना को साकार करने के लिए शिक्षा के क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा बड़ी तेजी से क्रांति लाने की आवश्यकता है। छत्तीसगढ़ की नई पीढ़ी युवा शक्ति को जितना ज्यादा से ज्यादा शिक्षित करंगे उतनी तेजी से गड़बो नवा छत्तीसगढ़ की परिकल्पना सकार हो पाएगी। बहुत सारी योजनाये शिक्षा के क्षेत्र में सरकार चला रही हैं। स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वकांक्षी योजना है और मुख्यमंत्री की सोच है कि छत्तीसगढ़ के बच्चों को स्वामी आत्मानंद विद्यालय के माध्यम से बेहतर शिक्षा उपलब्ध हो सकें, जिससे वह राज्य सहित देश का नाम रोशन कर सकें। प्रदेश में शिक्षा की अधोसंरचना और गुणवत्ता बढ़ाने के लिए स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी और हिन्दी माध्यम स्कूल संचालित किए जा रहे हैं, इसके अंतर्गत प्रदेश में 171 अंग्रेजी माध्यम और 32 हिन्दी माध्यम स्कूलों का संचालन किया जा रहा हैं। हमारे बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र में भी चार इंग्लिश मीडियम स्कूल एवं एक हिंदी मीडियम स्कूल का संचालन हो रहा।

हेड कांस्टेबलों को मिली पदोन्नति, बने एएसआई

बेमेतरा/नवप्रदेश। पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज बीएन मीणा (भा.पु.से.) के आदेशानुसार 27 जून को पुलिस अधीक्षक कार्यालय बेमेतरा में पुलिस अधीक्षक बेमेतरा धर्मेन्द्र सिंह एवं अति.पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, अति.पुलिस अधीक्षक रामकुमार बर्मन द्वारा बेमेतरा जिले में कार्यरत प्रधान आरक्षक विष्णु प्रसाद सप्रे एवं रघुवीर सिंह ध्रुव को प्रधान आरक्षक से सहायक उप निरीक्षक की योग्यता सूची वर्ष 2021 में लाये गये थे, जिन्हे प्रधान आरक्षक की पी.पी. कोर्स उत्तीर्ण करने के पश्चात सहायक उप निरीक्षक के पद पर (विभागीय पदोन्नति प्रक्रिया के तहत पदोन्नति प्राप्त प्रधान आरक्षक को) स्टार व कैप लगाकर पदोन्नत किया गया। पुलिस अधीक्षक बेमेतरा धर्मेन्द्र सिंह द्वारा पदोन्नत हुए सहायक उप निरीक्षक विष्णु प्रसाद सप्रे एवं रघुवीर सिंह को शुभकामनाए देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। इसके साथ ही उन्होने कहा कि पदोन्नति के साथ साथ पदोन्नत हुए सहायक उप निरीक्षक के उत्तरदायित्व में बढोत्तरी हुई है, इसी उत्तरदायित्व के अनुरूप अपने दक्षता एवं निष्ठा का पूर्ण ईमानदारी से उपयोग करते हुए समाज में कानून तथा शांति व्यवस्था बनाये रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायें। अति.पुलिस अधीक्षक बेमेतरा पंकज पटेल, अति.पुलिस अधीक्षक रामकुमार बर्मन द्वारा भी पदोन्नति प्राप्त सहायक उप निरीक्षक को शुभकामनायें देते हुए बेमेतरा जिले की पुलिसिंग एवं आने वाली परिस्थितियों में सामन्जस्य बनाकर कार्य करने हेतु बताया गया। इस दौरान निरीक्षक सीआर ठाकुर, स्टेनो अजय देवांगन, सउनि (अ) दीपक गाजर्लेवार, महेन्द्र भुआर्य, संतोष सोनवानी, सउनि एसपी रीडर विनोद शर्मा, प्रधान आरक्षक घनश्याम साहू, मोहित चेलक, महिला प्रधान आरक्षक वर्षा चौबे सहित पुलिस अधीक्षक कार्यालय के अन्य अधि./कर्म. उपस्थित रहे।

भाजपा श्रेष्ठ भारत के निर्माण के लिए प्रतिज्ञाबद्ध : अमर

बेमेतरा/नवप्रदेश। भाजपा जिला कार्यालय में चल रहे भारतीय जनता पार्टी के तीन दिवसीय जिला प्रशिक्षण वर्ग का मंगलवार को समापन हुआ।इस दौरान भारतीय जनता पार्टी जनपद बलरामपुर के जिला पदाधिकारियों, जन प्रतिनिधियों को विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षित किया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी के नेतृत्व में तीन दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग में प्रदेश स्तर के वक्ताओं ने पदाधिकारियों व जनप्रतिनिधियों को प्रशिक्षित किया। अंतिम दिवस में समापन सत्र को पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल ने भारत का बढ़ता सुरक्षा सामर्थ्य विषय पर संबोधित किया। सत्र के अध्यक्ष पूर्व जिलाध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा थे। पूर्व मंत्री अग्रवाल ने कहा कि भाजपा श्रेष्ठ भारत के निर्माण के लिए प्रतिज्ञाबद्ध है। भारत शुद्ध समृद्ध व स्वावलंबी राष्ट्र हो, जिसका दृष्टिकोण आधुनिक प्रगतिशील एवं प्रबुद्ध हो और जो प्राचीन भारतीय संस्कृति एवं मूल्यों से गर्वपूर्ण प्रेरणा ग्रहण करता हो उसी की दिशा में भाजपा कार्यरत हैं। श्री अग्रवाल ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेई जब प्रधानमंत्री बने, तब देश ने रक्षा क्षेत्र में महत्वपूर्ण कदम उठाए। आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा भी मेक इन इंडिया पर बहुत जोर दिया जा रहा है। इस दौरान प्रदेश मंत्री संध्या परगनिहा, पूर्व मंत्री डीडी बघेल, पूर्व विधायक अवधेश चन्देल, पूर्व जिलाध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा, जिला महामंत्री नरेंद्र वर्मा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष अजय तिवारी, प्रह्लाद रजक, फि रतुराम साहू, राजा पांडेय, रघुनंदन तिवारी, हर्ष तिवारी, सहित भाजपा नेतागण उपस्थित रहे।

जिले में आज नोडल अधिकारी करेंगे गौठानों का निरीक्षण

बेमेतरा/नवप्रदेश। कलेक्टर विलास भोसकर संदीपान ने गुरुवार 30 जून को जिले में गौठान दिवस के दिन नोडल अधिकारियों को गौठान का निरीक्षण कर इसकी रिपोर्ट जिला प्रशासन को प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। जिले के सभी नोडल अधिकारी उक्त तिथि को गौठान का निरीक्षण कर निर्धारित प्रारुप में जानकारी प्रस्तुत करेंगे। संबंधित अधिकारी गोबर खरीदी एवं उसकी भुगतान के संबंध में जानकारी देंगे। जिलाधीश ने कहा कि फसल बुवाई के पूर्व खुले में पशुओं के चराई को रोककर फसलों को पशुओं से बचाने के लिए इस वर्ष भी रोका-छेका कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसके अंतर्गत किसान तथा पशुपालक अपने पशुओं को खुले में चराई के लिए नही छोडने का संकल्प लेने तथा पशुओं को गौठानों में रखने का संकल्प लिया जाएगा। आज मंगलवार को समय सीमा की समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने महिला समूहों द्वारा निर्मित स्थानीय उत्पादो को बढावा देने तथा महिला समूहों को आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाने उन्होने सी-मार्ट में उपलब्ध होने वाले उत्पादों की लिस्ट तथा उत्पादों की मूल्य आदि के बारे में जानकारी ली।

इन योजनाओं की भी कलेक्टर ने की समीक्षा

कलेक्टर ने सभी विभाग प्रमुखों से कहा कि आवेदन जो आम जनता के द्वारा मुख्यमंत्री जनचौपाल, कलेक्टर शिकायत शाखा, आरबीसी 6-4 के अन्तर्गत लंबित मुआवजा भुगतान, केन्द्रीकृत लोक शिकायत निवारण और निवारण प्रणाली (सीपी ग्राम्स), जन शिकायत पीजीएन एवं लोक सेवा गारंटी आदि के माध्यम से प्राप्त हुए हैं। उन्होंने राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता वाले कार्यक्रमों एवं योजनाओं पर विशेष ध्यान देने को कहा साथ ही आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल निर्माण/अधोसंरचना की प्रगति, राजीव युवा मितान क्लब, गोधन न्याय योजना, वर्मी कंपोस्ट उत्पादन एवं विक्रय, चारागाह विकास की जानकारी की समीक्षा की।

मोटर सायकल से संवेदनशील गांव पहुंचे विधायक मंडावी

बीजापुर/नवप्रदेश। मंगलवार को बीजापुर विधायक विक्रम मंडावी जिले के संवेदनशील क्षेत्र कहे जाने वाले रेड्डी पंचायत के आश्रित गांव कोटेर पहुंचे और चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। ग्रामीणों ने विधायक को बताया कि आज़ादी के बाद पहली बार हमारे गांव कोटेर में कोई विधायक पहुंचा है जिससे हम सभी ग्रामवासियों में खुशी व उत्साह है। ग्रामीणों ने पहली बार कोटेर पहुंचे विधायक को सबसे पहले गांव के देवगुड़ी लेकर गए। और अपने इष्ट देव की पूजा अर्चना करने के बाद गांव की समस्याओं से अवगत कराते हुए कोटेर में नया पारा के बंद स्कूल को खोलने, प्राथमिक शाला कोटेर के एकल शिक्षक संस्था में दो और शिक्षक की माँग, देवगुडी में बाउंड्रीवाल का निर्माण, निर्माणाधीन सड़क में पुलिया निर्माण, रेड्डी से कोटेर के बीच मिंगाचल नदी में बड़े पुलिया का निर्माण, चेरपाल से कोटेर तक सड़क निर्माण, गांव वालों को वनाधिकार पट्टा, गांव में बोरिंग एवं सामुदायिक भवन की माँग ग्रामीणों ने विधायक से की है। उपस्थित लोगों से चर्चा करते हुए विधायक ने कहा कि कोटेर जैसे क्षेत्र का विकास करना एक चुनौती है प्रदेश की भूपेश बघेल की सरकार जिले के सम्पूर्ण विकास के लिए प्रतिबद्ध है ग्रामीणों की जो भी माँगे और समस्याएं है उन्हें जल्द से जल्द पूरा किया जाएगा।

एयरटेल पेमेंट्स बैंक ने लास्ट माइल कैश कलेक्शन को डिजिटाइज़ करने के लिए एक्सिस बैंक के साथ की साझेदारी

नई दिल्ली। एयरटेल पेमेंट्स बैंक ने भारत के टियर-III शहरों और अर्ध-शहरी इलाकों में कैश कलेक्शन सिस्टम को डिजिटाइज़ करने के लिए भारत के तीसरे सबसे बड़े प्राइवेट सेक्टर बैंक एक्सिस बैंक के साथ साझेदारी की है। एयरटेल पेमेंट्स बैंक अपने डिजिटल प्रणाली वाले नेबरहुड बैंकिंग मॉडल की व्यापक पहुंच का लाभ उठाएगा ताकि लास्ट माइल कैश कलेक्शन के डिजिटलीकरण के साथ एक्सिस बैंक का सहयोग किया जा सके। इस साझेदारी के माध्यम से, एक्सिस बैंक और उसके ग्राहकों को नकद प्रबंधन प्रक्रिया के परिचालन क्षमता को बेहतर करके काफी लाभ होगा। इससे पेमेंट साईकल में भी तेजी आएगी और देश भर में काम करने वाले फील्ड एजेंटों को बैंडविड्थ जारी करने में मदद मिलेगी। इन एजेंटों को अब फील्ड से एकत्रित ईएमआई राशि जमा करने के लिए ब्रांच तक वापस जाने की आवश्यकता नहीं होगी। वे अब आसानी से पड़ोस के किसी भी एयरटेल पेमेंट्स बैंक आउटलेट पर राशि जमा कर सकते हैं और यह तुरंत एक्सिस बैंक के खातों में स्थानांतरित कर दिया जाएगा। यह प्रक्रिया लंबी दूरी की यात्रा कर एजेंटों द्वारा नकद संग्रह करने के जोखिम में कमी लाएगी। इसके अतिरिक्त, यह प्रक्रिया किसी भी देरी से बचने में मदद करेगी, क्योंकि एयरटेल पेमेंट्स बैंक आउटलेट पारंपरिक बैंकिंग समय के अलावा वीकेंड पर भी काम करते हैं। जल्द ही, एक्सिस बैंक के ग्राहक एयरटेल पेमेंट्स बैंक के 500,000 बैंकिंग केन्द्र पर ऋण भुगतान के लिए सीधे ईएमआई जमा करने में सक्षम होंगे। अब, ग्राहकों को निकटतम एयरटेल पेमेंट्स बैंक आउटलेट पर अपनी ईएमआई का भुगतान करने के विकल्प के चलते यात्रा नहीं करनी पड़ेगी और समय भी बचेगा। गौरव सेठ, चीफ फाइनेंस ऑफिसर और हेड इंस्टीट्यूशनल बिजनेस, एयरटेल पेमेंट्स बैंक ने कहा, हमें लास्ट-माइल तक कैश-कलेक्शन के डिजिटलीकरण के लिए एक्सिस बैंक के साथ हाथ मिलाते हुए खुशी हो रही है। हमारी कलेक्शन मैनेजमेंट सर्विसेज फिजिकल कैश के प्रबंधन की चुनौतियों को कम करती हैं।

टीबी रोगियों को चिन्हित करने सर्वे अभियान तेज, घर-घर पहुंच रही टीम

मधुमेह और उच्च रक्तचाप की भी हो रही मौके पर ही जांच

राजनांदगांव/नवप्रदेश। टीबी (क्षय) रोग पर नियंत्रण के उद्देश्य से जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्र में सघन सर्वे अभियान चलाया जा रहा है जिसके अंतर्गत टीबी के संभावित मरीज को चिन्हित करने के लिए सभी आयु वर्ग के लोगों की जांच की जा रही है। रोग की पुष्टि होने की स्थिति में नजदीक के स्वास्थ्य केंद्र में पीड़ित का उपचार भी शुरू कराया जाएगा। छत्तीसगढ़ को वर्ष 2023 तक टीबी मुक्त बनाने के उद्देश्य से किए जा रहे प्रयासों की कड़ी में राजनांदगांव जिले में भी लगातार जन-जागरुकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में जेल, खदान, आश्रय गृह व अन्य संवेदनशील जगहों के साथ ही गांव तथा शहर की विशेषकर मलिन बस्तियों में टीबी रोगी के चिन्हांकन के लिए 20 जून से सघन सर्वे किया जा रहा है, जो कि 29 जुलाई तक चलेगा। टीबी रोगियों को चिन्हित करने के लिए शुरू किए सघन सर्वे में शामिल स्वास्थ्य कर्मियों और अधिकारियों को डॉ. प्रदीप टंडन, राज्य प्रोग्राम मैनेजर (शहरी) द्वारा ऑनलाइन प्रशिक्षण भी दिया गया है। यह पूरी कवायद डॉ. प्रियंका शुक्ला, एमडीए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के नेतृत्व में की जा रही है। सीएचएमओ डॉ. मिथिलेश चौधरी ने बताया: टीबी मरीजों का उपचार सभी शासकीय चिकित्सालयों व स्वास्थ्य संस्थाओं में निःशुल्क किया जाता है। उपचार की अवधि 6 से 9 माह तक की रहती है। टीबी रोग से निजात पाने के लिए उपचार के अंतर्गत नियमित रूप से प्रतिदिन दवाइयों का सेवन किया जाना अनिवार्य है। दवाइयों के नियमित सेवन करने से मरीज शत-प्रतिशत टीबी बीमारी से रोगमुक्त हो जाता है। आगे उन्होंने बताया: मौखिक सर्वे में टीबी खोज के लिए परिवार के सभी सदस्यों की जांच की जा रही है। टीबी रोग के लक्षण मिलने या टीबी रोग होने की पुष्टि होने पर पीड़ित को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में उपचार के लिए भेजा जाएगा। तीस वर्ष से अधिक उम्र के सदस्यों की मधुमेह और उच्च रक्तचाप की जांच भी टीम द्वारा की जा रही है।वहीं जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. अल्पना लुनिया ने बताया: सघन सर्वे के दौरान लोगों को विशेष रूप से यह बताया जा रहा है कि मधुमेह से पीड़ित व्यक्तियों में क्षय रोग या टीबी होने का जोखिम तीन गुणा अधिक होता है, इसलिए समय-समय पर मधुमेह और उच्च रक्तचाप की जांच कराते रहना चाहिए। सस्टैनबल डेवलपमेंट गोल्स (एसडीजी) के अनुसार टीबी का उन्मूलन वर्ष 2030 तक करना है, जबकि भारत ने यह लक्ष्य वर्ष 2025 तक रखा है। वहीं छत्तीसगढ़ ने यह लक्ष्य वर्ष 2023 रखा है।

एक दिन में 25 घरों तक पहुंचने का लक्ष्य

सर्वे के लिए दो सदस्यों वाली टीमों का गठन किया गया है जिसमें एक एएनएम और दूसरा मितानिन, टीबी मित्र या किसी एनजीओ के सदस्य हैं। एक सर्वेक्षण दल एक दिन में कम से कम 25 घरों तक पहुंच रहा है। बाकी जगहों पर 50 से 100 व्यक्तियों की जांच की जा रही है। इस दौरान टीबी रोग से बचाव के प्रति लोगों को जागरूक भी किया जा रहा है, ताकि सर्वे टीमों को कार्य करने में दिक्कत न हो और समुदाय का सहयोग भी मिले।

दफ्तरों में हितग्राहियों के काम आसानी से हों सकारात्मक वातावरण बनना चाहिए : सीएम

कार्यालय में हो सकारात्मक वातावरण, अधिकारी-कर्मचारी शासन तंत्र का अभिन्न अंग

- अधिकारियों-कर्मचारियों का भविष्य सुरक्षित करने लागू की गई पुरानी पेंशन योजना
- मुख्यमंत्री ने समीक्षा बैठक में की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा

रायपुर (नवप्रदेश)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बैकुंठपुर के सर्किट हाउस में आयोजित समीक्षा बैठक में कहा कि शासकीय कार्यालयों में हितग्राहियों का काम आसानी से होना चाहिए। इसके लिए कार्यालयों में सकारात्मक वातावरण बनना चाहिए। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, शिक्षकों की उपस्थिति सुनिश्चित करें, जाति प्रमाण पत्र के कार्य नियमित रूप से हों। उपजातियों को भी प्रमाणपत्र मिलना चाहिए। तेंदूपत्ता का बोनस और पारिश्रमिक वितरण त्वरित रूप से किया जाना सुनिश्चित करें, जंगली जानवर हमले में क्षतिपूर्ति के मुआवजा के प्रकरण लंबित न रहें। मुख्यमंत्री ने जिले के अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक में शासकीय योजनाओं की प्रगति और क्रियान्वयन तथा आम जनता से संबंधित कार्यो की समीक्षा की। गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, सांसद ज्योत्सना चरणदास महंत, संसदीय सचिव अम्बिका सिंहदेव एवं विधायक गुलाब कमरो और मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ने बैठक में कहा कि अधिकारी-कर्मचारी शासन तंत्र का अभिन्न अंग हैं। राज्य सरकार द्वारा पुरानी पेंशन योजना लागू करने का निर्णय लिया गया है, ताकि अधिकारियों-कर्मचारियों का भविष्य सुनिश्चित हो। उन्होंने अधिकारियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि भेंट-मुलाकात के दौरान कल का बहुत अच्छा फीडबैक है। आप सभी बहुत अच्छा काम कर रहे हैं, ऐसे ही बेहतर कार्य करते रहें। वन अधिकार पत्र का अच्छा कार्य हुआ है। व्यक्ति का विकास हमारी नीतियों और कार्यो के केंद्र में है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अधिकारी विभागीय दौरों के दौरान आम जनता से संवाद बना के रखें। राशन कार्ड के प्रकार और पात्रता बताने जागरूकता अभियान चलाएं। राशन कार्ड में परिवार के सभी सदस्यों के नाम होना सुनिश्चित करें, कोई भी सदस्य न छूटे नहीं, बहरासी में महिला ने नाम दर्ज न होने शिकायत की थी। विद्युत कनेक्शन जहां सम्भव हो वहां पहुंचाएं। क्रेडा के अधिकारी सोलर लाइट के कार्य का प्रचार प्रसार करें। हाफ बिजली बिल योजना का क्रियान्वयन सौ प्रतिशत सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जिन लोगों के अस्थायी जाति प्रमाण पत्र बनाए गए है, उन्हें समय-सीमा में स्थायी जाति प्रमाण पत्र जारी करें, वैध उत्तराधिकारी को प्रमाण पत्र उपलब्ध कराएं, स्कूल में अभियान चला कर आठवीं के ऊपर की कक्षाओं के विद्यार्थियों को जाति प्रमाण पत्र उपलब्ध कराना शत् प्रतिशत सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने राजस्व प्रकरणों की समीक्षा के दौरान कहा कि ग्राम सभा को अविवादित नामांतरण बटवारे के अधिकार पहले से हैं, इस विषय मे कोई दुविधा नहीं होना चाहिए।

मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान की समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि गर्म भोजन से कुपोषण दूर होगा, इस दिशा में लगातार बेहतर कार्य हों। आत्मानंद स्कूल के साथ और स्कूल भी अच्छे से चलने चाहिए। जिले में हाट बाजार क्लीनिक का अच्छा कार्य हुआ है। उन्होंने अधिकारियों से हाट बाजार क्लिनिक का व्यापक प्रचार करने की बात कही।

मुख्यमंत्री ने कहा कि लोगों की आय में वृद्धि होने चाहिए। इसके लिए शासन कटिबद्ध है। उन्होंने कहा कि कृषि के प्रति रुझान बढ़ा है, रकबा और किसानों की संख्या बढ़ी है, कृषि में लोगों की आय में वृद्धि हो रही है। लघु वनोपजों और वनौषधियों से लोगों के आय में वृद्धि होनी चाहिए, वनौषधि प्रसंस्करण केंद्र बनना चाहिए। वनौषधि प्रसंस्करण केंद्र बनने से लोगों को ज़्यादा कीमत मिलेगी और पलायन रुकेगा। गांव में सभी आवश्यक चीज़ें मौजूद हैं। शुद्ध और प्राकृतिक चीज़ो की मांग बढ़ी है। राजस्व अर्जन की दिशा में कार्य होना चाहिए, जुट के कार्य करने की आवश्यकता है।

मुख्यमंत्री ने कहा- एक तरफ़ जनप्रतिनिधि एक तरफ़ अधिकारी बैठे है, जनप्रतिनिधि विधानसभा में योजना बनाते है तो अधिकारी उसको क्रियान्वित करते है.. योजनाओं का लाभ लोगों को मिल रहा है या नहीं, इसका पता लगाने साथ लेकर आया हूं...

खेत से प्रसंस्करण इकाई तक सीता, शांति और जूही का मजदूर से उद्यमी बनने का सफर

कभी दूसरों के यहां मजदूरी करने वाली ग्राम कटकोना की सीता, शांति और जूही अब उद्यमी हैं, उन्हे विश्वास ही नही हो रहा है कि वे आज एक सफल उद्यमी के रूप में अपने क्षेत्र में पहचानी जा रही हैं, और अपनी अलग पहचान बना रही हैं। मनरेगा में मजदूरी और खेती बाड़ी में लगे हाथ आज आलू चिप्स के प्रोसेसिंग यूनिट के कुशल कारीगर हैं।

दरअसल में ग्राम कटकोना में मुख्यमंत्री ने जब कोरिया आलू चिप्स यूनिट का शुभारंभ किया, तो इन महिला सदस्यों ने अपनी कहानी सुनाई। उन्होंने कहा कि सर आपने हमे कारोबारी बना दिया, अब हम गर्व से यह काम कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि मजदूरी करते- करते लगने लगा था कि अब हमारी जिंदगी यही तक सिमट जाएगा। लेकिन आपकी गौठान योजना ने हमारी तकदीर बदल दी। गौठान में स्थापित इस यूनिट में प्रति दिन लगभग 8 हजार आलू चिप्स के पैकेट बनाए जा सकते हैं, इन्हें सी- मार्ट में बाजार उपलब्ध कराया गया है।

मुख्यमंत्री ने कोरिया जिले को दी पांच एम्बुलेंस की सौगात

रायपुर। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने आज कोरिया जिले के मुख्यालय बैकुंठपुर के विश्राम गृह से जिले के पांचों विकासखण्ड के लिए सांसद निधि द्वारा प्रदत्त 5 एम्बुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कोरिया जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार व दूरस्थ क्षेत्रों में त्वरित आपात चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराने की दिशा में ये एम्बुलेंस उपयोगी साबित होंगी। गृहमंत्री श्री ताम्रध्वज साहू, सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत, संसदीय सचिव श्रीमती अम्बिका सिंहदेव एवं विधायक श्री गुलाब कमरो इस अवसर पर उपस्थित थे।

प्राचीन शिव मंदिर में सीएम ने की पूजा-अर्चना



मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने आज बैकुंठपुर के प्रेमा बाग स्थित भगवान शिव के प्राचीन मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की खुशहाली की प्रार्थना की। मंदिर के पुजारी प्रहलाद मिश्रा ने बताया कि यह अति प्राचीन मंदिर है, जिसे सन 1921 में तत्कालीन महाराजा के दीवान ने अपनी पत्नी प्रेमा देवी की स्मृति में बनवाया था। प्रत्येक सोमवार को भक्तों के द्वारा यहां विशेष पूजा आराधना की जाती है। प्रेमा देवी की स्मृति में यहां प्रेमा बाग भी अवस्थित है। इसी परिसर में हनुमान मंदिर भी नगरवासियों की आस्था या केंद्र है। मंदिर के 88 वर्ष के वयोवृद्ध महंत तुलसी पुरी से मुख्यमंत्री ने आशीर्वाद लिया और उन्हें मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल देने के निर्देश कलेक्टर को दिए। गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, सांसद ज्योत्सना चरणदास महंत, संसदीय सचिव अम्बिका सिंहदेव एवं विधायक गुलाब कमरो इस अवसर पर उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ने कटकोना में एनीकट निर्माण का किया भूमिपूजन

मुख्यमंत्री ने मनेन्द्रगढ़ विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत विकासखंड मनेन्द्रगढ़ के कटकोना में एनीकट निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। इसकी लागत 6.75 करोड़ लागत है। यह मल्टी विलेज वाटर सप्लाई योजना के अंतर्गत बरदर जल प्रदाय समूह का हिस्सा है। इस एनीकट का निर्माण बुधरा नदी पर किया जा रहा है। इसमें 33 गांव शामिल होंगे। इन 33 गांवों के 30 हज़ार से ज्यादा लोगों को इस एनीकट का लाभ मिलेगा। यह एनीकट पेयजल और निस्तारी के लिए उपयोग होगा।

चूल्हा चौका करने वाले हाथ अब घरों को रोशन करने में जुटे हैं

कभी घर की चारदीवारी में चूल्हा चौका करने वाले हाथ इन दिनों एलईडी बल्ब बना रहे हैं, जिनसे लोगों के घर रोशनी हो रही है। अपनी कार्यकुशलता से ये महिलाएं एलईडी बल्ब सहजता से असेम्बल कर रही हैं। महज 10 दिनों के प्रशिक्षण में इन्होंने एलईडी बल्ब असेंबल करना सीख लिया है। शिवकुमारी और मीना कुमारी इसे बखूबी बना रही हैं। इन्होंने मुख्यमंत्री को अपने हाथों से असेम्बल किया बल्ब जलाकर दिखाई। मुख्यमंत्री ने कहा इसी तरह जीवन में उजाला भरते रहो।

कोरिया विश्राम गृह में मुख्यमंत्री को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया

मुख्यमंत्री ने गौरक्षा वाहिनी बैकुंठपुर द्वारा संचालित रोटी बैंक वाहन के कार्यों की सराहना की...

पारम्परिक व्यंजन बथुआ, सुक्सी भाजी, मुनगा सब्जी, तोरई सब्जी और लकड़ा चटनी का लिया स्वाद। सीएम ने ग्राम पाराडोल के किसान मनकेश्वर सिंह के घर किया दोपहर का भोजन।

मुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने कटकोना मल्टीयूटीलिटी सेंटर के उद्घाटन के अवसर पर महिला स्वसहायता समूह द्वारा बनाये गए आलू चिप्स का स्वाद लिया और गुणवत्ता की सराहना की।

मुख्यमंत्री के हाथों वनाधिकार पत्र पाकर खिले चेहरे...

- 2 दिन में 15 सौ से ज्यादा वनाधिकार पट्टे बंटे, सीएम के हाथों वनाधिकार पत्र पाकर खिले चेहरे
- 2 दिन में 15 सौ से ज्यादा वनाधिकार पट्टे बंटे
- काबिज वन भूमि पर मिला मालिकाना हक

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के हाथों वनाधिकार पट्टा पाकर जनजातीय और वनवासी परिवारों के चेहरे ऐसे खिले जैसे उन्हें खजाना मिल गया हो। मुख्यमंत्री के कोरिया जिला प्रवास के दो दिन में ही जिले में 1500 से ज्यादा हितग्राहियों को वनाधिकार पत्र बांटे गए हैं। समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने प्रशासन द्वारा वनाधिकार पत्र वितरण में बेहतर कार्य करने को लेकर प्रशंसा भी की है।

फलस्वरूप वन भूमि में वर्षो से रह रहे लोगों को वनाधिकार पत्र मिलने से गरीब परिवारों की जिंदगी संवर गई है। छत्तीसगढ़

मुख्यमंत्री श्री बघेल के हाथों बहरासी में 500, रामगढ़ और रजौली में 305, कटकोना और पाराडोल में 423 हितग्राहियों को पट्टे वितरित किये गए। पट्टा मिलने पर हितग्राहियों की खुशी देखते ही बनती थी।छत्तीसगढ़ सरकार के जनहितैषी निर्णय के फलस्वरूप वन भूमि में वर्षो से रह रहे लोगों को वनाधिकार पत्र मिलने से गरीब परिवारों की जिंदगी संवर गई है। छत्तीसगढ़ शासन के महत्वाकांक्षी योजना वनाधिकार पट्टा से वन क्षेत्रों में वन भूमि में काबिज लोगों को उनके सुविधा के लिए राज्य सरकार के संवेदनशील निर्णयों के कारण लंबे समय तक इस भूमि में काबिज होकर महतारी की सेवा कर अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहे भूमि पुत्रों को आखिरकार जंगल-जमीन का मालिकाना हक मिल ही गया है, जिससे वन भूमि के स्वामित्व को लेकर उनकी चिंताएं दूर हो गई है।